हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 20 जुलाई 2026




ALLEN
ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
RESULT: NEET (UG) 2026
शानदार तैयारी का दमदार रिजल्ट
AIR 14 Sarthak Mahesh Patil Distance Learning Program
AIR 15 Krish Gupta Distance Learning Program
AIR 16 Kartik Chaudhary Classroom Course
AIR 17 Mansha Garg Classroom Course
AIR 18 Kritik Jain Classroom Course
AIR 22 Harshil Gupta Distance Learning program
AIR 26 Shaurya Patel Classroom Course
AIR 29 Ashi Goyal Classroom Course
AIR 30 Akshit Kumar Gaur Classroom Course
AIR 31 Prakhar Bansal Classroom Course
AIR 32 Arnav Lahoti Classroom Course
AIR 34 Raushmit Gupta Classroom Course
AIR 35 Sabyasachi Laskar Online Classroom Course
AIR 39 Ranveer Kumar Classroom Course
AIR 43 Hiya Jasmin Vasavada Classroom Course
AIR 44 Madhvan Mahajan Classroom Course
AIR 49 Thejas Varun Reddy Classroom Course
AIR 50 Arnav Jindal Classroom Course
AIR 51 Vanisha Satish Classroom Course
AIR 52 Gunjan Classroom Course
AIR 54 Yash Classroom Course
AIR 55 Ravi Kant Diwakar Distance Learning Program
AIR 56 Bhavika Gupta Classroom Course
AIR 57 Saumya Patel Classroom Course
AIR 58 Anushka Choudhary Classroom Course
AIR 64 Diganth B S Classroom Course
AIR 65 Kushagra Mittal Classroom Course
AIR 66 Harshul Garg Classroom Course
AIR 67 Sagar Rajesh Karikar Classroom Course
AIR 69 Johann Job Distance Learning Program
AIR 70 Samarth Saini Classroom Course
AIR 77 Saumya Badole Classroom Course
AIR 79 Divit Jain Distance Learning Program
AIR 81 Mohammad Fawwaz Classroom Course
AIR 83 Kompella S. G. Tejoarunima Online Test Series
AIR 84 Ananya Sinha Online Test Series
AIR 85 Anushri Ajay Thorat Distance Learning Program
AIR 88 Navithana B. Classroom Course
AIR 93 Premal Patel Classroom Course
AIR 94 Shreyankh J Classroom Course
AIR 96 Aditya Benarjee Classroom Course
AIR 97 Vinayak Garg Classroom Course
ALLEN Madhya Pradesh Champions
जब बात NEET की हो... यहाँ चमक रहे हैं भविष्य के डॉक्टर...
मध्यप्रदेश के चमकते सितारे
AIR 571 669/720 Mohd Shaad Mansoori Classroom Course
AIR 640 666/720 Rishabh Patidar Classroom Course
AIR 722 665/720 Hrishita Motwani Classroom Course
AIR 803 662/720 Hridank Ratnani Classroom Course
655/720 AIR 1112 Hilor Ajmera Classroom Course
652/720 AIR 1315 Rajan Jat Classroom Course
650/720 AIR 1494 Vedprakash Pandey Classroom Course
646/720 AIR 1775 Shreyansh Jena Classroom Course
640/720 AIR 2251 Keerat Kaur Huda Classroom Course
639/720 AIR 2402 Riya Kumari Classroom Course
637/720 AIR 2611 Meenal Jain Classroom Course
633/720 AIR 3032 Prashansa Soni Classroom Course
632/720 AIR 3221 Anshul Sulakhe Classroom Course
629/720 AIR 3635 Naman Jain Classroom Course
627/720 AIR 3830 Siddhant Thapak Classroom Course
627/720 AIR 3872 Arth Sharma Classroom Course
626/720 AIR 3974 Navya Singh Classroom Course
626/720 AIR 4004 Priya Garg Classroom Course
624/720 AIR 4425 Shripriya Thakur Classroom Course
620/720 AIR 5039 Kuhu Chhari Classroom Course
617/720 AIR 5673 Mukul Kirar Classroom Course
617/720 AIR 5685 Yash Ganesh Somani Classroom Course
617/720 AIR 5714 Gauri Gupta Classroom Course
616/720 AIR 5953 Hasan Saifee Classroom Course
615/720 AIR 6000 Avigyan De Classroom Course
615/720 AIR 6178 Shreshtha Kriplani Classroom Course
612/720 AIR 6721 Anika Patidar Classroom Course
612/720 AIR 6764 Dishant Sahu Classroom Course
611/720 AIR 6956 Yash Bhaskar Mhaske Classroom Course
611/720 AIR 7030 Harshita Sahu Classroom Course
610/720 AIR 7163 Yog Rahangdale Classroom Course
607/720 AIR 7946 Anuj Mahore Classroom Course
606/720 AIR 8250 Anjali Kumari Classroom Course
605/720 AIR 8400 Shubh Bhayre Classroom Course
603/720 AIR 8994 Anupam Hajari Classroom Course
603/720 AIR 9101 Smriti Gupta Classroom Course
603/720 AIR 9143 Suryansh Sahu Classroom Course
602/720 AIR 9375 Aryan Choudhary Classroom Course
599/720 AIR 10194 Drishti Prajapati Classroom Course
598/720 AIR 10580 Jahnvi Rathor Classroom Course
597/720 AIR 10834 Avijit Chittawar Classroom Course
597/720 AIR 10948 Nitin Rathore Classroom Course
596/720 AIR 11471 Pragya Singh Classroom Course
593/720 AIR 12518 Shashwat Agrawal Classroom Course
590/720 AIR 13812 Vritika Barde Classroom Course
588/720 AIR 14355 Palash Goswami Classroom Course
587/720 AIR 14808 Naman Verma Classroom Course
586/720 AIR 15447 Mishthi Joshi Classroom Course
584/720 AIR 16074 Aryan Lodhi Classroom Course
584/720 AIR 16110 Piyush Lasure Classroom Course
583/720 AIR 16488 Sarvareesh Singh Classroom Course
583/720 AIR 16491 Daksh Prajapati Classroom Course
583/720 AIR 16573 Kranti N. Bhamare Classroom Course
583/720 AIR 16692 Kabeer Kalam Classroom Course
582/720 AIR 16829 Akshat Jain Classroom Course
582/720 AIR 16943 Ujjwal Jaiswal Classroom Course
581/720 AIR 17258 Prince Raghuwanshi Classroom Course
579/720 AIR 18436 Araina Vaidhya Jain Classroom Course
579/720 AIR 18499 Sumit Classroom Course
579/720 AIR 18557 Deepak Patel Classroom Course
579/720 AIR 18562 Sanand Kharche Classroom Course
579/720 AIR 18571 Kartik Sisodia Classroom Course
579/720 AIR 18732 Naman Agrawal Classroom Course
579/720 AIR 18738 Kritesh Chouhan Classroom Course
578/720 AIR 18794 Komal Rathor Classroom Course
576/720 AIR 20191 Narendrakumar Patil Classroom Course
576/720 AIR 20196 Atharav Gupta Classroom Course
575/720 AIR 20686 Mahi Tiwari Classroom Course
38 स्टूडेंट्स ने स्कोर किए 600+
68+ स्टूडेंट्स ने स्कोर किए 575+
260+ स्टूडेंट्स ने स्कोर किए 500+
400+ संभावित MBBS सीट क्वालिफिकेशन्स#
As per result compiled till 19 July 2026 (06:00 PM)
#Estimated as per the 2025 MBBS (Government + Private Colleges) cut-off criteria.
इन्होंने कर दिखाया। अब आपकी बारी।
करो NEET (UG) 2027 की तैयारी और भी पक्की, ALLEN के कंप्यूटर-बेस्ड टेस्ट (CBT) के अनुभव के साथ।
प्रवेश प्रारंभ
NEET | JEE | OLYMPIADS | कक्षा 6 से 12 एवं 12वीं पास
टेस्ट और कोर्स की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट या ALLEN के नजदीकी सेंटर पर संपर्क करें।
NEET (UG) 2026 स्कोर के आधार पर रिपीटर स्टूडेंट्स को
90% तक की स्कॉलरशिप
TALLENTEX
ALLEN's Talent Encouragement Exam 2027
रजिस्टर करें ₹300 ₹150
ऑफर 22 जुलाई तक मान्य
90% तक की स्कॉलरशिप*
₹2.5 करोड़ तक के कैश रिवॉर्ड्स*
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN BHOPAL
89513 95480 allen.ac.in/bhopal
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




मैदान की बड़ी प्रेरणा कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

रंगारंग समारोह के साथ हुआ फीफा वर्ल्ड कप का समापन

स्पेन को गेन... अर्जेंटीना को पेन

# 16 साल बाद स्पेन फिर वर्ल्ड चैंपियन

अर्जेंटीना का चौथी बार चैंपियन बनने का सपना टूटा

एजेंसी ▸▸ ईस्ट रदरफोर्ड

एक तरफ लियोनेल मेस्सी और अर्जेंटीना तो दूसरी तरफ लामिन यमाल और स्पेन। फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 का सबसे बड़ा मुकाबला मेटलाइफ स्टेडियम में खेला गया। फाइनल में 90 मिनट का खेल खत्म होने तक स्पेन और अर्जेंटीना कोई गोल नहीं कर सके। 48 टीमों के इस सबसे बड़े विश्व कप का यह 104वां मैच था। अर्जेंटीना और स्पेन के बीच फीफा विश्व कप का खिताबी मुकाबले देखने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप न्यू जर्सी स्टेडियम पहुंचे।

रात 3.30 बजे तक दोनों टीमें करती रहीं जद्दोजहद

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विश्वकप फाइनल देखने पहुंचे

- मेसी का सूर्यास्त, पूरे समय स्पेन की टीम अर्जेंटीना पर हावी रही
- बेहतर पासिंग, तेज प्रहार
- इस पूरे वर्ल्ड कप में एक मैच में स्पेन ने सिर्फ एक गोल खाया

## मेलोन, शकीरा समेत कई सितारों ने बांधा समां



हाफ टाइम शो में सबसे पहले कनाडाई सिंगर जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया। उनके बाद कोलंबियाई पॉप स्टार शकीरा ने स्टेज संभाला। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज क्लोजिंग सेरेमनी के समय प्रस्तुति दी।

### अतिरिक्त समय तक खिंच गया मुकाबला

स्पेन और अर्जेंटीना के बीच फीफा विश्व कप फाइनल मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंच गया है क्योंकि निर्धारित 90 मिनट तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण और हमलों के मामले में बाजी मारी और ▸▸ शेष पेज 4 पर

## जापान ओपन में पीवी सिंधु ने रचा इतिहास

# यामागुची को हराकर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय

2024 के बाद सिंधु का यह पहला इंटरनेशनल टाइटल



एजेंसी ▸▸ टोक्यो

भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने रविवार को इतिहास रच दिया है। वे जापान ओपन (सुपर 750 टूर्नामेंट) का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। खिताबी मुकाबले में 31 वर्षीय सिंधु ने रणनीतिक अनुशासन और आक्रामक बैडमिंटन का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी और तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से शिकस्त ▸▸ शेष पेज 4 पर


पाठक सूचना

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026 का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366


जगदीशपुर कैबिनेट

मप्र में लागू होगा सभी धर्मों के लिए एक समान पर्सनल कानून

# कैबिनेट से यूसीसी का अनुमोदन, इसे लागू करने वाला मप्र चौथा राज्य होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सीएम ने कहा कि पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार देने के साथ-साथ यह कोड उन धार्मिक रीति-रिवाजों और पारंपरिक प्रथाओं की साफ तौर पर सुरक्षा करता है जो सार्वजनिक नैतिकता और नीति के अनुरूप हैं

मप्र में सभी धर्मों के लिए एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को रविवार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसे सोमवार को विधानसभा में पारित करने के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता का एक ऐतिहासिक ड्राफ्ट तैयार किया है। अभी तक तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात व असम में यूसीसी कानून लागू है। इस तरह से मप्र चौथा राज्य बनने जा रहा है, जहां सभी धर्मों, वर्गों के लिए एक समान पर्सनल कानून होगा। उन्होंने कहा कि इस संहिता का मुख्य मकसद पर्सनल कानूनों के तहत महिलाओं के साथ होने वाले पुराने भेदभाव को खत्म करना, उनकी सुरक्षा और उन्हें सशक्त बनाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल से करीब 25 किमी दूर ऐतिहासिक किले जगदीशपुर में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार देने के साथ-साथ यह कोड उन धार्मिक रीति-रिवाजों ▸▸ शेष पेज 4 पर

अभी तक तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात व असम में यूसीसी लागू



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट बैठक में चर्चा करते हुए

- विधानसभा में यूसीसी विधेयक आज होगा पेश, चर्चा के बाद हो सकेगा पारित
- कैबिनेट की बैठक में कुल 14 विधेयकों को मिली मंजूरी

### लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। इसमें पार्टनर्स की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वे प्रतिबंधित श्रेणी में न हों, पहले से विवाहित न हों और उनकी सहमति स्वतंत्र होनी चाहिए। यदि कोई पार्टनर 21 साल से कम उम्र का है, तो लिव-इन के शुरू होने और खत्म होने की जानकारी उनके माता-पिता, अभिभावकों को भेजी जाएगी। रजिस्ट्रार यह रिकॉर्ड स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी भेजेगा। लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा और उन्हें पूर्ण उत्तराधिकार मिलेगा। यदि पुरुष पार्टनर महिला को छोड़ देता है, तो वह सक्षम अदालत के माध्यम से कानूनी पत्नी की तरह ही भरण-पोषण (गुजारा भत्ता) का दावा कर सकती है।

## जनजातीय समाज पर लागू नहीं होगा यूसीसी कानून


इस कानून का एक बड़ी विशेषता यह है कि यह कानून जनजातीय समाज पर लागू नहीं होगा। हालांकि, जनजातीय समाज में इसे लेकर विरोधाभास है। कुछ लोग यूसीसी के दायरे में रखने की बात करते हैं, जबकि कुछ ऐसा नहीं मानते। एक पक्ष का कहना है कि विवाह का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ▸▸ शेष पेज 4 पर

### विवाह और तलाक से जुड़े बड़े सुधार किए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने के बाद एक व्यक्ति एक ही विवाह कर सकेगा। विवाहेत्तर संबंध पूरी तरह से निषेध होगा। उन्होंने बताया कि यह कोड सभी समुदायों में केवल एक ही शादी (मोनोगैमी) को अनिवार्य बनाता है। विवाह के लिए पुरुषों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और महिलाओं की 18 वर्ष तय की गई ▸▸ शेष पेज 4 पर

संसद का मानसून सत्र आज से

# नीट और राम मंदिर चढ़ावा चोरी जैसे मुद्दों पर हंगामे के 'आसार'



परिसीमन व महिला आरक्षण का बिल फिर ला सकती है सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसके बेहद हंगामेदार रहने के आसार हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले सत्ताधारी राजग और विपक्षी दलों ने इस सत्र के लिए अपनी रणनीतियां तैयार कर ली हैं। सत्ता पक्ष जहां 7 अहम विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है, इनमें मुख्य रूप से आयकर संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक और सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक ▸▸ शेष पेज 4 पर

सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक होगी

# विधानसभा का 5 दिनी मानसून सत्र आज से, टकराव के संकेत

विधायकों के कुल 1756 प्रश्न विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मप्र विधानसभा का सोमवार से शुरू होने वाला 5 दिनी मानसून सत्र के हंगामेदार होगा। इस सत्र में सरकार यूसीसी विधेयक पारित कराने जा रही है। इस वजह से विपक्ष व सत्ता पक्ष के बीच टकराव के आसार बन गए हैं। इस सत्र में कुल 5 बैठकें होंगी। विधायकों के कुल 1756 प्रश्न विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हुए हैं। इसमें कुल 900 तारांकित प्रश्न, 856 अतारांकित प्रश्न प्राप्त हुए हैं। इसमें से 1091 प्रश्न ऑनलाइन तथा 665 ऑफ लाइन प्रश्न प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा कुल 14 विधेयक भी पारित कराए जाएंगे। मप्र की सोलहवीं विधानसभा का यह एकादश सत्र होगा। इसमें ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आधार एप ने पार किया 4 करोड़ डाउनलोड्स का आंकड़ा



नई दिल्ली। डिजिटल इंडिया के दौर में सरकार के आधिकारिक आधार एप ने 4 करोड़ डाउनलोड्स का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के मुताबिक, यह ऐप अब आधार से जुड़ी सेवाओं का वन-स्टॉप अड्डा बन चुका है, जिससे लोगों को आधार सेंटर की लंबी लाइनों से मुक्ति मिल गई है। इस एप के जरिए अब तक 11.65 लाख से ज्यादा लोग पता और करीब 49 लाख ने अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर चुके हैं।

### एपल ने फिर हासिल किया नंबर-1 का ताज



नई दिल्ली। दिग्गज टेक कंपनी एपल ने एक बार फिर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में एपल ने एनवीडिया को पीछे छोड़ दिया है। अप्रैल 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एपल ने दोबारा इस शीर्ष मुकाम पर कब्जा किया है। वैश्विक बाजार में आए इस बड़े बदलाव को टेक इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। एआई बूम के बीच अब निवेशकों का रुख बदल रहा है।

### रिंकू बोले- काम पूरा नहीं तो आधी तनख्वाह दीजिए



लखनऊ। उप्र कैडर के 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने सरकार को एक पत्र लिखा है। एसडीएम के पद पर तैनात राही ने पत्र में अपनी पोस्टिंग और कामकाज के तरीकों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को लिखा कि मौजूदा पद पर उन्हें दिनभर में केवल चार घंटे ही काम मिलता है। उन्होंने मांग की है कि जब वे अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं, तो सरकार उन्हें आधी सैलरी दे।

17 दिनों से जारी चिता आंदोलन समाप्त

## भारी पुलिस बल ने हटाया धरना अमित भटनागर अस्पताल में भर्ती



केन-बेतवा लिंक परियोजना के खिलाफ नदी में उतरे थे प्रदर्शनकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छतरपुर

जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना के कारण हो रहे कथित विस्थापन और अन्य मांगों को लेकर पिछले 17 दिनों से चल रहा 'चिता आंदोलन' जिला प्रशासन ने समाप्त करा दिया है। रविवार सुबह करीब 6 बजे भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम धरना स्थल पर पहुंची। इस दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच लगभग एक घंटे तक भारी तनाव की ▸▸ शेष पेज 4 पर

रायपुर का जालसाज दिल्ली से गिरफ्तार

## गोयनका पर 1000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप



विधायक संजय पाठक परिवार की कई कंपनियों पर अवैध रूप से नियंत्रण हासिल किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/कोलकाता

धोखाधड़ी और जालसाजी के मास्टरमाइंड रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका को कोलकाता पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। गोयनका पर कटनी निवासी और विधायक संजय पाठक के पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनियों से लगभग 1,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप है। गोयनका ने फर्जी हस्ताक्षरों के सहारे पाठक परिवार की कई कंपनियों पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## वांगचुक को दूसरे अस्पताल शिफ्ट करने की मांग खारिज



कोर्ट ने माना अस्पताल में भर्ती कराने का सरकार का फैसला सही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को किसी प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट करने की उनकी पत्नी की मांग को फिलहाल खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि वांगचुक के स्वास्थ्य को देखते हुए सरकार द्वारा उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराने का फैसला बिल्कुल भी मनमाना नहीं था। जस्टिस मिनी पुष्करणा ने सुनवाई के दौरान कहा कि सफदरजंग ▸▸ शेष पेज 4 पर

नाना के साथ चॉकलेट लेने गई थी

## तीन साल की मासूम बच्ची को स्कॉर्पियो वाले ने कुचल डाला

पिछले टायर में दबने से मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



लाल घेरे में मासूम

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव ललरिया में रविवार दोपहर स्कॉर्पियो गाड़ी से कुचलकर 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास का है। बच्ची गांव की एक दुकान पर नाना के साथ चॉकलेट बिस्किट खरीदने गई थी। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने स्कॉर्पियो जब्त कर ली है। ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार ▸▸ शेष पेज 4 पर

जबलपुर-नरसिंहपुर सीमा पर भीषण हादसा

## हाइवा ने सड़क किनारे खड़े युवकों को रौंदा, 5 की मौत

मृतकों में सपा नेता राजेंद्र पटेल भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर



जबलपुर-नरसिंहपुर सीमा पर भोपाल मार्ग स्थित बेलखेड़ा थाना एवं नरसिंहपुर जिले के सुआतला थाना क्षेत्र के बीच रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। सड़क किनारे खड़े लोगों को तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने कुचल दिया। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसका इलाज नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों में समाजवादी पार्टी के नेता राजेंद्र पटेल भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी मृतक जबलपुर ▸▸ शेष पेज 4 पर

दतिया में दिखी सियासत की खूबसूरत तस्वीर.. कांग्रेस की सभा में आ गए भाजपा उम्मीदवार

दोनों नेताओं के बीच हुई तीखी मगर मजेदार नोकझोंक

# जीतू ने तिवारी को आवाज दी- 'पास आकर मिलो यार' तिवारी ने माइक से भाजपा के लिए मांग लिया 'आशीर्वाद'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव का प्रचार इन दिनों अपने चरम पर है, लेकिन इसी गहमागहमी के बीच रविवार को चिरूला गांव में राजनीति की एक बेहद अनूठी और दिलचस्प तस्वीर देखने को मिली। यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पार्टी प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उसी दौरान भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी अपने समर्थकों के साथ वहां से जनसंपर्क करते हुए गुजरे। आशुतोष ने दूर से ही हाथ जोड़कर जीतू पटवारी ▸▸ शेष पेज 4 पर



जीतू पटवारी और आशुतोष तिवारी

### विचारधारा अलग पर हमारे पुराने पारिवारिक रिश्ते

भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने जीतू पटवारी के हाथ से माइक ले लिया और कांग्रेस की ही जनसभा को संबोधित करने लगे। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा भले ही अलग है, लेकिन हमारे पुराने पारिवारिक रिश्ते हैं। मैं आप सबसे प्रार्थना करता हूं कि आपका समर्थन भारतीय जनता पार्टी को मिले। उनको कांग्रेस ▸▸ शेष पेज 4 पर

### जीतू ने पूछा- क्या यहां कभी आशुतोष को देखा है?

आशुतोष के इस दांव के बाद जीतू पटवारी ने दोबारा माइक संभाला और जनता से चुटकी लेते हुए पूछा क्या इससे पहले आपने कभी आशुतोष जी को यहां देखा है? जब भीड़ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया, तो जीतू ने तंज कसा कि इन्हें यहां कोई नहीं जानता। इस पर आशुतोष ने तुरंत पलटवार करते ▸▸ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री ने 10 लाख 54 हजार किसानों के खातों में जारी की 1460 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि

**मुख्यमंत्री ने जगदीशपुर में कैबिनेट की बैठक के बाद जारी की राशि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 10 लाख 54 हजार किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से 1460 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि अंतरित की। यह प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा की दावा राशि है। मुख्यमंत्री ने जगदीशपुर में कैबिनेट की बैठक के तुरंत बाद किसानों को यह राशि जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए विशेष रूप से संवेदनशील हैं। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल हानि होने पर कृषकों को सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत खरीफ-2025 की दावा राशि सिंगल क्लिक से अंतरित**


सीएम ने हितग्राहियों के खाते में राशि वितरित की।

### सीएम बोले, राज्य सरकार हर परिस्थिति में कृषकों के साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में कृषकों के साथ है। उन्होंने कहा कि इस बार अल-नीनो प्रभाव के कारण अच्छे मानसून का अनुमान नहीं है। ऐसी स्थिति में किसान अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा, निर्धारित तिथि से पहले करवा लें। इससे उपज में हानि होने की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्राप्त हो सकेगी। राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है।

### किसानों को 2016 से 2025 तक 30 हजार 942 करोड़ रुपए का भुगतान

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 तक 30 हजार 942 करोड़ 34 लाख रुपए का भुगतान प्रभावित किसानों को किया गया है।

---

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल रहे मौजूद**

# महाराज गोविंद राहुल देव सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की


खंडेलवाल की मौजूदगी में नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष रविवार को दतिया के होटल प्राक्षी स्थित मीडिया सेंटर में महाराज गोविंद राहुल देव सिंह, शिवसेना जिला अध्यक्ष रवि दीक्षित एवं वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु दीक्षित ने अपने चार दर्जन से अधिक समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी नए सदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय स्वागत किया तथा मुह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं। भाजपा परिवार में शामिल हुए महाराज गोविंद राहुल देव सिंह, शिवसेना जिला अध्यक्ष रवि दीक्षित एवं वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु दीक्षित एवं उनके समर्थकों ने राष्ट्रवादी विचारधारा तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों पर विश्वास व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

### कांग्रेस में बढ़ रही गुटबाजीः हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस में लगातार बढ़ रही गुटबाजी, नेतृत्व की कार्यशैली और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विश्वास कांग्रेस नेतृत्व से समाप्त होता जा रहा है। कांग्रेस के अधिकांश कार्यकर्ताओं का अपने प्रदेश अध्यक्ष तथा पार्टी नेतृत्व से मोहभंग हो चुका है। यही कारण है कि लगातार विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन है।

---

**सीएम ने 10 करोड़ की लागत से किले का किया लोकार्पण, 73 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत**

# कैबिनेट की बैठक ऐतिहासिक स्थल जगदीशपुर में संपन्न, यूसीसी समेत 9 विधेयकों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गौंड वंश के वैभवशाली दुर्ग जगदीशपुर के चमन महल में समानता और न्याय की भावना को समर्पित कैबिनेट की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मप्र समान नागरिक संहिता 2026 को विधान सभा में प्रस्तुत करने के लिए अनुमोदन किया। कैबिनेट ने 8 अन्य विधेयकों को आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किए जाने के लिए भी अनुमोदन किया है।

कैबिनेट की बैठक में एक अन्य निर्णय में प्रदेश के 73 अस्पतालों के उन्नयन को भी मंजूरी दी गई है। इस कार्य के लिए 898 करोड़ 96 लाख रुपए भी स्वीकृत किए हैं। कैबिनेट ने समानता और न्याय की भावना को समर्पित मप्र समान नागरिक संहित के साथ ही आवश्यक संवैधानिक एवं प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूर्ण कर मप्र विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए विधि और विधायी कार्य विभाग को अधिकृत किया गया।

> कैबिनेट ने 8 अन्य विधेयकों को आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किए जाने के लिए भी अनुमोदन किया

**खास बातें**

- एक अन्य निर्णय में प्रदेश के 73 अस्पतालों के उन्नयन को भी मंजूरी
- इस कार्य के लिए 898 करोड़ 96 लाख रुपए भी स्वीकृत किए


कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई।

### 73 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के लिए 776 करोड़ 13 लाख रुपए की स्वीकृति

कैबिनेट ने प्रदेश के नागरिकों को गुणवतापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सहज एवं सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के 73 उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल में उन्नयन के लिए 776 करोड़ 13 लाख रूपये की स्वीकृति दे दी है। पिछली कैबिनेट की बैठक में इसे लेकर काफी उहापोह की स्थिति बन गई थी।

खुद मुख्यमंत्री ने कहा था कि पहले डॉक्टरों की व्यवस्था करें, इसके बाद अस्पताल का उन्नयन करें। उन्होंने डॉक्टरों की कमी के बारे में भी स्वास्थ्य मंत्री से पूछा था। कैबिनेट ने 29 उप स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन 6-बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में, 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में और 7 संस्थाओं को 100 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन को मंजूरी दी। इन संस्थाओं में 1600 नियमित एवं 71 संविदा के नवीन पदों के सृजन तथा कुल 560 व्यक्तियों को आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से कार्य पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पर प्रति वर्ष 122.83 करोड़ रुपए के व्यय की भी मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य संस्थाओं की स्थापना और उन्नयन से क्षेत्र की जनता तथा आस-पास के क्षेत्रों की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी

**सीएम ने मंत्रिमंडल से कहा-**

### कैबिनेट बैठक समानता और न्याय की भावना को समर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जगदीशपुर का गौरवशाली इतिहास रहा है। जगदीशपुर लंबे संघर्ष, समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का साक्षी रहा है। जगदीशपुर, गोंड राजवंश के साथ ही सिंधिया और राजपूत शासन काल की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। यहां के गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान के प्रकटीकरण के लिए कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक समानता और न्याय की भावना को समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के पास स्थित जगदीशपुर में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।



### जगदीशपुर दुर्ग पर केंद्रित फिल्म का हुआ प्रदर्शन

सीएम की अध्यक्षता में समानता और न्याय की भावना को समर्पित कैबिनेट की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने पौधा और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया।

### सेवा क्षेत्र से जुड़े महान व्यक्तित्वों को समर्पित बैठकें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कैबिनेट की विशेष बैठकें शौर्य-सुशासन-लोककल्याण और सेवा क्षेत्र में विशेष स्थान रखने वाले प्रदेश के महान व्यक्तित्वों से जुड़े स्थानों पर आयोजित की गई हैं। इस कड़ी में पहली डेस्टिनेशन बैठक जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य को समर्पित रही। इसके बाद दमोह जिले के सिंग्रामपुर, लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में कैबिनेट की बैठक की गई।

---

**सत्र के संचालन को लेकर दिए निर्देश**

# मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर अध्यक्ष ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधानसभा का एकादश सत्र सोमवार 20 से शुरू होकर 24 जुलाई तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा में आज रविवार दिनांक 19 जुलाई 2026 को विधानसभा सत्र की तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सत्र के सुचारू रूप से संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा के सेंट्रल हॉल में लगाए गए महापुरुषों पं. जवाहर लाल नेहरू, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तैलचित्रों का अवलोकन किया गया। अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा भी उपस्थित रहे।

---

## सियासतनामा




### 'उन' कांग्रेसियों से ज्यादा निष्ठावान निकले अवधेश

दतिया में दूसरी बार टिकट से वंचित अवधेश नायक कट्टर कांग्रेसियों से भी ज्यादा निष्ठावान साबित हुए। भाजपा में घर वापसी की अटकलों पर विराम लगाते हुए उन्होंने कांग्रेस के घनश्याम सिंह के लिए ही काम करने का फैसला ले लिया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ एक चुनावी सभा में मंच साझा किया। अवधेश ने सबसे ज्यादा किसी को गलत साबित किया तो वे हैं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह। उन्होंने 2023 में यह कह कर उनका घोषित टिकट कटवाया था कि वे अभी भाजपा से आए हैं, इसलिए उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अब दिग्विजय बताएं कि अवधेश ज्यादा निष्ठावान हैं या वे कांग्रेसी जो वर्षों पार्टी में रह कर लाभ लेते हैं और मौका पाते ही भाजपा का दामन थाम कर पार्टी की सरकार तक गिरा देते हैं?

### किसके खिलाफ नरोत्तम का मोर्चा?

प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के तेवर भविष्य में उन्हें नुकसान पहुंचाएंगे या फायदा, यह बाद में पता चलेगा लेकिन दतिया से टिकट कटने के बाद वे नए-नए मोर्चे खोलते दिख रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी की मौजूदगी में उन्होंने यह भी कहा कि आशुतोष में मेरा टिकट कटवाने की हैसियत नहीं है। मेरा टिकट कटवाने लोग दूसरे हैं। उनसे मैं बात करूंगा अर्थात निबटूंगा। नरोत्तम ने नाम भले नहीं लिया लेकिन इशारा प्रदेश भाजपा नेतृत्व और पार्टी के कुछ बड़े नेताओं की ओर है। क्या नरोत्तम फीड बैक देने वाले इन नेताओं से निबट पाएंगे?

### आंसुओं की दो तरह से व्याख्या

नोरत्तम के आंसुओं की दो तरह से व्याख्या हो रही है। अधिकांश की राय है कि इससे भाजपा को नुकसान हो सकता है। क्योंकि, नरोत्तम समर्थक उन्हें रोता देख कर और दुःखी हुए। उन्होंने तय कर लिया कि वे अपने नेता के समझाने पर भी नहीं मानेंगे और भाजपा से हिसाब बराबर करेंगे। वे यह भी मानते हैं कि यदि आशुतोष जीत गए तो ढाई साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में उनका टिकट काटना और कठिन होगा। नतीजा, नरोत्तम की राजनीति का अंत हो सकता है।

### बापू ने जीतू को कह दिया 'धृतराष्ट्र'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी प्रदेश महामंत्री निधि चतुर्वेदी निधि ने उन्हें अनुशासनात्मक नोटिस जारी करने वाले प्रदेश के संगठन प्रभारी महामंत्री संजय कामले की हैसियत पर ही सवाल उठा दिया है। अब आगर-मालवा जिले से कांग्रेस विधायक भैरो सिंह 'बापू' ने पार्टी के पूरे प्रदेश नेतृत्व को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल की मौजूदगी में मंच से उन्होंने कह दिया कि जीतू पटवारी धृतराष्ट्र की भूमिका में हैं और पार्टी के दूसरे वरिष्ठ नेता कांग्रेस को निबटाने में लगे हैं। लोग भाजपा से नाराज हैं लेकिन कांग्रेस में नेता ही जन प्रतिनिधियों को हराने के काम में लगे हैं। उन्होंने भविष्यवाणी कर दी कि इस तरह 2028 में भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं बनने वाली। बापू को गुस्सा इस बात पर था कि उनके क्षेत्र में उन्हें जानकारी दिए बिना कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब उनके क्षेत्र में कोई नेता उन्हें बिना जानकारी दिए आया तो वे उसका मुंह काला करेंगे।

### भाई नाना पर लगे आरोपों से मुश्किल में जीतू

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी इन दिनों कई चुनौतियों से घिरे हुए हैं। बड़ी चुनौती का नाम है उनके अपने भाई चंद्रभूषण अर्थात नाना पटवारी। पुलिस को उनके मोबाइल से ऑनलाइन सट्टे के दो एप, तीन संदिग्ध मोबाइल नंबर और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के डिजिटल सुराग मिले हैं। इन्हीं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है कि ऑनलाइन सट्टा, संदिग्ध लेन-देन और कथित ड्रग्स पार्टी के बीच कोई कनेक्शन था या नहीं? जीतू ने अपने भाई के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाया कि चूंकि उन्होंने मुख्यमंत्री पर जमीन खरीदी को लेकर आरोप लगाए इसलिए भाई के जरिए उन्हें बदनाम करने की कोशिश हो रही है। पर उनके भाई नाना ने यह कह कर उन्हें असहज कर दिया कि वे तीन साल पहले तक ड्रग लेते थे।

-दिनेश निगम 'त्यागी'

---

# वनरक्षकों की पदोन्नति पर उठे सवाल, सांसद गजेंद्र पटेल ने सीएम से की समीक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल ने वन विभाग में वनरक्षक से वनपाल पद पर हुई पदोन्नति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। आरोप है कि खंडवा वन वृत्त द्वारा जारी पदोन्नति आदेश में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। सांसद ने पत्र में कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के हित में नए पदोन्नति नियम लागू किए हैं और सभी विभागों में इन्हीं नियमों के अनुसार पदोन्नति की जा रही है। इसके बावजूद खंडवा वन वृत्त में वनरक्षक से वनपाल के 250 रिक्त पदों पर जारी पदोन्नति आदेश में वरिष्ठता, उपयुक्तता और आरक्षण संबंधी नियमों की अनदेखी की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की समीक्षा कराने तथा नियमों के अनुरूप संशोधित पदोन्नति आदेश जारी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया है।

---

**राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की अभा कार्य समिति बैठक संपन्न**

# एक देश, एक समान सेवा शर्तें एवं एक समान वेतनमान को लेकर पीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की दो दिवसीय कार्य समिति बैठक का उद्घाटन कल्याणी विश्वविद्यालय के एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। जिसमें 20 राज्यों के प्रतिनिधि सहित पश्चिम बंगाल के समस्त जिलों से 1500 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

उद्घाटन सत्र में भारतीय मजदूर संघ के सह संगठन गणेश मिश्रा, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं राज्य कर्म महासंघ के प्रभारी उन्नीकृष्णन, जीईएनसी के प्रभारी एमपी सिंह, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष गौरव सोनी, महामंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव, पश्चिम बंगाल के विधायक असीम सरकार, बंकिम चंद्र घोष, देवाशीष भट्टाचार्य, प्रणव दत्त, आशीष चट्टोपाध्याय उपस्थित रहे। गणेश मिश्रा द्वारा भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति एवं कार्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभी वर्तमान में ब्रिक्स बैठक हैदराबाद में संपन्न हुई, जिसमें आईएलओ के 10 देशों ने सहभागिता की। इसी प्रकार उड़ीसा में हुए अखिल भारतीय सम्मेलन में आईएलओ के 20 देश ने सहभागिता की सभी देश वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ के विचारों से सहमत हुए और साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। इसलिए वह भारतीय मजदूर संघ को नेतृत्व करने के लिए आग्रह कर रहे हैं।



अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक।

---

# भटनागर से बोले सिंघार, लड़ाई जारी रहेगी

**भोपाल।** मप्र विस में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में अनशन कर रहे अमित भटनागर से वीडियो कॉल से बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सिंघार ने उनके स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए अनशन समाप्त कर भोजन ग्रहण करने का आग्रह किया। केन-बेतवा परियोजना से जुड़े भ्रष्टाचार, कानून के उल्लंघन, आदिवासियों, किसानों और प्रभावित परिवारों के अधिकारों का मुद्दा कांग्रेस विस में पूरी मजबूती से उठाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से दमन का रास्ता छोड़कर संवाद का मार्ग अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस पूरे मामले में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

---

**2 घंटे चली विधायक दल की बैठक, उमंग बोले - सरकार थोपना चाहती है यूसीसी**

# विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस ने बनाई घेराबंदी की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले रविवार शाम नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आवास पर कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में कांग्रेस के अधिकांश विधायक शामिल हुए। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सरकार को जनहित के मुद्दों पर घेरने और हर विधायक को समन्वित तरीके से सदन में अपनी भूमिका निभाने की रणनीति बनाई गई।

बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र केवल चार दिन का है, जबकि प्रदेश में जनता से जुड़े कई गंभीर मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केन-बेतवा परियोजना, गरीब कल्याण योजनाओं की स्थिति, शिक्षा व्यवस्था, युवाओं के स्वास्थ्य, भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों, बेरोजगारी और अन्य जनहित के मामलों पर सरकार से जवाब मांगेगी। उनका कहना था कि सीमित अवधि के कारण सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा संभव नहीं होगी, फिर भी कांग्रेस प्रमुख मुद्दों को मजबूती से सदन में उठाएगी। उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जनता से जुड़े मूल मुद्दों पर चर्चा करने से बच रही है। उन्होंने कहा कि सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे विषय को बिना व्यापक जनचर्चा के आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। उनके अनुसार, इस विषय पर कई विधायकों और विभिन्न वर्गों की आपत्तियों तथा सुझावों पर पर्याप्त विचार नहीं किया गया है। बैठक के दौरान सभी कांग्रेस विधायकों से कहा गया कि वे सदन में पूरी तैयारी के साथ पहुंचें और पार्टी द्वारा तय रणनीति के अनुसार एकजुट होकर सरकार से जवाब मांगें। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जनता से जुड़े हर महत्वपूर्ण मुद्दे को समन्वित तरीके से उठाया जाएगा, ताकि सरकार को जवाब देने के लिए मजबूर किया जा सके। कांग्रेस का कहना है कि वह मानसून सत्र में प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में उठाएगी।

---

# सड़क के गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाकर कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन

**भोपाल।** अवधपुरी क्षेत्रवासी लंबे समय से जर्जर सड़क और गड्ढों की समस्या से परेशान है। इसी को लेकर रविवार को वार्ड क्रमांक-61 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क के गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाकर प्रशासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से क्षेत्र की सड़क का शीघ्र निर्माण कराने की मांग उठाई गई। आयोजक महेंद्र विश्वकर्मा (अधिवक्ता) ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से खराब सड़क से परेशान है। यदि जल्द मरम्मत नहीं हुई तो आंदोलन और व्यापक किया जाएगा। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, वार्ड कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र भारती, अभिषेक शर्मा, टीआर गहलोत, दीपक गुप्ता, सुशील प्रजापति ओंकार सिंह व रामपाल घोंसले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।


अनोखा प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# सीएम समेत मंत्री ई-बस से पहुंचे जगदीशपुर, ईंधन व शासकीय संसाधनों के मितव्ययी उपयोग का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक के लिए ई-बस से जगदीशपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ईंधन, शासकीय संसाधनों के मितव्ययी उपयोग और सुशासन की भावना को साकार करते हुए कैबिनेट के सदस्यों के साथ, सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री निवास से इलेक्ट्रिक बस से प्रस्थान किया। इसके बाद जगदीशपुर में कैबिनेट हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अनुकरणीय पहल के लिए अपने शासकीय वाहन और सुरक्षा काफिला सीएम हाउस में ही छोड़े। समस्त मंत्री और उनका स्टाफ सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री निवास पहुंचे, जहां से तीन इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से सामूहिक रूप से सभी बैठक स्थल के लिए रवाना हुए। इस दौरान मंत्रियों के व्यक्तिगत वाहन, पायलट और फॉलो वाहन जैसी सुविधाएं मुख्यमंत्री निवास में ही रोक दी गई।

## मुख्यमंत्री का मार्ग में कई स्थानों पर हुआ स्वागत, ई-बसों के प्रति राजधानी वासी विशेष रूप से उत्सुक रहे

*मुख्यमंत्री ने शासकीय वाहन, सुरक्षा काफिला सीएम हाउस में ही छोड़ा*

*मंत्रियों के वाहन, पायलट और फॉलो वाहन भी सीएम हाउस में ही रुके*

### वरिष्ठ अधिकारी भी अपने वाहनों के बजाय ई-बस से हुए रवाना



इलेक्ट्रिक बस में सवार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री जनता का अभिवादन करते हुए।

कैबिनेट की बैठक में सम्मिलित होने वाले वरिष्ठ अधिकारी भी अपने वाहनों को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में छोड़कर सुबह 10 बजे इलेक्ट्रिक बस से सामूहिक रूप से जगदीशपुर बैठक स्थल पहुंचें। यह पहल मुख्यमंत्री की उस सोच को परिलक्षित करती है, जिसके तहत शासन के हर स्तर पर सादगी, मितव्ययिता और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है।



ई-बस में सवार होकर जाते मुख्य सचिव व वरिष्ठ अधिकारी।



बस में सवार होते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने जनजातीय कलाकारों से संवाद किया

मुख्यमंत्री निवास से चली ई-बसों के प्रति राजधानी वासी विशेष रूप से उत्सुक रहे। कई स्थानों पर ई-बसों पर पुष्प वर्षा की गई। मुख्यमंत्री का मार्ग में पातरा पुल, लांबाखेड़ा और जगदीशपुर में प्रवेश पर स्वागत किया गया। जगदीशपुर में मुख्यमंत्री का प्रवेश द्वार पर तिलक कर अभिवादन भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जगदीशपुर दुर्ग में लगाई गई धरोहर प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जनजातीय कलाकारों से संवाद भी किया। इस प्रदर्शनी में प्रदेश के जनजाति नायकों सहित सुशासन और शौर्य के पर्याय शासकों और राष्ट्रभक्तों के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं।

## बाकी बचे कोचिंग सेंटरों की फायर सेफ्टी जांच और कार्रवाई आज

**भोपाल।** दिल्ली और लखनऊ में कोचिंग सेंटरों तथा बहुमंजिला भवनों में हुई आगजनी की घटनाओं के बाद भोपाल नगर निगम का फायर विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शहर में संचालित कोचिंग संस्थानों की फायर सेफ्टी व्यवस्था की व्यापक जांच सोमवार को की जाएगी। इस दौरान फायर विभाग, नगर निगम और संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें इंद्रपुरी, कोलार, संत नगर, 10 नंबर स्टॉप सहित अन्य क्षेत्रों में संचालित कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करेंगी। जांच के दौरान संस्थानों के आवश्यक दस्तावेज, फायर एनओसी, भवन की सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन उपकरणों की कार्यशील स्थिति की तकनीकी पड़ताल की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार निरीक्षण के दौरान यदि किसी कोचिंग सेंटर में फायर सेफ्टी मानकों का उल्लंघन, अग्निशमन उपकरणों की कमी, आपातकालीन निकास मार्ग में बाधा, विद्युत सुरक्षा संबंधी खामियां या आवश्यक अनुमतियों का अभाव पाया जाता है तो मौके पर ही नोटिस जारी किया जाएगा। संचालकों सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए जाएंगे। इसके बाद दोबारा निरीक्षण में भी यदि कमियां बरकरार मिलीं तो संबंधित संस्थान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। फायर विभाग ने साफ किया है कि प्रत्येक संस्थान की वास्तविक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

### भाजपा पदाधिकारी बोले- चौथ वसूली करते हो, टीआई ने कहा- सरकारी कार्य में बाधा नहीं डाले

# चैकिंग में पुलिस ने रोकी गाड़ी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व ट्रैफिक टीआई के बीच हुई बहस

> बिना हेलमेट बाइक चला रहे भाजपा कार्यकर्ता को पुलिस ने रोक लिया था

> भाजपा नेता व टीआई के बीच की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार सुबह राजधानी के व्यस्ततम इलाके पुलिस कंट्रोल रूम तिराह में पुलिस वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हंगामा हो गया। दरअसल राजधानी भोपाल में ट्रैफिक पुलिस की हेलमेट चेकिंग के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभय पंडित ट्रैफिक टीआई संजय सूर्यवंशी से भिड़ गए। इस दौरान टीआई ने उन्हें कार्रवाई में बाधा नहीं डालने और पुलिसकर्मियों से बदसलूकी नहीं करने की नसीहत दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों जिला न्यायालय के निर्देश पर पुलिस और न्यायिक मजिस्ट्रेट (चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) की संयुक्त टीम द्वारा भोपाल शहर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया था। जिसमें कई महापौर सहित कई नेताओं पर कार्रवाई कर साफ संदेश दिया था। किसी को भी छोड़ा नहीं है। इसी के तहत यातायात पुलिस अपना काम कर रही थी।

### भाजपा नेता व टीआई के बीच तीखी बहस हुई



टीआई और भाजपा पदाधिकारी के वायरल वीडियो का दृश्य।

*इस मामले के वायरल वीडियो में भाजपा नेता व टीआई के बीच करीब ढाई मिनट तक तीखी बहस होती नजर आई। इस दौरान अभय पंडित ने ट्रैफिक पुलिस पर वाहन चालकों से चौथ वसूली करने का आरोप लगाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही एक टीआई सस्पेंड हुई है। इस पर टीआई ने जवाब दिया, हमें भी करा दो। इसके बाद कुछ देर तक दोनों के बीच तीखी नोकझोंक चलती रही। वीडियो में टीआई यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि पुलिसकर्मियों से बदसलूकी न करें और सरकारी कार्य में बाधा न डालें। नहीं तो केस दर्ज कराएंगे। हालांकि इस मामले को ट्रैफिक टीआई सहित चैकिंग स्टाफ की ओर से सारी जानकारी आला-अधिकारियों को दे दी है। जहां से दिशा-निर्देश मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

**नियमानुसार कार्रवाई की गई: सूर्यवंशी**

ट्रैफिक टीआई संजय सूर्यवंशी ने बताया कि मुझे नहीं पता बहस करने वाले सज्जन कौन थे। मैं केवल अपनी ड्यूटी पूरी कर रहा था। बिना हैलमेट पकड़े गए वाहन चालक के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। उस वाहन चालक के तीन चालान पूर्व में भी पैंडिंग थे।

### फोन पर बात नहीं करने पर नाराज हो गए थे उपाध्यक्ष

ट्रैफिक पुलिस हेलमेट चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे भाजपा कार्यकर्ता को पुलिस ने रोक लिया। उन्होंने ट्रैफिक टीआई से भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभय पंडित की फोन पर बात कराने का प्रयास किया, लेकिन टीआई ने फोन पर बात करने से इनकार कर दिया। इसके बाद अभय पंडित स्वयं मौके पर पहुंच गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भी घटनाक्रम देखने के लिए रुक गए, जिससे कुछ समय के लिए मौके पर भीड़ लग गई।

### तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

## सुधीर अग्रवाल बने पुलिस अधीक्षक रहमान को श्योपुर की मिली जिम्मेदारी

> मंडलोई को टीकमगढ़ से हटाकर पुलिस मुख्यालय में किया पदस्थ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार ने रविवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। आदेश के तहत टीकमगढ़ एसपी मनोहर सिंह मंडलोई को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) बनाया गया है। उनकी जगह श्योपुर के एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को टीकमगढ़ का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि रीवा की 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) में सेनानी पद पर पदस्थ मोती उर रहमान को श्योपुर का एसपी बनाया गया है।

## इंद्रपुरी-भवानीधाम रोड की सर्विस लेन पर कब्जे एवं अवैध पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के इंद्रपुरी–भवानीधाम रोड स्थित करीब एक किमी लंबी सर्विस लेन अतिक्रमण और अवैध व्यवसाय की चपेट में है। सर्विस लेन के दोनों ओर अस्थायी दुकानें, ठेले, टीन शेड और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने से यह रास्ता पूरी तरह से बंद है। हालात यह हैं कि सर्विस लेन पर पैदल चलना और छोटे वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है, जिससे लोगों को मजबूरन मुख्य सड़क का उपयोग करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई स्थानों पर सर्विस लेन को ही पार्किंग स्थल बना दिया गया है। दिनभर वाहन खड़े रहने से आवाजाही बाधित रहती है। नगर निगम में अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया का कहना है कि इंद्रपुरी-भवानीधाम रोड पर निगम अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी अगर वहां दोबारा अतिक्रमण हुआ है तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

## रेलवे बेस किचनों से एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त

### आरपीएफ, खाद्य सुरक्षा विभाग, राजस्व प्रशासन की संयुक्त टीम ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) इटारसी, भोपाल मंडल, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, राजस्व प्रशासन तथा सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को बेस किचनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी एवं खराब गुणवत्ता की खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट कराई गई तथा एक बेस किचन को सील कर दिया।

संयुक्त टीम ने राहुल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, अतुल अवस्थी प्राइवेट लिमिटेड एवं होटल धर्मराज प्राइवेट लिमिटेड के बेस किचनों का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्रेड एवं मसालों के एक्सपायरी पैकेट,, समोसे, आलू, गोभी, चावल, सब्जियां, कुकिंग ऑयल तथा की जांच की गई। एक्सपायरी एवं खराब गुणवत्ता की खाद्य सामग्री के नमूने परीक्षण के लिए एकत्रित किए गए तथा अनुपयोगी सामग्री को नियमानुसार नष्ट कराया गया।



### लाइसेंस नहीं होने पर बेस किचन सील

संयुक्त निरीक्षण के दौरान होटल धर्मराज प्राइवेट लिमिटेड के बेस किचन में आवश्यक वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित विभाग द्वारा बेस किचन को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बेस किचनों एवं कैटरिंग इकाइयों का निरीक्षण होगा।

## तेज रफ्तार कार ने डिलीवरी ब्वॉय को कुचला, मौत

### अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित क्रिस्टल कैंपस के पास हादसा, ऑर्डर ले कर जा रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित क्रिस्टल कैंपस के पास शनिवार शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार फ्लिपकार्ट के डिलीवरी ब्वॉय को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कोलार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। आरोपी चालक और कार की तलाश की जा रही है।





हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया था।

पुलिस के अनुसार अनुसुईया न्यू शिव नगर चौकी आनंद नगर निवासी अभिषेक मिश्रा पुत्र उदशंकर मिश्रा (31) फ्लिपकार्ट में डिलीवरी ब्वाय का काम करते थे। शनिवार 18 जुलाई की शाम साढ़े पांच बजे वह अवधपुरी तिराहे से एसओएस रोड सोनागिरी का आर्डर लेकर जा रहे थे। जैसे ही वह क्रिस्टल कैम्पस के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए अभिषेक मिश्रा की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह बाइक समेत नीचे गिर गए। उनके सिर में अंदरूनी चोट आई थी। मौका मिलते ही आरोपी चालक अपनी कार लेकर भाग निकला। उस समय अभिषेक के टीम लीडर लोकेश धुर्वे भी वहां से गुजर रहे थे।

उन्होंने कार की नंबर प्लेट का फोटो खींच लिया और फ्लिपकार्ट के दूसरे राइडर और अभिषेक के छोटे भाई राजेश मिश्रा को भी कॉल किया। एंबुलेंस से अभिषेक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान रविवार को अभिषेक की मौत हो गई।

**वार्ड 33**

# 60 हजार की आबादी वाले वार्ड में लोगों को समय पर कचरा नहीं उठने की शिकायतें, गंदगी और बदबू से रहवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### आज आईएनएच न्यूज चैनल व हरिभूमि की टीम आपके वार्ड में

आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि समाचार पत्र का कार्यक्रम मेरा वार्ड-मेरी बात का आयोजन सोमवार को वार्ड-33 के आंगनबाडी केंद्र भीम नगर मंत्रालय के पास होगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी मेंबर आरके सिंह बघेल जनता के सवालों का जवाब देंगे। विपक्ष से अमित शर्मा के अलावा जनप्रतिनिधियों में नरेश मिश्रा, मिलिंद खंडाले पक्ष रखेंगे। वार्ड-33 में आने वाली बस्तियों में समय पर कचरा नहीं उठने, स्कूल के सामने कचरे के ढेर लगे रहने और संजीवनी क्लीनिक में कर्मचारियों की कमी की समस्या है। रहवासियों का कहना है कि दो बड़ी बस्तियों में सड़कें बनी हैं। सरकारी स्कूल और पीने के पानी की पर्याप्त सुविधा है, लेकिन कचरे के ढेर से लोग परेशान हैं।





**वार्ड 13 में , संजीवनी क्लीनिक में कर्मियों की कमी पार्षद बोले- सरकारी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष, संजीवनी क्लीनिक और हॉकी स्टेडियम के पास रोड निर्माण बड़ी सौगात**


### पार्षद का तर्क- सभी सडकें सीसी, स्कूल, संजीवनी क्लीनिक बने



भीम नगर में सड़क पर लगा कचरे का ढेर।

वार्ड के पार्षद और एमआईसी मेंबर आरके सिंह बघेल का कहना है कि वार्ड में आने वाली बस्तियों में सभी अंदरुनी और बाहरी सड़कें बन चुकी हैं। स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनवाए गए हैं। वार्ड में सजीवनी क्लीनिक खुलने से इलाज की सुविधा लोगों को मिल रही है।


### गंदगी से बदबू फैलती है



सडक, बिजली, पानी व अन्य सुविधाएं मोहल्ले में हैं। बस्ती में सफाई को लेकर लापरवाही होती है। समय पर कचरा नहीं उठता। इससे बदबू फैलती है। समय पर कचरा उठवाने की व्यवस्था होना चाहिए।

इंद्रजीत भारती, रहवासी

### सरकारी स्कूल के गेट के सामने गंदगी



सरकारी स्कूल के गेट के सामने कचरे का ढेर लगा रहता है। सबसे बड़ी समस्या समय पर कचरा नहीं उठने की है। सड़कें, पानी, बिजली की कोई समस्या नहीं है। संजीवनी क्लीनिक में कर्मचारियों की कमी दूर होना चाहिए।

सागर गिरी, रहवासी

### संजीवनी क्लीनिक से मिल रहा लाभ



बस्ती में संजीवनी क्लीनिक शुरू होने से लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा मिली है। यहां डॉक्टर नहीं हैं। कर्मचारियों की कमी है। इस व्यवस्था में सुधार होना चाहिए।

मोहन साहू, रहवासी

## 22 से भोपाल में तेज बारिश की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रविवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह से शाम तक करीब आधे प्रदेश में बारिश दर्ज हुई। प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का दौर अगले 2 दिन और रहेगा। इसके बाद बारिश की रफ्तार बढ़ेगी। इस बीच रविवार तक प्रदेश में औसत सामान्य से 16 फीसदी कम बारिश दर्ज हो गई है। भोपाल में एक जून से अब तक कुल 400.3 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 41 मिमी अधिक है। पिछले तीन दिन से यहां बारिश के आंकड़े नहीं बढ़ पाए हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 22 जुलाई से बारिश की रफ्तार बढ़ेगी, जिससे भोपाल तक तेज बारिश की उम्मीद है।




## पेज एक का शेष....

### अतिरिक्त समय तक...

लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को बांधे रखा। दोनों टीमों को 30 मिनट अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें 15-15 मिनट के दो हाफ हुए।

### यामागुची को हराकर...

दी। साल 2024 के बाद सिंधु का यह पहला इंटरनेशनल टाइटल है। यामागुची के खिलाफ तोड़ा हार का सिलसिला पीवी सिंधु ने इस खिताबी जीत के साथ ही जापानी खिलाड़ी यामागुची के खिलाफ पिछले चार साल से चले आ रहे हार के सिलसिले को भी तोड़ दिया। सिंधु ने किसी पूर्ण मैच में यामागुची को आखिरी बार साल 2022 के थाईलैंड ओपन में हराया था।

### कैबिनेट से यूसीसी...

और पारंपरिक प्रथाओं की साफ तौर पर सुरक्षा करता है जो सार्वजनिक नैतिकता और नीति के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि मप्र के निवासियों के लिए चाहे उनका धर्म कोई भी हो शादी, तलाक, वैवाहिक झगड़ों से जुड़े भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे निजी मामलों को नियंत्रित करते के लिए एक समान पर्सनल सिविल कानून लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग और कभी-कभी बिना लिखित नियमों वाली प्रथाओं में सुधार करके और एक समान व निष्पक्ष ढांचा बनाकर, यह पर्सनल सिविल कानून को आधुनिक बनाता है, ताकि पुरुषों और महिलाओं को एक समान अधिकार मिल सकें।

### जनजातीय समाज पर...

अनुसूचित जनजातियों को संवैधानिक सुरक्षा कवच का सम्मान करते हुए यह कानून संविधान के अनुच्छेद 342 और अनुच्छेद 366 (खंड 25) के तहत आने वाली अनुसूचित जनजातियों (जैसे भील, गॉड, कोरकू, बैगा, सहरिया और भारिया) पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा, जिन समुदायों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा संविधान के भाग Xxi के तहत की गई है, उन्हें भी इस कोड से विशेष रूप से बाहर रखा गया है।

### विवाह और तलाक ...

है। अमान्य सहमति और प्रतिबंधित रिश्तों (जब तक परंपरा की अनुमति न हो) के बीच विवाह पर रोक लगाई गई है। मौखिक तलाक या अनौपचारिक पंचायत के फैसलों को पूरी तरह गैर-कानूनी घोषित किया गया है। अब विवाह का समापन केवल कानून में बताए गए स्पष्ट और वैधानिक आधारों पर ही हो सकेगा।

### नीट और राम ...

शामिल हैं। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े कुछ पुराने अटके संविधान संशोधन विधेयकों को भी फिर से पटल पर लाने का प्रयास कर सकती है। दूसरी ओर विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले और अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की रणनीति बनाई है। सत्र की पूर्व संध्या पर हुई सर्वदलीय बैठक में भी तीखी बहस देखने को मिली थी, जिससे साफ है कि इस सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी टकराव देखने को मिलेगा।

### विधानसभा का 5...

सबसे अधिक महत्व का विधेयक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पारित कराया जाएगा। विपक्ष इस विधेयक में कई तरह का संशोधन चाहता है। रविवार को देर शाम हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भी इसके संकेत दिए गए हैं। सोमवार को मानसून सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक में इसे लेकर चर्चा होगी। उधर, सत्र की अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक में विधानसभा सचिवालय को कुल 1756 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हई हैं। जबकि ध्यानाकर्षण की 267, स्थगन प्रस्ताव की 5, अशासकीय संकल्प की 20, शून्यकाल की 77 सूचनाएं प्राप्त हई हैं।

### भारी पुलिस बल ....

स्थिति बनी रही। कार्रवाई के दौरान प्रदर्शनकारी बराना नदी में उतर गए। कुछ लोग सांकेतिक चिताओं पर लेट गए, तो कुछ फांसी के फंदे का प्रतीकात्मक प्रदर्शन करने लगे। धरना स्थल से महिलाओं को हटाते समय धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे कुछ महिलाएं बेहोश हो गईं और कुछ को मामूली चोटें आईं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर को बाहर निकालने के लिए प्रशासनिक अधिकारी भी पानी में उतरे। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। भटनागर पिछले 11 दिनों से भूख हड़ताल पर थे।

### गोयनका पर 1000 ....

अवैध रूप से नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस संबंध में कोलकाता में आईपीसी की धारा 420, 120बी, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वह पूर्व में संजय पाठक की कंपनी यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में प्रमुख प्रबंधकीय पद पर कार्यरत था। गोयनका के खिलाफ कटनी में भी दो अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में उसके फरार सहयोगियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी हैं। वह कई आईएएस अधिकारियों के काले धन को सफेद करने के खेल में भी शामिल रहा है। इसके अलावा, मुंबई स्थित राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने भी 9 मई 2025 के अपने आदेश में महेंद्र गोयनका और उसकी पत्नी मीनू गोयनका द्वारा किए गए वित्तीय गबन पर सख्त टिप्पणियां की थीं। गोयनका की एक अन्य कंपनी निसर्ग इस्पात भी भारी वित्तीय अनियमितताओं के घेरे में है। इस बड़ी गिरफ्तारी के

बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई बड़े अधिकारियों व व्यापारियों के राज खुलने की आशंका है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

### वांगचुक को दूसरे ...

के डॉक्टर वांगचुक की सेहत पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उनके साथ कोई जबरदस्ती नहीं की जा रही है। कोर्ट ने माना कि बिगड़ती हालत के बावजूद वांगचुक खुद अस्पताल में भर्ती नहीं हो रहे थे, इसलिए सरकार को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार था। सुनवाई के दौरान वांगचुक की पत्नी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि वांगचुक हिरासत में नहीं हैं, इसलिए उन्हें मेदांता अस्पताल में अपनी पसंद का इलाज कराने की अनुमति मिलनी चाहिए। दूसरी तरफ, केंद्र सरकार के एएसजी चेतन शर्मा ने कहा कि एम्स और सफदरजंग के डॉक्टरों की टीम वांगचुक की पूरी देखभाल कर रही है। हाई कोर्ट ने परिवार को डॉक्टरों के साथ सहयोग करने को कहा और निर्देश दिया कि उनकी मेडिकल रिपोर्ट परिजनों से साझा की जाए। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

### तीन साल की ....

सोहेल खान अर्जुन खेड़ी, ललरिया, थाना बैरसिया इलाके में रहते हैं। रविवार छुट्टी होने के कारण वह पत्नी और बेटे सहित तीन साल की बेटी जूना खान के साथ ससुराल पहुंचे थे। दोपहर करीब ढाई बजे जूना खान के नाना परिवार की दो अन्य बच्चियों के साथ जूना खान को लेकर दुकान पर चॉकलेट और बिस्किट दिलाने के लिए पहुंचे थे। वह दुकान पर खड़े हुए थे और बच्चियां उनके साथ थी। पास ही एक युवक खड़ा था और कुछ दूरी पर सड़क पर उसकी स्कॉर्पियो खड़ी थी। जूना खान दुकान से निकलकर सड़क पर पहुंची और गिर गई। इस दौरान नाना दुकानदार से बातचीत कर रहे थे। सड़क पर गिरी बच्ची स्कॉर्पियो वाहन के चालक को नजर नहीं आई और उसने स्कॉर्पियो आगे बढ़ा दी। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### हाइवा ने सड़क....

निवासी थे। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बेलखेड़ा और सुआतला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस ने अज्ञात हाइवा और चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। घटना के बाद मामला राजनीतिक रूप लेता नजर आ रहा है। समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि यह सामान्य सड़क हादसा नहीं, बल्कि रेत माफियाओं द्वारा हाइवा चढ़ाकर सुनियोजित हत्या कराई गई है। हालांकि पुलिस ने अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं की है और सभी पहलुओं की जांच किए जाने की बात कही है। समाजवादी पार्टी ने घटना के विरोध में सोमवार सुबह 9 बजे बेलखेड़ा थाने का घेराव कर न्याय की मांग करने की घोषणा की है। घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### जीतू ने तिवारी ....

का अभिवादन किया। मंच से जब जीतू पटवारी की नजर आशुतोष पर पड़ी, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए माइक पर ही टोक दिया-अरे, पास में आकर मिलो न... इतनी दूर से क्यों जा रहे हो यार? ऐसे नहीं चलेगा। जीतू के बुलावे पर आशुतोष तिवारी मंच के पास पहुंचे, जहां दोनों विपक्षी नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद जो हुआ, उसने वहां मौजूद सभी लोगों को हैरान कर दिया।

### विचारधारा अलग पर...

### जीतू ने पूछा-...

की सभा में भाजपा के लिए वोट मांगता देख वहां मौजूद जनता ठहाके मारकर हंस पड़ी।

हुए कहा कि सबको जानकारी है, यहीं मेरा घर है और मैं बचपन से यहीं हूं। इतना कहकर वे मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गए।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड - अशोकनगर**

क्रमांक 981 / व.ले.लि / 2026-27/का.यं / लो.स्वा.यां.वि/अशोकनगर, दिनांक 17/07/26

**निविदा विज्ञप्ति / व.ले.लि / 2026-27**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app. पर अशोकनगर जिले के समस्त विकासखण्ड में स्थापित हैण्डपम्प का 01 वर्ष तक संधारण कार्य की व्यवस्था कार्य हेतु सहित सम्पूर्ण कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित है।

| स.क्र | निविदा क्रमांक / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | निविदा की कुल लागत रू. (लाख में) | धरोहर राशि (EMD) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 06/ 17.07.2026 | 2026_PHED_ 522187_1 | 19.95 लाख | 39906.00 | रू 2000/- | 12 माह (365 दिन) |
| 2 | 07/ 17.07.2026 | 2026_PHED_ 522189_1 | 17.02 लाख | 34038.00 | रू 2000/- | 12 माह (365 दिन) |
| 3 | 08/ 17.07.2026 | 2026_PHED_ 522195_1 | 17.52 लाख | 35059.00 | रू 2000/- | 12 माह (365 दिन ) |
| 4 | 09/ 17.07.2026 | 2026_PHED_ 522196_1 | 15.66 लाख | 31320.00 | रू 2000/- | 12 माह (365 दिन) |

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 27.07.2026 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 27.07.2026 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि : 29.07.2026 09:00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाईट पर (online system) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एंव उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेवसाईट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड - अशोकनगर

जी - 15915/26 स्वच्छता ही सेवा



**मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्य प्रदेश**
**पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल.-462008**

क्रमांकः-/13/आ.प्र. / 2026 भोपाल, दिनांकः- 16/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्य प्रदेश, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैः-

| स. क्र. | उपकरण का नाम | निविदा क्रमांक/दिनांक | निविदा डायनलोड/जमा प्रारंभ करने की तिथि / | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | साफ -सफाई कार्य | 2026_HCDDM_521798_1 | 16-07-2026 18:00 बजे | 05-08-2026 15:00 बजे | 06-08-2026 15:30 बजे |

01. टेंडर डॉक्यूमेंट्स की कीमत (टेंडर फीस) नॉन-रिफंडेबल है और किसी भी स्थिति में इसमें छूट नहीं दी जा सकती।
02. टेंडर तय तारीख और समय के अंदर https://www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर डिविजनल कमांडेंट SDERF MP, भोपाल के पक्ष में ऑनलाइन जमा करे। टेंडर फीस और EMD वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए
03. टेंडर डॉक्यूमेंट्स विभागीय वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

(संगीता डी कुमार)
डिवीजनल कमांडेण्ट
एसडीईआरएफ मुख्या. (म.प्र.)

जी - 15896/26 स्वच्छा ही सेवा है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 14/ वर्ष 2026-27/कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 15/07/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_ PWDRB _521527_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण भवन | नरसिंहपुर संभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों के मूल गौड़ एवं समस्त मरम्मत कार्य। | 19.00 | 38.000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2026_ PWDRB _521529_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण सड़क | नरसिंहपुर उपसंभाग के मुख्यालय नरसिंहपुर अंतर्गत गैर आवासीय भवनों के मूल गौड़ एवं समस्त मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर। | 9.97 | 20.000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2026_ PWDRB _521531_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण सड़क | गाडरवारा उपसंभाग अंतर्गत मटेरियल सप्लाई का कार्य। | 9.37 | 18,500 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2026_ PWDRB _480475_6 | नरसिंहपुर | रिन्युवल | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत गाडरवारा चीचली मार्ग से एन.टी. पी.सी. मार्ग लंबाई 4.20 कि.मी. का रिन्युवल मरम्मत कार्य। (छटवॉ आमंत्रण) | 222.12 | 2,22.500 | 15,000 | छटवॉ आमंत्रण | 03 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2026_ PWDRB _457553_8 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिहोरा वायपास विद्युतीकरण कार्य सहित (सी.सी.) मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी. का निर्माण कार्य। (आठवाँ आमंत्रण) | 231.58 | 2,32.000 | 15,000 | आठवाँ आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 6 | 2026_ PWDRB _473681_9 | नरसिंहपुर | मरम्मत कार्य | नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत कुल लंबाई 68.06 कि.मी के विभिन्न मार्गों की एस.एम.टी.सी. कार्य निविदा (नववॉ आमंत्रण) :- (1) गोंगावरी कामती मार्ग लंबाई 7.30 कि.मी., (2) बेलखेड़ी बरहटा मुंगवानी मार्ग लंबाई 17.80 कि.मी., (3) गाडरवारा तेन्दूखेड़ा नवीन राज्य मार्ग कि.मी. 19/2 से ग्राम बीकोर सिन्दूर नदी तक मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी., (4) नरसिंहपुर मगरधा मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी., (5) महगंवातला से भामा मार्ग लंबाई 16.90 कि.मी., (6) उमरिया से पिपरहा मार्ग लंबाई 5.20 कि.मी., (7) मऊ लिंक मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी., (8) बनवारी एप्रोच मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी., (9) खोबी भैंसा राखी से ब्रम्हाकुण्डघाट मार्ग लंबाई 4.36 कि.मी., (10) गुंदरई से पथरौडा मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी., (11) सालीचौका से सहावन मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी., (12) सांकल मार्ग से मण्डी तिराहा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. | 61.25 | 61,500 | 10,000 | नववॉ आमंत्रण | 12 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 553.29 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27/07/2026, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 27/07/2026, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर

जी - 15891/26 स्वच्छता ही सेवा






JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION ★ AFFORDABLE FEES ★ A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि उजाला हो गई, निखार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


## राशिफल


**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।


**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।


**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।


**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।


**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 6292



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6291 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | रा | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## सूडोकु नवताल - 6302

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6301 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## खबर संक्षेप

### एक्स्ट्रानेट का आईपीओ 23 को खुलेगा

**मुंबई।** एक्स्ट्रानेट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, जो भारत आधारित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान एवं सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है, अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) गुरुवार, 23 जुलाई, 2026 को खोलने का प्रस्ताव रखती है। कंपनी का लक्ष्य 166.80 करोड़ रुपए जुटाने का है। कंपनी के इक्विटी शेयर एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। आईपीओ का कुल आकार 166.80 करोड़ रुपए है तथा प्राइस बैंड 120 से 127 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया बुधवार, 22 जुलाई, 2026 को आयोजित की जाएगी।

### टर्टलमिंट ने की आय में 57 फीसदी की बढ़ोतरी

**मुंबई।** टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही और वित्त वर्ष के वित्तीय परिणाम की घोषणा की। कंपनी ने लाभ के साथ उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कंपनी के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, धीरेंद्र मह्यावंशी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान हमारी वृद्धि से हमारे प्लेटफॉर्म और परितंत्र की वितरण क्षमता रेखांकित होती है। कंपनी को आज 6.5 लाख से अधिक डिजिटल भागीदार - जिन्हें 46 बीमाकर्ता के साथ भागीदारी और 19,000 से अधिक पिन कोड में मौजूदगी का समर्थन प्राप्त है।

### म्यूजिक स्टुडियो सीरीज पेश, कीमत 27,900 रु.

**गुरुग्राम।** भारतीय बाजार में अपनी नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज सैमसंग इंडिया ने लांच की है। इस सीरीज में म्यूजिक स्टुडियो 5 और म्यूजिक स्टुडियो 7 नाम के दो नए वाई-फाई स्पीकर्स शामिल हैं। कंपनी का दावा है कि ये स्पीकर्स बेहतरीन साउंड क्वालिटी, आधुनिक डिजाइन और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ घर में बेहतर ऑडियो अनुभव प्रदान करेंगे। इसकी शुरुआती कीमत 27,900 रुपए रखी गई है। सैमसंग के अनुसार, नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज के स्पीकर्स को सैमसंग टीवी और साउंडबार के साथ आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है।

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 7,114 करोड़ रु. रहा

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के नतीजे घोषित करते हुए 7,114 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। यह पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 8 प्रतिशत बढ़कर 14,646 करोड़ रुपए पहुंच गई। वहीं, कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट 10 प्रतिशत की सालाना और 5 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि के साथ 11,122 करोड़ रुपए रहा। तिमाही के दौरान बैंक ने डिपॉजिट और एडवांस दोनों में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाई। डिपॉजिट में 18 प्रतिशत और एडवांस में 19 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जिससे बैंक की कुल बैलेंस शीट 20 प्रतिशत बढ़कर 19.22 लाख करोड़ रुपए हो गई।

### मीडियाटेक ने अपनी नई रणनीति पेश की

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने आयोजित 'बियोंड दि लेन्स' टेक डे के दौरान अगली पीढ़ी की स्मार्टफोन इमेजिंग तकनीकों और एज-टू-क्लाउड इकोसिस्टम के लिए अपनी नई रणनीति पेश की। कंपनी ने उन्नत सिस्टम-ऑन-चिप और अपने प्रमुख डायमेन्सिटी पोर्टफोलियो के जरिए भविष्य की मोबाइल फोटोग्राफी को नई दिशा देने वाली तकनीकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मीडियाटेक ने स्मार्टफोन से आगे बढ़कर ऑटोमोटिव, डेटा सेंटर, एआई पीसी और अन्य कनेक्टेड डिवाइसों के लिए अपने वन मीडियाटेक विजन को भी प्रस्तुत किया। मीडियाटेक के निदेशक अनुज सिद्धार्थ ने कंपनी की नई इमेजिंग तकनीकों की जानकारी देते हुए 18ईवी एचडीआर और 4के 120एफपीएस सुपर ईआईएस जैसी विशेषताओं को मोबाइल फोटोग्राफी में बड़ा बदलाव बताया।

ऋषि च्यवन के 'च्यवनप्राश' पर आधुनिक विज्ञान की मुहर पतंजलि के शोध को अंतरराष्ट्रीय जर्नल में स्थान

# पतंजलि का दावा: च्यवनप्राश पर शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित, तनाव से कोशिकाओं की सुरक्षा के मिले संकेत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि ने दावा किया है कि उसके स्पेशल च्यवनप्राश पर किए गए एक वैज्ञानिक अध्ययन को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका प्रायोगिक जरा-विज्ञान में प्रकाशित किया गया है। कंपनी के अनुसार, अध्ययन में च्यवनप्राश के नियमित सेवन से तनाव की परिस्थितियों में कोशिकाओं की सुरक्षा, मांसपेशियों की कार्यक्षमता बनाए रखने और दीर्घायु से जुड़े संभावित लाभों के संकेत मिले हैं।

पतंजलि के महासचिव आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह अध्ययन आयुर्वेद में वर्णित महर्षि च्यवन और च्यवनप्राश की पारंपरिक अवधारणा को आधुनिक वैज्ञानिक साक्ष्यों के साथ जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्वेदिक परंपरा में च्यवनप्राश को लंबे समय से रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्वास्थ्य और दीर्घायु से जोड़ा जाता रहा है।

वैज्ञानिकों ने महर्षि च्यवन से संबंधित लोकप्रचलित कथा को आधुनिक विज्ञान के साक्षियों के साथ प्रस्तुत कर जीवंत किया: आचार्य बालकृष्ण


आचार्य बालकृष्ण

### यह अध्ययन सी.एलिगेंस नामक मॉडल जीव पर किया गया

पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि यह अध्ययन सी.एलिगेंस नामक मॉडल जीव पर किया गया, जिसका उपयोग विश्वभर में वृद्धावस्था और तनाव संबंधी जैविक अनुसंधानों में किया जाता है। उनके अनुसार, शोध में पाया गया कि च्यवनप्राश के सेवन से हीट स्ट्रेस के कारण होने वाली कोशिकीय क्षति में कमी, जीवनकाल में वृद्धि, भोजन ग्रहण करने की क्षमता में सुधार तथा मांसपेशियों की गतिशीलता बेहतर होने के संकेत मिले।

### यह अध्ययन आयुर्वेद और आधुनिक जीवविज्ञान के समन्वय का है उदाहरण

शोधकर्ताओं का दावा है कि च्यवनप्राश में मौजूद तत्व एंटीऑक्सीडेंट और सूजनरोधी गुणों से युक्त हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से कोशिकाओं की रक्षा करने और शरीर की प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक हो सकते हैं। पतंजलि का कहना है कि यह अध्ययन आयुर्वेद और आधुनिक जीवविज्ञान के समन्वय का उदाहरण है तथा पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति पर वैज्ञानिक शोध को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

बैद्यनाथ संस्थापक पं. रामनारायण शर्मा की स्मृति में नौ संस्कृत विद्वानों का सम्मान

# संस्कृत विवि से विदेशी विद्यार्थियों को अंग्रेजी में शिक्षा देने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय (केकेएसयू), रामटेक द्वारा संस्कृत भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नौ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्वानों को वर्ष 2023, 2024 और 2025 के लिए 'महाकवि कालिदास संस्कृतव्रती राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन बैद्यनाथ समूह के संस्थापक वैद्य पंडित रामनारायण शर्मा की स्मृति में रामनारायण शर्मा आयुर्वेद रिसर्च फाउंडेशन, जिला प्रशासन तथा महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. पंकज चांदे ने संस्कृत विश्वविद्यालयों से विदेशी विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण शुरू करने का आग्रह किया, ताकि संस्कृत की वैश्विक पहुंच और मजबूत हो सके। उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी मनुकुमार श्रीवास्तव और बैद्यनाथ के निदेशक सुरेश शर्मा के सहयोग से इस राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरुआत की गई थी।


मंच पर हुए सम्मानित

### विश्वविद्यालय की समाचार-पत्रिका 'वैदर्भी' का भी विमोचन

समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अतुल वैद्य ने की। उन्होंने संस्कृत विद्वानों को भारत की बौद्धिक धरोहर बताते हुए विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में आईसीटी मुंबई के पूर्व कुलपति प्रो. गणपति यादव, बैद्यनाथ के निदेशक सुरेश शर्मा तथा एमटीडीसी के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश पाटिल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर पुरस्कार समारोह के इतिहास पर आधारित स्मारिका 'कालिदसीयम' और विश्वविद्यालय की समाचार-पत्रिका 'वैदर्भी' का भी विमोचन किया गया।

### पुरस्कार विजेताओं को किया गया सम्मानित

पुरस्कार तीन श्रेणियों अंतरराष्ट्रीय संस्कृत विद्वान, वरिष्ठ संस्कृत विद्वान और युवा संस्कृत विद्वान—में प्रदान किए गए। अंतरराष्ट्रीय संस्कृत विद्वान श्रेणी में प्रो. चंद्रकिरण सलूजा, प्रो. सरोजा भाटे और प्रो. माधव देशपांडे को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ संस्कृत विद्वान श्रेणी में नंदकिशोर पट्टरकिने, प्रो. कालुरी हनुमंथा राव और प्रो. कृष्णकांत शर्मा को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं युवा संस्कृत विद्वान श्रेणी में डॉ. रामकृष्ण पेजट्टाया, प्रो. वीरनारायण पांडुरंग और डॉ. सचिन कठाले को सम्मानित किया गया।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज का बेहतर प्रदर्शन, राजस्व 24.5 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद कंपनी का समेकित राजस्व सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत बढ़कर 3,40,257 करोड़ रुपये पहुंच गया।

कंपनी का तिमाही रिकरिंग कंसोलिडेटेड एबिटडा रिकॉर्ड स्तर पर 54,067 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.1 प्रतिशत अधिक है। एबिटडा में बढ़ोतरी में ऑयल-टू-केमिकल और डिजिटल सर्विसेज कारोबार का प्रमुख योगदान रहा। रिलायंस का प्रॉफिट बिफोर टैक्स 8.5 प्रतिशत बढ़कर 30,630 करोड़ रुपये हो गया। वहीं रिकरिंग शुद्ध लाभ 23,196 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी ने बताया कि 5जी एसेट्स के कैपिटलाइजेशन के कारण वित्त लागत और डेप्रिसिएशन बढ़ने का असर मुनाफे पर पड़ा। कंपनी का तिमाही पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) 38,682 करोड़ रुपये रहा, जबकि कैश प्रॉफिट 41,254 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। 30 जून 2026 तक रिलायंस का नेट डेट लगभग स्थिर रहकर 1,22,914 करोड़ रुपये रहा। जियो का एबिटडा सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 20,865 करोड़ रुपये हो गया।

## री-नीट (यूजी) 2026 में रेजोनेंस के छात्र हिमांशु कुमार ने की ऑल इंडिया रैंक 111 हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

री-नीट (यूजी) 2026 के घोषित परिणामों में रेज़ोनेंस, कोटा के छात्र हिमांशु कुमार ने 720 में से 690 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) 111 और ईडब्ल्यूएस वर्ग में ऑल इंडिया रैंक 4 हासिल की है। बिहार के बक्सर निवासी हिमांशु रेजोनेंस के दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम के विद्यार्थी हैं।



हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय रेजोनेंस की अनुभवी फैकल्टी, नियमित टेस्ट प्रैक्टिस, अध्ययन सामग्री और एनसीईआरटी आधारित तैयारी को दिया।

उन्होंने बताया कि विषयों को रटने के बजाय उनकी अवधारणाओं (कॉन्सेप्ट्स) को समझने, नियमित रिवीजन और लगातार मॉक टेस्ट देने से परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिली। इससे पहले उन्होंने जेईई मेन 2026 में भी 98.85 पर्सेंटाइल हासिल की थी। रेजोनेंस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक राम किशन वर्मा ने हिमांशु को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता केवल कड़ी मेहनत से नहीं, बल्कि सही परीक्षा रणनीति और समय प्रबंधन से भी मिलती है। उन्होंने कहा कि संस्थान में विषयों की पढ़ाई के साथ-साथ टेस्ट डिसिप्लिन, एग्जाम टेम्परामेंट और समय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बायोलॉजी और केमिस्ट्री में एनसीईआरटी आज भी सबसे मजबूत आधार है, जबकि फिजिक्स और केमिस्ट्री के प्रश्न लगातार अधिक कॉन्सेप्ट आधारित और विश्लेषणात्मक होते जा रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए अवधारणाओं की गहरी समझ और नियमित अभ्यास बेहद जरूरी है। इस अवसर पर राम किशन वर्मा ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट (यूजी) 2027 को कंप्यूटर आधारित परीक्षा मोड में आयोजित किए जाने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के बाद विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली, स्क्रीन पर प्रश्न हल करने, समय प्रबंधन और डिजिटल टेस्ट वातावरण का भी पर्याप्त अभ्यास करना होगा। उन्होंने दावा किया कि रेजोनेंस की शिक्षण प्रणाली पहले से ही सीबीटी आधारित परीक्षाओं की तैयारी पर केंद्रित है, जिससे छात्रों को नए प्रारूप में बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिलेगी।

## बिजनेस न्यूज

### इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण संपन्न

**भोपाल।** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के गठन के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त भोपाल शैलेंद्र कुमार चौहान रहे। समारोह का




शुभारंभ मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार चौहान, विद्यालय के चेयरमैन अशोक नंदा, वाइस चेयरमैन आलोक नंदा, डायरेक्टर अरुणा नंदा, प्राचार्या दीप्ति सिंह तथा उपप्राचार्य अफशां नाविद और ताबिश जुबेरी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्राचार्या ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज और सैश पहनाकर पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। छात्र परिषद के सदस्यों ने अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व के साथ अनुशासन, शिष्टाचार और जिम्मेदारी का होना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से विद्यालय का गौरव बढ़ाने और समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करने का आह्वान किया। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

### आईईएस स्कूल में 11वां इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित, छात्रों ने ली शपथ

**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 11वें इन्वेस्टिचर सेरेमनी (पदग्रहण समारोह) का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया। समारोह में नई छात्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर औपचारिक



रूप से उनके दायित्व सौंपे गए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार (आईपीएस) एवं आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ देवांश सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ नेतृत्व करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आदर्श आचरण अपनाकर समाज में सकारात्मक उदाहरण बनने का आह्वान किया। समारोह के दौरान नवनियुक्त छात्र परिषद के सदस्यों को बैज और सैश पहनाए गए तथा पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्कूल हेड बॉय, स्कूल हेड गर्ल, डिसिप्लिन सेक्रेटरी, लिटरेरी सेक्रेटरी, कल्चरल सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी सहित चारों हाउस के कप्तान, उपकप्तान, सीनियर प्रीफेक्ट और जूनियर प्रीफेक्ट ने भी पदभार ग्रहण किया।

### एलएनसीटी में दो दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यशाला 24 से

**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के मानविकी विभाग द्वारादो दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कार्यशाला का आयोजन 24 जुलाई से किया जाएगा। कार्यशाला का आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यशाला में पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, पेटेंट ड्राफ्टिंग, प्लेजरिज़्म से बचाव, स्टार्टअप नवाचार तथा शैक्षणिक संस्थानों में आईपीआर प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।इस दौरान राकेश सोनी, प्रो. प्रशांत बरेदार, डॉ. अजय कुमार चौबे और प्रो. अपर्णा पांढरकर विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। कार्यशाला की समन्वयक डॉ. विनीता सक्सेना ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है।

### फिजिक्सवाला के छात्र रविकांत ने हासिल की एआईआर- 55

**भोपाल।** फिजिक्सवाला ने नीट 2026 में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाया। इस वर्ष फिजिक्सवाला के छात्र रविकांत दिवाकर ने 720 में से 695 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 55 हासिल की और संस्थान के टॉप परफॉर्मर्स में स्थान बनाया। फिजिक्सवाला के अन्य सफल छात्रों में शिवंश आनंद (एआईआर 152), दिव्यांश जायसवाल (एआईआर173) और साक्षी कुमारी (एआईआर 192) शामिल रहे।



कंपनी के अनुसार, नीट 2026 में देशभर से करीब 20 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें 11.21 लाख उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। छात्रों की इस उपलब्धि को फिजिक्सवाला के देशभर के विद्यापीठ केंद्रों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्साह के साथ मनाया गया। भुवनेश्वर में भी सफल विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां फिजिक्सवाला के छात्रों में अंशु प्रकाश जेना (एआईआर 730), सत्यजीत नायक (एआईआर 5558) और आशुतोष साहू (एआईआर 6010) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

### सैमसंग ने पेश की नई फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अगली पीढ़ी के गैलेक्सी फोल्डेबल डिवाइसेस के लिए नई फ्लेक्स टाइटेनियम डिस्प्ले तकनीक पेश की है। कंपनी का दावा है कि यह तकनीक फोल्डेबल फोन को अधिक मजबूत बनाती है और स्क्रीन पर फोल्ड होने से दिखाई देने वाली लाइन को कम करती है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल आरएंडडी ऑफिस में हार्डवेयर के ईवीपी एवं सीनियर एग्जीक्यूटिव सुंघून मून ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य ऐसी तकनीक विकसित करना है।

## आईएडीवीएल-डर्मेटोलॉजी ने आयोजित की लेजर, एस्थेटिक डर्मेटोलॉजी सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स, वेनेरियोलॉजिस्ट्स एंड लेप्रोलॉजिस्ट्स (आईएडीवीएल) तथा भोपाल डर्मेटोलॉजी सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल लेजर एवं एस्थेटिक डर्मेटोलॉजी समिट का आयोजन हुआ।एक दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित मध्य भारत के विभिन्न शहरों से 200 से अधिक चर्म रोग विशेषज्ञ भाग शामिल हुए।

आयोजन समिति के कॉन्फ्रेंस प्रेसिडेंट डॉ. नीरज राय, ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन एवं आईएडीवीएल मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. नितिन पंड्या तथा ऑर्गेनाइजिंग को-चेयरपर्सन डॉ. अनिमेष सक्सेना के अनुसार सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चर्म रोगों के उपचार में अत्याधुनिक लेजर तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श करना तथा युवा त्वचा रोग विशेषज्ञों को आधुनिक लेजर एवं एस्थेटिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. अविटस जॉन विशेष रूप से उपस्थित थे। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को नवीनतम लेजर तकनीकों, त्वचा पुनर्जीवन (स्किन रीजुवनेशन), मुंहासों के दाग, पिग्मेंटेशन, लेजर हेयर रिडक्शन तथा सुरक्षित उपचार पद्धतियों पर व्याख्यान एवं लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

## पटेल इंजी. ने किया पूरा लंबी सुरंग बनाने का ऐतिहासिक काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की प्रमुख कंपनी पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड ने देश की सबसे लंबी सुरंग परियोजनाओं में से एक के निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक और विशेषज्ञता के साथ इस चुनौतीपूर्ण परियोजना को निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा किया। मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव ने स्लीमनाबाद कॅरियर कैनाल प्रोजेक्ट के उद्घाटन किया ।

सुरंग निर्माण के दौरान कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, जटिल भू-भाग और तकनीकी चुनौतियों का सामना करते हुए पटेल इंजीनियरिंग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना में अत्याधुनिक तकनीकों, उच्च सुरक्षा



मानकों और अनुभवी इंजीनियरिंग टीम का उपयोग किया गया। पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा बनाई गई लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह सुरंग राज्य की सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इस परियोजना से प्रदेश के चार जिलों में लगभग 2.45 लाख हेक्टेयर जमीन के लिए पक्के तौर पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे पानी की निश्चित आपूर्ति के साथ-साथ खेती के विकास में भी मदद मिलेगी।

पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश

# बैंक राष्ट्रीयकरण की 57वीं वर्षगांठ पर एआईबीओसी का हरित संकल्प, बैंको ने 100 से अधिक पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक राष्ट्रीयकरण की 57वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कॉन्फेडरेशन (एआईबीओसी ) की मध्यप्रदेश इकाई ने रविवार को भेल स्थित जंबूरी मैदान में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सैकड़ों अधिकारियों ने 100 से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, यूको बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र सहित विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का भी संकल्प लिया। एआईबीओसी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव




अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बैंक राष्ट्रीयकरण भारतीय बैंकिंग को जनोन्मुखी बनाने वाला ऐतिहासिक कदम था, जिसने किसानों, श्रमिकों, छोटे उद्यमियों और वंचित वर्गों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

### बैंक अधिकारी हुए शामिल

एआईबीओसी मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुबिन सिन्हा ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, इकाई के सचिव दिनेश झा ने कहा कि उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि उनकी देखभाल कर आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित विरासत तैयार करना है। इस अभियान को सफल बनाने में पर्यावरणविद् एवं एसबीआई ऑक्सीजन बैंक के संस्थापक डॉ. पंकज भारती का विशेष सहयोग रहा। उनके मार्गदर्शन में पौधों के चयन, रोपण और संरक्षण की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में विभिन्न बैंक संगठनों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में बैंक अधिकारियों ने भाग लिया।

## चिंतन

# सरकार और विपक्ष टकराव नहीं, चर्चा को दें प्राथमिकता

आज से शुरू हो रहा संसद का मानसून सत्र ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब देश के सामने शिक्षा, रोजगार, महंगाई, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा और संघीय ढांचे जैसे अनेक गंभीर मुद्दे हैं। ऐसे में देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था से जनता की अपेक्षा शोर-शराबे की नहीं, बल्कि सार्थक बहस और ठोस समाधान की है। दुर्भाग्य से सत्र शुरू होने से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। विपक्ष जहां नीट पेपर लीक, बिहार की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर), शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके के अनशन, परिसीमन और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सरकार अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहती है। यह टकराव लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन यदि यह सदन की कार्यवाही को ठप कर दे तो सबसे बड़ा नुकसान देश और जनता का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करने की नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह बनाने की भी होती है। यदि नीट पेपर लीक जैसा मामला लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा है या किसी अन्य विषय पर जनता के मन में सवाल हैं, तो उन्हें संसद में पूरी गंभीरता से उठाया जाना चाहिए। सरकार का भी दायित्व है कि वह इन मुद्दों पर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब दे। विपक्ष को भी यह समझना होगा कि लगातार हंगामा, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करना लोकतांत्रिक संघर्ष का सबसे प्रभावी तरीका नहीं है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि संसद की उत्पादकता घटने से जनता में निराशा बढ़ी है। करोड़ों रुपये का सार्वजनिक धन खर्च होने के बावजूद यदि सदन नहीं चलता, तो इसका सीधा नुकसान करदाताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। संसद का मंच बहस के लिए बना है, बहिष्कार या व्यवधान के लिए नहीं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना उचित है कि राजनीतिक लाभ चर्चा से मिलता है, हंगामे से नहीं। वहीं, सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि विपक्ष की आवाज दबे नहीं। छोटे दलों को पर्याप्त समय मिले, विधेयकों को जल्दबाजी में पारित न किया जाए और सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हो। यदि सरकार संवाद का रास्ता अपनाएगी तो विपक्ष पर भी रचनात्मक सहयोग का नैतिक दबाव बनेगा। सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों को बुलाने को लेकर विपक्ष का वॉकआउट भी बताता है कि राजनीतिक अविश्वास कितना गहरा हो चुका है। यह अविश्वास तभी कम होगा, जब सरकार सभी दलों के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करेगी तथा विपक्ष भी हर मुद्दे को केवल राजनीतिक संघर्ष का माध्यम बनाने के बजाय जनहित के नजरिए से देखेगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधि सदन है। यदि संसद संवाद की जगह टकराव का अखाड़ा बन जाएगी, तो लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत ही कमजोर पड़ जाएगी। कुल मिलाकर मानसून सत्र में सरकार को जवाबदेही, पारदर्शिता और संवाद का परिचय देना होगा, जबकि विपक्ष को अपनी भूमिका जिम्मेदार और रचनात्मक तरीके से निभानी होगी। लोकतंत्र में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन संसद की कार्यवाही बाधित करना समाधान नहीं हो सकता। इसी तरह सरकार की जिम्मेदारी भी विपक्ष के सवालों का पारदर्शी और तथ्यपूर्ण जवाब देना है। ऐसे में यह मानसून सत्र टकराव का नहीं, बल्कि संवाद, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का अवसर बनना चाहिए।

# संवाद स्थापित करना ही विवेकपूर्ण कदम



मुद्दा
विकास खितौलिया

> लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। यह विश्वास केवल चुनाव जीतने से नहीं मिलता, बल्कि जनता की पीड़ा को सुनने और उसका समाधान करने से बनता है। जब सरकार संवाद से दूरी बना लेती है, तब असंतोष सड़कों पर दिखाई देने लगता है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा उनके साथ मौजूद छात्र और समर्थक मांगों को लेकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और प्रदर्शन कर रहे हैं। देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि वही व्यवस्था से निराश हो गए, तो यह केवल सरकार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की हार होगी। इसलिए समय रहते संवाद स्थापित करना ही सबसे विवेकपूर्ण कदम होगा।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। यह विश्वास केवल चुनाव जीतने से नहीं मिलता, बल्कि जनता की पीड़ा को सुनने और उसका समाधान करने से बनता है। जब सरकार संवाद से दूरी बना लेती है, तब असंतोष सड़कों पर दिखाई देने लगता है। इन दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा उनके साथ मौजूद छात्र और समर्थक अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और प्रदर्शन कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किसी भी व्यक्ति का सहज निर्णय नहीं होता।

यह तब होता है, जब लोगों को लगता है कि उनकी बात सामान्य माध्यमों से नहीं सुनी जा रही। यह आंदोलन केवल एक क्षेत्र या एक व्यक्ति का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि शासन, संवाद और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है। इसी समय देश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी असंतोष कम नहीं है। देश का युवा भी एक अलग संघर्ष लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों का भरोसा हिला दिया है। वर्षों की मेहनत, परिवार की उम्मीदें, आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक तनाव के बाद जब परीक्षा की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े हो जाएं, तो युवाओं का व्यवस्था पर भरोसा डगमगाना स्वाभाविक है। पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। सरकारें बदलती रहती हैं, मंत्री पद दोबारा मिल सकता है, लेकिन एक छात्र का खोया हुआ वर्ष वापस नहीं आता। परीक्षा रद्द होती है, दोबारा आयोजित होती है, लेकिन उस दौरान छात्रों का समय, मेहनत, पैसा और मानसिक संतुलन कौन लौटाएगा? सार्वजनिक चर्चा में यह भी बार-बार कहा जाता रहा है कि परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और मानसिक दबाव के कारण कई छात्रों ने आत्महत्या जैसे दुखद कदम उठाए हैं। भले ही इन घटनाओं के पीछे कई सामाजिक और व्यक्तिगत कारण भी हो सकते हैं, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार पैदा हो रहे संकट ने युवाओं की चिंता और निराशा को बढ़ाया है। सरकार की जिम्मेदारी केवल दोषियों को पकड़ने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करने की भी होनी चाहिए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कठोर प्रणाली ना होने के कारण देश की सभी सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में पेपर लीक घटनाएं हुई है। अनेक बार परीक्षा प्रणाली में बार-बार सामने आई खामियों ने देश के युवाओं के मन में कई सवाल खड़े किए हैं। आखिर बार-बार पेपर कैसे लीक हो जाते हैं? जिम्मेदार कौन है? क्या केवल छोटे कर्मचारियों या गिरोहों पर कार्रवाई पर्याप्त है, या फिर प्रशासनिक जवाबदेही भी तय होनी चाहिए? लोकतंत्र में सत्ता अधिकार के साथ उत्तरदायित्व भी लेकर आती है। इसलिए जनता यह जानना चाहती है कि ऐसी घटनाओं की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी कौन स्वीकार करेगा। ऐसे में सरकार से यह सवाल पूछा जाना स्वाभाविक है कि क्या पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाओं की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी तय नहीं होनी चाहिए क्या? क्या केवल निचले स्तर पर कार्रवाई पर्याप्त



है, या फिर जवाबदेही ऊपर तक भी तय होनी चाहिए? आंदोलनकारी छात्रों, सोनम वांगचुक, विपक्ष और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग भी उठाई जा रही है। जबकि हमें पता है कोई भी इस्तीफा अपने आप में समाधान नहीं होता, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करने की परंपरा शासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करती है। इसी कारण जनता का विश्वास केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि परिणामों से लौटता है।

दूसरी ओर, सरकार का कहना है कि पेपर लीक के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है और परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कानूनी तथा तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। लोकतंत्र में इन दोनों पक्षों के बीच गंभीर संवाद होना आवश्यक है, क्योंकि केवल आरोप-प्रत्यारोप से समस्या का समाधान नहीं निकलता। जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन को लेकर सरकार का रवैया भी चर्चा का विषय है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को यह समझना चाहिए कि संवाद कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता की निशानी है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह आंदोलनकारियों की बात सुने, चाहे उनकी सभी मांगों से सहमत हो या नहीं। उनकी बात सुनना और संवाद स्थापित करना सरकार का दायित्व अवश्य है। संवाद की कमी अक्सर आंदोलनों को लंबा खींच देती है और इससे समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। इतिहास गवाह है कि कई बार समय रहते संवाद न होने के कारण छोटे आंदोलन बड़े जनआंदोलन का रूप ले लेते हैं। जिस कारण राजनीतिक रूप से भी सरकार को नुकसान उठाना पड़ता है। जब आंदोलन लंबा और आक्रामक हो जाता है, विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को राजनीति अवसर पैदा करती है। इसी कारण यह भी सच है कि बड़े आंदोलनों में अलग-अलग राजनीतिक दलों और वैचारिक संगठनों की उपस्थिति दिखाई देती है। जंतर-मंतर के आंदोलन को लेकर भी ऐसे दावे किए जा रहे हैं। यदि सरकार केवल इस आधार पर आंदोलन की अनदेखी करेगी कि उसमें विपक्षी या अन्य विचारधाराओं के लोग मौजूद हैं, तो मूल प्रश्न पीछे छूट जाएगा। यदि सरकार केवल राजनीतिक चश्मे से आंदोलन को देखेगी और मूल मुद्दों की अनदेखी करेगी, तो विवाद और गहरा हो सकता है। आज का सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि देश का युवा किस दिशा में जा रहा है।

बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं की अनिश्चितता, पेपर लीक, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव पहले से ही युवाओं को प्रभावित कर रहे हैं। यदि इन परिस्थितियों में उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो असंतोष और बढ़ सकता है। यह समय सरकार के लिए संकेत है कि वह परिस्थितियों को केवल राजनीतिक नजरिए से न देखे। यदि युवाओं का असंतोष व्यापक रूप लेता है, तो उसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक स्थिरता और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी पड़ेगा। लोकतंत्र की सफलता इस बात से तय नहीं होती कि विरोध कितना दबाया गया, बल्कि इस बात से होती है कि विरोध की आवाज़ को कितनी गंभीरता से सुना गया। जनता और सरकार में विश्वास रहना चाहिए, संवाद रहना चाहिए। आज आवश्यकता राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में निर्णय लेने की है। इसलिए जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलनकारियों से सम्मानजनक संवाद शुरू करे। देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि वही व्यवस्था से निराश हो गए, तो यह केवल सरकार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की हार होगी। इसलिए समय रहते संवाद स्थापित करना ही सबसे विवेकपूर्ण कदम होगा।

( लेखक शोधकर्ता एवं विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नवाचार

ऋतुपर्ण दवे




# एग्रो-होम्योपैथी कृषि क्षेत्र की नई क्रांति

होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति जरूर है, लेकिन बहुत ही तेजी से लोकप्रिय भी हो रही है। यह रोगी के समग्र स्वास्थ्य जिसमें मानसिक और शारीरिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके प्राकृतिक रूप से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की ताकत होती है। होम्योपैथी को एक सुरक्षित चिकित्सा पद्धति माना जाता है, क्योंकि इससे कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। यही होम्योपैथी यदि कृषि के क्षेत्र में भी उपयोगी साबित हो तो इसे किसी चमत्कार से कम नहीं कहा जा सकता। इन दिनों दुनिया भर में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर न केवल बड़े-बड़े शोध चल रहे हैं बल्कि तेजी से उपयोग भी बढ़ रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। कृषि क्षेत्र में इसका सफल प्रयोग कई दशकों से हो रहा है। इसकी शुरुआत हालांकि शौकिया तौर पर हुई, लेकिन जब इसके फायदे नजर आने लगे तो तेजी से शोध और परीक्षण भी होने लगे और लोगों की इसको लेकर उत्सुकता भी बढ़ी। अब नतीजे भी दिखने लगे हैं। होम्योपैथी दवाओं के टिंचर की कुछ बूंदें थोड़े से पानी में मनुष्यों को देकर यह विश्वास उत्पन्न किया जाता है कि यह बीमारी की जड़ तक पहुंचकर उसका समाधान करता है। बस यही फॉर्मूला कृषि क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। वास्तव में होम्योपैथिक दवाएं बैक्टीरिया या कीटों को सीधे नहीं मारकर,पौधों की अपनी जैविक प्रणालियों को प्रभावित करती है जिससे वो अपना प्राकृतिक रक्षा तंत्र,जरूरत के हिसाब से विकसित और सक्रिय कर पाते हैं। एग्रीकल्चर सेक्टर में होम्योपैथी का उपयोग उसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें किसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए धीरे-धीरे डायल्यूट दवाओं से किसी बीमारी को काबू किया जाता है, जिससे वह जड़ से ही समाप्त हो जाती है। यह पौधों की आनुवंशिक गतिविधियों और चयापचय यानी मेटाबॉलिज्म में परिवर्तन की प्रक्रिया को प्रेरित कर सकता है। इससे रक्षा प्रणालियां सक्रिय होती हैं। देश में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर पुडुचेरी प्रयोग खासा सफल और चर्चाओं में है। श्री अरबिंदो सोसाइटी (एसएएस) की अगुवाई में एक नई पहचान बन रही है। एग्रो-होम्योपैथी से दोहरा लाभ भी सामने आया। जहां पानी की खपत घटी और इस कारण भूजल स्तर भी बढ़ा। 2018 में शुरू हुई आहार परियोजना में कृषि क्षेत्र में होम्योपैथी के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए शुरू हुए इस प्रोजेक्ट की सफलता का अंदाजा इसी से लगता है कि कुछ ही समय में इसे नाबार्ड और उसके बाद टाटा ट्रस्ट का समर्थन मिला। वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद जब यह फॉर्मूला खेतों में पहुंचा तो वहां भी बेहद असरकारक रहा। पहले भिंडी उसके बाद धान की उपज में काफी सकारात्मक परिणाम आए। इससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ी जिससे रसायनों पर निर्भरता घटी। सर्वविदित है कि खेतों में उर्वरकों का छिड़काव करने से मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को नुकसान होता है, लेकिन कृषि-होम्योपैथी के मिश्रण ने पत्तियों को नई जान तो दी, साथ ही पौधों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। शोधकर्ताओं ने कृषि-होम्योपैथी की लागत को बेहद सस्ती पाया। पहले जहां कृषक 20 से 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर रसायनों पर व्यय करता था, वहीं होम्योपैथिक दवाओं पर केवल 700 रुपये प्रति हेक्टेयर ही खर्च कर और भी बेहतर परिणाम हासिल करने लगा। यह कमाल ही था जो होम्योपैथिक दवाओं की चंद मिलीमीटर दवाओं ने सैकड़ों लीटर पानी में घुले रसायनों पर भारी पड़ कर असर दिखाया। इससे खेती में हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल रुकने से फसल की चमक और पुष्टता भी बेहतर हुई, जिससे किसानों को उपज की अच्छी कीमत मिलने लगी। होम्योपैथी दवाएं वनस्पतियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को जबरदस्त बढ़ाती हैं। इससे वनस्पतियां, फसल होने वाली बीमारी को अपने आप ठीक कर लेते हैं। एग्रो-होम्योपैथी में अलग-अलग और बेहद सस्ती चंद मिलीमीटर दवाएं बीजों के अंकुरण से लेकर रोगों से बचाव और फूलने-फलने को बेहतर बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। ये दवाएं कीट प्रबंधन की दिशा में भी काफी सफल हैं। यहां तक कि फसल में वायरस या बैक्टीरिया के दुष्प्रभावों पर भी असरकारक हैं। वह दिन दूर नहीं, जब निरंतर शोध और प्रयोगों के बाद एग्रो-होम्योपैथी की भी ढेरों और अलग-अलग शाखाएं बनना तय है। यह भविष्य का वृहद कृषि पारिस्थितिकी तंत्र होगा। इसमें भी उपचारों की अलग-अलग विधियां होंगी। इतना तो तय है कि रसायनों और उर्वरकों के बोझ से आहत मिट्टी को यदि कोई नया जीवन और जहरीले तत्वों से मुक्ति दिलाएगा तो वह भविष्य का एग्रो-होम्योपैथी सेक्टर होगा। वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी की नई शाखा यानी एग्रो-होम्योपैथी जल्द ही अपनी शानदार धमक दिखाने को तैयार है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।


# गुरु की सीख से बड़ी मुश्किलें भी होती हैं दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### रेलवे के विकास को रफ्तार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कुछ रेल्वे स्टेशन के आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण रेलवे स्टेशन को आमजन को समर्पित किया। यह रेलवे स्टेशन आधुनिक जैसी सुविधाओं वाला हो गया। इससे छत्तीसगढ़ के लोगों को बहुत ज्यादा फायदा होगा। केंद्र सरकार रेलवे को विकास की पटरी पर दौड़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है और उम्मीद है कि सरकार देश के सभी रेलवे स्टेशनों की काया पलट देगी। हर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हर सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार ने रेलवे का विस्तार शुरू किया है। अब तो यहां के लोगों को भी आधुनिक और नई तकनीक की ट्रेन वंदे भारत की सौगात मिली है। इसके साथ ही हाइड्रोजन ट्रेन भी विकास को दर्शाती है।

*– रुहिश कुमार, रोहतक*

## ट्रेंड

### युवा अचीवर्स को बधाई



ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित इंटर नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड और विलनियस, लिथुआनिया में आयोजित इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले हमारे होनहार युवा अचीवर्स को हार्दिक बधाई।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### वांगचुक को उठाना गलत



मोदी सरकार के मुख्य सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं। सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाना, जबकि वे अहिंसक भूख हड़ताल पर थे, गलत है। पेपर लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या भारत के भविष्य के लिए गंभीर मुद्दे हैं।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### सरप्लस राज्य



हम बिजली के मामले में सरप्लस (अतिरिक्त उत्पादन करने वाले) राज्य हैं। कुछ दिन पहले पंजाब के साथ समझौता हुआ है। हम तीन साल तक पंजाब को बिजली की सप्लाई करेंगे। चंडीगढ़ में हमारी 7.19% हिस्सेदारी है। हम अपने अधिकार हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### बौद्धिक क्षमता का परचम




देबदत्त प्रियदर्शी, हर्षित सिंघल, कबीर चिल्लर और संदीप कुची ने 58वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर ग्लोबल मंच पर भारत की बौद्धिक क्षमता का परचम लहराया है। चारों गोल्ड मेडल विजेताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर


# अमेरिका में मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ मनाई गई



अमेरिका में आयोजित मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ के समारोह में अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम हाथ में केसरिया ध्वज लेकर पारंपरिक नृत्य करते नजर आए और उन्होंने भारतीय समुदाय से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस समारोह में प्रवासी भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। वर्जीनिया के 10वें डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्रमण्यम ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पारंपरिक शोभायात्रा में भी हिस्सा लिया। शनिवार को समारोह की शुरुआत पारंपरिक ढोल-ताशे की गूंज के बीच निकली इस शोभायात्रा से हुई। वर्जीनिया से अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर और मिशिगन से कांग्रेस सदस्य श्री थानेदार ने समारोह के लिए अपने बधाई संदेश भेजे, जिन्हें वर्जीनिया के लीसबर्ग में आयोजित कार्यक्रम में पढ़कर सुनाया गया। सुब्रमण्यम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'जब आप अपने देश से दूर किसी दूसरे देश में रहते हैं, तब अपनी परंपराओं को जीवित रखना आसान नहीं होता। लेकिन हमारी परंपराएं बेहद महत्वपूर्ण हैं और अगली पीढ़ी ही इन्हें आगे बढ़ाएगी।' उन्होंने कहा, मैं आप सभी का आभारी हूं कि आप हमारे समुदाय को अपनी समृद्ध परंपराओं और अपने उत्कृष्ट कार्यों से परिचित करा रहे हैं।

## ऑफ बीट

# आज सबसे बड़ी चुनौती बन रहे 'सूक्ष्म प्लास्टिक कण'



सूक्ष्म प्लास्टिक कण (माइक्रोप्लास्टिक) आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। ये समुद्रों, पीने के पानी, समुद्री भोजन और हमारी सांसों की हवा में तो पहले ही मिल चुके हैं। अब ये मानव शरीर के लगभग हर हिस्से- प्लेसेंटा (गर्भनाल) से लेकर मस्तिष्क तक में भी पाए जा रहे हैं। एक नए अध्ययन ने इस सूची में एक और अंग जोड़ दिया है- हृदय को रक्त पहुंचाने वाली कोरोनरी धमनियां। हालांकि कोरोनरी रक्त में सूक्ष्म प्लास्टिक कण का मिलना चिंता का विषय है, लेकिन अध्ययन का सबसे दिलचस्प निष्कर्ष प्लास्टिक नहीं, बल्कि यह है कि ये वहां तक पहुंच कैसे रहे हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान करने वाले लोगों में, धूम्रपान न करने वालों की तुलना में हृदय को रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में सूक्ष्म प्लास्टिक और अति सूक्ष्म प्लास्टिक कण पाए जाने की आशंका छह गुना अधिक थी। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह रही कि जो लोग धूम्रपान करते थे और साथ ही अत्याधिक प्रदूषित माहौल में रहे, उनमें से हर व्यक्ति के रक्त में प्लास्टिक के कण पाए गए। इसके विपरीत, जो लोग न तो धूम्रपान करते थे और न ही अधिक प्रदूषित माहौल में रहते थे, उनमें केवल 12 .5 प्रतिशत लोगों के रक्त में ऐसे कण मिले।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कच्ची शराब बेचते हैं आरोपी, मुखबिरी के संदेह में की मारपीट

# शराब दुकान के गद्दीदार से मारपीट, पंद्रह हजार छीने, शराब भी साथ ले गए बदमाश

शिकायत के बाद पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया

चार नामजद आरोपियों पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित इमली चौकी इलाके में धमर्रा गांव की कंपोजिट दुकान पर पहुंचे आधा दर्जन बदमाशों ने गद्दीदार (सेल्समैन) और दुकान में बैठे दो युवकों से मारपीट करते हुए पंद्रह हजार रुपए की नगदी छीन ली। बदमाशों ने धारदार हथियार दिखाते हुए गद्दीदार सहित कर्मचारियों को धमकाया और दुकान से कुछ मात्रा में शराब भी लेकर गए हैं। पुलिस ने गद्दीदार की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट और छीनाझपटी की धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार विजय चौकसे (50) मूलतः गुना के रहने वाले हैं और गांव धमर्रा की कंपोजिट शराब दुकान में गद्दीदार हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार सुबह वह दुकान में थे। सुबह करीब दस बजे के आसपास वह दुकान में दो अन्य कर्मचारियों के साथ थे। इसी दौरान निरपत बिजोरी, जगदीश कंजर, नरेश कंजर और अनय कंजर अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचा था। आरोपियों ने पहुंचते ही गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोपी अपने पास धारदार हथियार रखें हुए थे। हथियार दिखाकर आरोपियों ने दुकान के गल्ले से पंद्रह हजार रुपए की नगदी छीनी। इसके अलावा वह दुकान से शराब भी लेकर गए हैं।

### आबकारी सहित पुलिस को सूचना देने के संदेह में आरोपियों ने की मारपीट

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी कच्ची शराब का व्यवसाय करते हैं। उन्हें संदेह था कि कंपोजिट दुकान वाले कच्ची शराब पकड़ने और आबकारी सहित पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई कराते हैं। इस कार्रवाई में उनका नुकसान होता है। लिहाजा उन्होंने मुखबिरी के संदेह में गद्दीदार और दुकान में मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट कर छीना झपटी की वारदात की है। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना आवेदन 31 अगस्त से

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किए जा सकेंगे। योजना के प्रभावी संचालन के लिए एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से पात्र दिव्यांग विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही जिला कार्यालयों में प्राप्त ऑफलाइन आवेदनों को भी संयुक्त अथवा उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

कर्मश्री की बैठक में तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर की चर्चा

# हर घर तिरंगा अभियान ने तिरंगे के प्रति सम्मान व आत्मीयता को जन-जन का उत्सव बना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तथा अखंड भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 अगस्त को आयोजित होने वाली भारत की विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को हिंदी भवन में कर्मश्री की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कर्मश्री के कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों, राष्ट्रभक्तों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद कर यात्रा की तैयारियों, जनसहभागिता और



संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में रामेश्वर शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता, अखंडता और भारतीय संस्कृति के गौरव का जन-आंदोलन है। यह यात्रा देशभक्ति की उस भावना को सशक्त करती है, जो प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रहित के लिए समर्पित होने की प्रेरणा देती है।

### यूसीसी बिल की स्वीकृति का किया स्वागत

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, महिलाएं, सामाजिक संगठन एवं राष्ट्रभक्त इस यात्रा में शामिल होकर भारत माता के जयघोष के साथ राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करेंगे। हर घर तिरंगा अभियान ने तिरंगे के प्रति सम्मान और आत्मीयता को जन-जन का उत्सव बना दिया है। बैठक के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल के ग्राम जगदीशपुर में आयोजित मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को स्वीकृति दिए जाने का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



औबेदुल्लागंज क्षेत्र के राधेश्याम पटेल का थाना प्रभारी के पद पर पदोन्नति होने पर सागर एसपी स्टार लगाते हुए।

### स्टील की थाली और गिलास किया भेंट



**औबेदुल्लागंज।** जय प्रकाश शर्मा मित्र मंडल द्वारा क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए स्टील के बर्तन एवं खंड वाली थालियों के उपयोग का जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया है। इस अवसर पर इंडस निवासी मुकेश मालवीय द्वारा अपने पिता स्व. डॉ. जीसी मालवीय एवं माताजी स्व. रुक्मणी देवी मालवीय की स्मृति में थालियां एवं गिलास का सेट सहयोग के रूप में भेंट किया। इस अवसर पर मनीष गोशिंदे भी उपस्थित रहे।

### चार इमली में लगा नेत्र रोग निदान शिविर



**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा भोपाल उत्सव मेला समिति एवं मध्य प्रदेश राजपूत समाज संस्था के सहयोग से रविरवार को भोपाल के चार इमली क्षेत्र में निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 253 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई, जिसमें 60 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें चिकित्सालय की एंबुलेंस से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर में भर्ती कराया गया। यहां उनकी आंखों की जांच कर मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद योगेंद्र (गुड्डू) चौहान, राजकुमार जौहरी, राजेश कुशवाह, वीरेंद्र कुमार जैन श्रीजी एवं ओमप्रकाश खुराना, अभय सोलंकी आदि उपस्थित थे।

मानव तस्करी का संदेह, बुजुर्ग दंपती की तलाश जारी

# परिवार से रूठकर बिहार से निकली नाबालिग बुजुर्ग दंपती ने भोपाल निवासी से करा दी शादी

1 पुलिस ने सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाया और परिजन से संपर्क हो गया

2 एक साल से बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराने पुलिस के काट रहे चक्कर, लेकिन बिहार पुलिस ने नहीं की एफआईआर

3 नाबालिग को अपनी बहन के घर जाना था पर गलती से दूसरी ट्रेन में बैठ गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवार से रूठकर बिहार से निकली नाबालिग को बुजुर्ग दंपती ने इंदौर में रखा फिर भोपाल लाकर उसकी एक युवक से शादी करा दी। नाबालिग शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बारह नंबर मल्टी में एक युवक के साथ रह रही थी। युवक उसका दैहिक शोषण करता रहा। नाबालिग किसी तरह मल्टी से निकलकर थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाया और परिजन से संपर्क हो गया। परिजन ने बताया कि एक साल पहले बेटी घर से निकली थी। उसकी गुमशुदगी और अपहरण की एफआईआर कराने एक साल बीत गया, लेकिन बिहार पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया। शाहपुरा पुलिस ने उसके कथित पति पर दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। बुजुर्ग दंपती की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद पता चल सकेगा कि उन्होंने इस तरह की घटनाएं और भी की है या नहीं। पुलिस को अनुमान है कि प्रकरण मानव तस्करी से जुड़ा हुआ है।

*नाबालिग को इंदौर लेकर पहुंचे दंपती, दो दिन रखा, फिर भोपाल के बारह नंबर मल्टी में रहने वाले युवक से शादी करा दी*

### मौका मिलते ही नाबालिग घर से भागी और थाने पहुंच दी जानकारी

गणेश कौशल उसे मल्टी में रखे हुए था और दैहिक शोषण कर रहा था। गणेश कौशल प्राइवेट काम करता है। शनिवार सुबह वह काम पर गया था। इसी बीच मौका मिलते ही नाबालिग घर से निकलकर थाने पहुंच गए। वहां उसने पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने बिहार पुलिस से संपर्क कर बिहार के वाट्सएप ग्रुप पर किशोरी की तलाश के लिए कैंपेन चलाया और परिजन से संपर्क हो गया। परिजन भोपाल पहुंचे। उन्होंने शाहपुरा पुलिस को बताया कि करीब एक साल से वह अपनी बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए पुलिस के चक्कर काट रहे थे, लेकिन बिहार पुलिस ने अपहरण की एफआईआर तो छोड़ो बेटी की गुमशुदगी तक दर्ज नहीं की।

### रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग मिले

पुलिस के अनुसार 16 साल कि नाबालिग मूलतः बिहार की रहने वाली है। एक साल पहले वह घर में माता पिता से अनबन होने के बाद नाराज होकर निकल गई। बिहार के रेलवे स्टेशन पर वह बैठी थी और अपनी बहन के घर जाना था, लेकिन गलत ट्रेन में बैठ गई और गलत रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। रेलवे स्टेशन पर उसे बुजुर्ग दंपती मिले। उन्होंने कहा कि हमारे साथ चलों हमारी दो छोटी बेटियां है। बुजुर्ग दंपती को उसने मना किया, लेकिन वह उसे बहला फुसलाकर साथ ले आए। वह नाबालिग को इंदौर लेकर पहुंचे और दो दिन रखा। बाद में भोपाल के बारह नंबर मल्टी में रहने वाले गणेश कौशल से उसकी शादी करा दी।

### लोडिंग वाहन ने बाइकर्स को कुचला, मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सुरेंद्र लैंडमार्क और शनि मंदिर के बीच रविवार सुबह एक बाइकर्स को लोडिंग मैजिक वाहन ने कुचल दिया। लोडिंग वाहन का पहिया पेट के ऊपर पर से गुजरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संदीप पिता प्रेमबहादुर (28) बिड़ला मंदिर के पास अरेरा हिल्स में रहता था। मूलतः बड़कुई, तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा निवासी संदीप प्राइवेट काम करता था। उसे बाइक का शौक था। वह अपने आठ दस साथियों के साथ बाइक से राइडिंग के निकला था। वह सुरक्षा के लिहाज से पूरी किट पहने हुए था। रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे के आसपास संदीप अपनी केटीएम बाइक से मिसरोद पहुंचा। उसने सामने चल रहे मैजिक लोडिंग वाहन को ओवरटैक करने का प्रयास किया और बाइक लोडिंग वाहन के सामने ले जाकर ब्रेक लगा दिए। इधर, मैजिक वाहन के चालक से रफ्तार में ब्रेक नहीं लगा और उसने संदीप की बाइक को टक्कर मार दी।

## पचौरी ने की मुख्यमंत्री और तोमर से भेंट





**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने रविवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। उसके बाद मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भी मिले और चर्चा की।

नव नियुक्त पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

## दयालदास फिर बने साधु वासवानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

महाविद्यालय परिसर में साधु वासवानी एजुकेशनल सोसाइटी के त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से दयालदास डेटानी अध्यक्ष, सुरेश दरियानी उपाध्यक्ष, राजेन्द्र मनवानी महासचिव, अशोक आडवानी सचिव, दिनेश वाधवानी कोषाध्यक्ष, हेमन्त आसवानी आडीटर, मुस्कान डेटानी, सांस्कृतिक सचिव, सुचित्रा आसवानी क्रीडा सचिव, सान्या मनवानी एवं हेमा वाधवानी, हेल्थ एण्ड हाइजेन कमेटी सदस्य एवं इन्दर कुमार आडवानी कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए। सभी सदस्यों ने का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने सदस्यों को फूल माला एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सोसाइटी के सदस्यों ने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

### तालाब में मिली युवक की लाश

**भोपाल।** तलैया थाना पुलिस ने वीआईपी रोड, बड़े तालाब से रविवार दोपहर एक युवक की लाश बरामद की है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिल सका, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। हालांकि युवक की जेब से मोबाइल जरूर मिला है, लेकिन पानी में रहने के कारण मोबाइल पूरी तरह से खराब हो चुका है। सिम भी खराब हो चुकी है। अनुमान है कि लाश करीब दो दिन पुरानी है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर सूचना मिली थी कि किसी युवक का शव बड़े तालाब में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से लाश बाहर निकाल मर्चूरी भेज दी।

साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बताए उपाय

## बीएचईएल में वित्तीय जागरुकता एवं निवेशक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संसाधन विकास केंद्र कार्यशाला, भोपाल में सेबी एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय जागरुकता एवं निवेशक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरिफ अहमद सिद्दीकी (एचओडी, एचआरडीसी) एवं कार्यशाला कीर्ति सिंह (प्रबंधक कार्यशाला, एचआरडीसी) उपस्थिति रहीं।

कार्यक्रम में जैनेन्द्र शांडिल्य, उप महाप्रबंधक सेबी तथा अभिजीत नंदमेहर, उप प्रबंधक एनएसई ने प्रतिभागियों को वित्तीय योजना, बचत, निवेश के विभिन्न विकल्पों एवं सुरक्षित निवेश के महत्व से अवगत कराया। साथ ही ओटीपी, यूपीआई, केवायसी फिशिंग तथा अन्य साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

तामोट पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

## कांग्रेस को गांव-गांव तक मजबूत करना है: अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के तामोट पहुंचने पर कांग्रेस कार्यर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। तामोट के नेता पूर्व सरपंच श्याम सिंह चौहान, चौहान सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य चंदा चौहान ने भी स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक देवेंद्र पटेल सिलवानी साथ रहे। इस अवसर पर अजय सिंह राहुल ने कहा कि कांग्रेस को गांव-गांव तक मजबूत करना है एवं सभी कार्यकर्ता मिलकर कांग्रेस को मजबूत करें। इस अवसर पर परेश नागर, पवित्र कौर आदि मौजूद रहे।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष 22 को लेंगे शपथ

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक महासचिव पंकज शर्मा ने बताया की 22 जुलाई को राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष श्रीनिवास अपने पद की शपथ लेंगे, जिसमें औबेदुल्लागंज एवं रायसेन जिले के सेवादल के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उपस्थित होंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव एवं कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष मेघराज सिंह चौहान ने बताया की रायसेन जिले के बाड़ी, बरेली, सुल्तानपुर, चिकलोद, गौहरगंज, औबेदुल्लागंज आदि जिलों से कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं मीडिया प्रभारी सहित लगभग 40 से 50 लोग नई दिल्ली शपथ समारोह में शामिल होंगे।

### विधायक पटवा पहुंचे अशोक सेठी के घर, जाना हाल



**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा ने रविवार को नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष, बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष एवं व्यापारी संघ के संरक्षक अशोक सेठी के निवास पहुंचकर उनका स्वास्थ्य हाल जाना। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात की और अशोक सेठी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

वार्ड पांच स्थित आरोग्य केंद्र रोड का किया भूमिपूजन

## प्रशासन से आर्थिक सहयोग नहीं मिलने के बावजूद वार्ड में विकास कार्य जारी: मारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

क्षेत्रीय पार्षद अशोक मारन ने कहा कि आर्थिक सहयोग नहीं मिलने के बावजूद भी मेरे वार्ड में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में वार्ड पांच स्थित आरोग्य केंद्र रोड का भूमिपूजन किया गया। पार्षद द्वारा वार्ड में लगातार विकास कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर पार्षद अशोक मारण ने नारियल फोड़कर भूमि पूजन कर हुए कहा कि मेरा लगातार यही प्रयास है कि मेरे पूरे वार्ड में जल्द से जल्द सभी सड़कों का कायाकल्प हो जाए, ताकि आम जनता को आवागमन में इसी प्रकार की परेशानी न हो।



भूमिपूजन करते विधायक मारण व अन्य।

कार्यक्रम का संचालन प्रकाश वीधानी तथा आभार अशोक गोकलानी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज़ मनवानी, राजा राम वर्मा, रविन्द्र निगम, शांतनु निगम, राजकुमार अग्रवाल, संजय केटवारा, निजामुद्दीन, रामगोपाल यादव, भूषण निगम, महेश गुरबानी, आत्माराम सूर्यवंशी, शम्मी गंगवानी, राजकुमार धानुक, वासु बाघेला, अंकित, कमल, हितेश, नवीन, लखु, प्रमोद अभिषेक, कैलाश सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित थे।

पुलिस कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत शरीर को स्वस्थ बनाने पुलिस लाइन में किया योग और प्राणायाम

पुलिस लाइन, नेहरू नगर में योग, प्राणायाम एवं नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशामुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के उपलक्ष्य में पुलिसकर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने तथा उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन, नेहरू नगर में योग, प्राणायाम एवं नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



पुलिस लाइन में किया योग करते हुए।

कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक रहने तथा स्वयं नशे से दूर रहकर समाज में भी इसके प्रति सकारात्मक संदेश देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

### करीब 700 प्रतिभागी शामिल हुए

कार्यक्रम के दौरान योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग, संतुलित जीवनशैली और नशामुक्त जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि नशे से दूरी बनाकर ही स्वस्थ, अनुशासित एवं तनावमुक्त जीवन संभव है। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, कार्यक्षमता में वृद्धि करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए उन्हें प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, रक्षित निरीक्षक जयसिंह तोमर, पुलिस कर्मचारी एवं आमजन समेत लगभग 700 प्रतिभागी सम्मिलित हुए।



कोलार रोड पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा।

# कोलार में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलने का सिलसिला जारी है। रविवार लगातार चौथे दिन भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। सर्वधर्म चौराहे कोलार इस्कॉन मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की रथयात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हरे कृष्णा के जयकारों पर झूमते दिखे। मार्ग में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। जगह जगह पुष्प वर्षा कर प्रभु जगन्नाथ जी का पूजन आरती कर भव्य स्वागत किया गया एवं जगह जगह भंडारे एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।

## रास्ते भर विभिन्न प्रकार के फलों का किया वितरण

यात्रा में रास्ते भर विभिन्न प्रकार के फलों का वितरण किया गया। इस दौरान स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। रथ यात्रा का प्रारंभ सर्वधर्म चौराहा से शुरू हुई। भगवान का रथ मंदाकिनी चौराहा, बीमा कुंज, बंजारी चौराहा, कोलार थाना, डी मार्ट चौराहे से स्वामी प्रभुपाद मार्ग होते हुए इस्कॉन मंदिर कोलार पहुंचा। यहां 20 हजार से ज्यादा लोगों ने भगवान जगन्नाथ का महाप्रसाद पाया।



कोलार रोड पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान उमड़े भक्त।

## बच्चों ने किया ओडिशी नृत्य

भगवान जगन्नाथ को ओडिशी नृत्य बहुत पसंद है। इसी के चलते इस्कॉन गर्ल्स फोरम की माताओं ने भगवान के रथ के आगे आगे ओडिशी नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भक्तों के बच्चे कृष्ण-बलराम, राधा-कृष्ण, सीताराम, लक्ष्मण,हनुमान, चैतन्य महाप्रभु, गणेश, शिव आदि का रूप धारण करके रथयात्रा की शोभा बढ़ाई।

## कचरा उठाकर रास्ता भी साफ कर रहे थे भक्तजन

रथयात्रा के सबसे आखिर में भक्तजन पूरे रास्ते रथयात्रा के दौरान होने वाले कचरे को साफ करते हुए चल रहे थे ताकि क्लीन भोपाल के नारे को बरकरार रखा जा सके।

## आकर्षण का केंद्र रहा ड्रेस कोड

रथयात्रा के लिए इस्कॉन के विभिन्न फोरम के सदस्यों ने ड्रेस कोड तय किया है। माताजी लोगों के लिए विशेष साड़ी वहीं युवतियों के लिए गोपी ड्रेस व प्रभुजियों के लिए वैष्णव धोती कुर्ता ड्रेस कोड रखा गया। इन फोरम के सदस्य एक साथ भगवान को प्रसन्न करने के लिए नृत्य और कीर्तन किया।

## बाहर से आई रंगोली टीम

रथ आगे आकर्षक और बड़ी-बड़ी रंगोली बनाई गई। दरअसल भगवान के स्वागत की एक परंपरा है। रंगोली बनाने के लिए भोपाल की लोकल टीम के अलावा मुंबई और पुणे से विशेष टीम आई थी।

---

### चतुर्मास के लिए आचार्य समय सागर महाराज 20 मुनियों के संघ के साथ पहुंचे राजधानी

# आचार्य विद्यासागर महाराज राष्ट्र निर्माण, संस्कृति संरक्षण आत्मकल्याण के प्रेरणास्रोत: आचार्य समय सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जैन समाज के लोग रविवार को श्रद्धा और भक्ति में सराबोर नजर आए। चतुर्मास के लिए आचार्य समय सागर महाराज का 20 मुनियों के संघ के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनकी अगवानी के लिए पहुंचे और पूरे मार्ग पर जयकारे गूंजते रहे। नारायण नगर जैन मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा में महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालु आचार्य विद्यासागर महाराज की जय और आचार्य समय सागर महाराज की जय के जयकारे लगाते हुए पूरे मार्ग पर आचार्य संघ के साथ चलते रहे।

रानी कमलापति जिनालय पहुंचने पर भगवान आदिनाथ के दर्शन किए गए। इसके बाद धर्मसभा में श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पित कर अष्टद्रव्य से आचार्य श्री के गुणों की वंदना की। इस मौके पर आचार्य समय सागर महाराज ने आचार्य विद्यासागर महाराज के दीक्षा दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज राष्ट्र निर्माण, संस्कृति संरक्षण और आत्मकल्याण के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके बताए आदर्श समाज को हमेशा सही दिशा देते रहेंगे। इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग ने महाराज का अगुवानी की।

## बीच सड़कों पर रंगोली बनाकर किया स्वागत



आचार्य समय सागर महाराज का 20 मुनियों के संघ के साथ भव्य मंगल प्रवेश।

नाके चौराहे पर मुनि निर्णय सागर महाराज, उपाध्याय विश्रुत सागर महाराज और निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज सहित संघ ने आचार्य समय सागर महाराज की परिक्रमा कर चरण वंदना की। यह दृश्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। जैन समाज ने सड़कों पर रंगोली बना का स्वागत किया। शोभायात्रा में जीव दया, गोसेवा और हथकरघा को बढ़ावा देने वाली आकर्षक झांकियां शामिल रहीं।



चतुर्मास के धार्मिक कार्यक्रम में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब।

## श्री नारायण संदेश परिषद की आम सभा में भक्ति और समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों के उत्थान का लिया संकल्प

### परिषद के नए पदाधिकारियों का निर्वाचन, पी. सुभाष फिर बने अध्यक्ष

श्री नारायण संदेश परिषद कोलार रोड की वार्षिक आम सभा रविवार को संपन्न हुई। सभा में वर्ष 2026-2028 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। इसमें पी. सुभाष को पुनः अध्यक्ष व डी. बाबू को महासचिव निर्वाचित किया गया। तो वहीं डी. पुष्पराजन उपाध्यक्ष, आर. अशोक कुमार संयुक्त सचिव, वी. एन. शशि कोषाध्यक्ष, राजलक्ष्मी बाबू सह-कोषाध्यक्ष, एस. गोपाकुमार सचिव दीपक दामोदरन सचिव , एम. टी. सुशीलन सचिव तथा सौधा सुभाष सचिव चुने गए। इस मौके पर सभी सदस्यों ने भक्ति और समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों के उत्थान व जनकल्याण करने का संकल्प लिया। पहली बार दस महिलाओं प्रतिनिधि बनायाः आम सभा में कार्यकारिणी समिति के लिए 10 महिला प्रतिनिधियों और 5 युवा विंग प्रतिनिधियों का भी मनोनयन किया गया। वहीं वीएस चंद्रशेखरन एवं पीटी सतीशन को सर्वसम्मति से आंतरिक लेखा परीक्षक चुना गया।



श्री नारायण संदेश परिषद कोलार रोड की वार्षिक आम सभा रविवार को संपन्न।

---

### भव्य दिशा सनातन संवाद का आयोजन

# राम मंदिर चंदा चोरी विवाद सनातन के विरुद्ध षड्यंत्र : पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सनातन संवाद कार्यक्रम में मौजूद पं. मिश्रा।

विश्व विख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने राम मंदिर चंदा चोरी विवाद के सवाल पर बेवाकी से अपनी राय रखी, उन्होंने इसे सनातन के विरुद्ध षड़यंत्र बताया... उन्होंने सनातनियों को एकजुट होने का सन्देश दिया।

वे रवींद्र भवन में श्री दिशा भक्ति द्वारा आयोजित सनातन संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव से जुड़े सरल उपायों का वर्णन करते हुए "एक लोटा जल" के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ किया गया छोटा सा प्रयास भी जीवन में बड़े परिवर्तन ला सकता है। इस आध्यात्मिक आयोजन में देशभर से पधारे पूज्य संत-महात्माओं, विद्वान वक्ताओं एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को दिव्यता और श्रद्धा से ओत-प्रोत कर दिया।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

*कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक एवं सनातन धर्म ध्वजवाहक परम पूज्य पंडित श्री प्रदीप मिश्रा की अध्यक्षीय उपस्थिति में संतों ने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर परम पूज्य श्रीमद जगद्गुरु विष्णु स्वामी भैय्या जी महाराज, एवं महंत श्री अनिलानंद जी महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं ने सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और युवा पीढ़ी की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन में आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर भी शामिल हुए।*

## भारतीय परंपराओं का महत्व

संत-महात्माओं ने सनातन संस्कृति की महानता, भारतीय परंपराओं के महत्व और वर्तमान समय में युवा पीढ़ी की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से अपनी जड़ों से जुड़ने, संस्कारों को अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी संत-महात्माओं, अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया।

---

# शॉल ओढ़ाकर हुआ जन्मदिन धारकों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- कल्याण समिति की मासिक बैठक संपन्न

मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की जुलाई माह की मासिक बैठक एवं जुलाई माह के जन्मदिन धारकों का स्वागत-सम्मान-शुभकामना समारोह एक निजी होटल में संपन्न किया गया। सर्वप्रथम कल्याण संघ के अध्यक्ष व्हीकेएस परिहार ने धारा 49 के विषय में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सरकार के बीच हुए समझौते की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों का डीए, डीआर बढ़ने में आ रही अड़चनों को अब हटा दिया गया है।



कल्याण संघ के प्रवर्तक व संरक्षक सदस्य केके सक्सेना एवं एचडी मोतीरमानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं शॉल उढ़ाकर स्वागत व सम्मान करते हुए दी गई। साथ ही अन्य उपस्थित जन्मदिन धारक सदस्यों, केआर पाटिल, राम अवतार शर्मा, आरके सिंह, पीएस अतुलवार, ओपी सिकरवार, वीके एस परिहार, एसके टंडन, जीके भरदिया, संजय निहलानी, एके सिंह आदि को भी शॉल उढ़ाकर स्वागत-सम्मान करते हुए शुभकामनाएं दी गईं। कुछ सदस्यों द्वारा गीत गायन किया गया। साहित्यिक-आध्यात्मिक रोचक प्रश्नावली प्रतियोगिता के सही उत्तर देने वाले लोगों को एचडी मोतीरमानी की ओर से नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

# ताम्रकार समाज ने पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ताम्रकार समाज द्वारा पौधरोपण का आयोजन किया गया। समाज की भोपाल इकाई ने प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र पैगवार के आह्वान पर भेल क्षेत्र में पौधरोपण किया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से भगवान सहस्त्रअर्जुन की पूजा की। समाज के लोगों ने स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण करने का संकल्प लिया। साथ ही जोर दिया कि पौधों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। सामूहिक आरती के बाद मनोनीत किए गए मार्गदर्शक मंडल के सदस्य सत्यनारायण पैगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर आरके ताम्रकार, भोपाल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामदयाल ताम्रकार सहित अन्य पदाधिकारियों का समाज द्वारा स्वागत किया गया।



### वार्ड 37 और 38 में भूमिपूजन, कैलाश सारंग पार्क में ओपन जिम का लोकार्पण

# मंत्री सारंग ने 24.78 करोड़ रुपए के 10 विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 एवं 38 में 24 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से होने वाले 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया तथा कैलाश सारंग पार्क स्थित ओपन जिम का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।



मंत्री सारंग ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण।

## नरेला में होगा आधुनिक सीवेज नेटवर्क का विस्तार

सारंग ने कहा कि आधुनिक एवं व्यवस्थित सीवेज व्यवस्था किसी भी शहर के सुनियोजित विकास का आधार होती है। अमृत परियोजना के माध्यम से नरेला विधानसभा में व्यापक स्तर पर सीवेज नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है, जिससे हजारों परिवारों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर शहरी सुविधाएं मिलेंगी।

---

### केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने काउंसिल से की जांच करने की मांग

# बरकतउल्ला के पूर्व छात्र ने की शिकायत एनसीटीई की टीम ने फर्जी कॉलेज पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- अब कुछ अन्य कॉलेजों की भी जांच करने की बात आ रही है सामने

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध चार बीएड कॉलेजों का फर्जीवाड़ा सामने आया है। इनमें प्रमुख रूप से श्रीराम कॉलेज, बगलामुखी, जेवियर और कमलनाथ कॉलेज के नाम शामिल हैं। अब कुछ अन्य कॉलेजों की भी जांच की बात सामने आ रही है। भोपाल के इस मामले में एनसीटीई (नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन) की टीम ने इन कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई की है। अधिकारियों के अनुसार नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) की एक जांच टीम को बरकतउल्ला विवि से जुड़े चार बीएड कॉलेजों में बड़ी कमियां मिली हैं, जिससे उनकी मान्यता रद्द होने का खतरा है। बताया गया है कि यह जांच 13 जून की एक रिपोर्ट के बाद शुरू की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कई फर्जी कॉलेज या तो अपने बताए गए पते पर मौजूद नहीं थे या फिर खराब इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ चल रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने काउंसिल से इन आरोपों की जांच करने और रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

## बड़े पैमाने पर फैला मामला

दरअसल, यह मामला तब सामने आया जब धर्मेंद्र सिंह गौर ने इस मामले में कई जगह शिकायत की थी। इस मामले में धर्मेंद सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को लेकर बीयू सहित कई आरटीआई लगाई थीं। इससे उन्हें पता चला कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में फर्जी कॉलेज का मुद्दा बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। इसके बाद उन्होंने एनसीटीई सहित कई जगह शिकायत की थी।

## टीम ने यह दस्तावेज खंगाले

जांच टीम ने कॉलेजों के रिकॉर्ड, मूल्यांकन रिपोर्ट, नियमों के पालन और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच की है। उन्होंने जियो-टैग्ड फोटोग्राफी का भी इस्तेमाल किया। जांच के दौरान, अधिकारियों को पता चला कि चौथा कॉलेज भी उसी परिसर से चल रहा था, जहां रिपोर्ट में बताए गए तीन संस्थान संचालित हो रहे थे।

---

### मानस भवन में राष्ट्रीय स्वर्णकार समाज का मातृशक्ति सम्मान समारोह

# एक अगस्त से देशभर में गूंजेगा 'मैं भी स्वदेशी समर्थक' का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**जीवन में शुद्ध, पूर्ण और व्यवहारिक स्वदेशी अपनाना पर जोर**

रविवार को मानस भवन में राष्ट्रीय स्वर्णकार समाज ने मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख (मातृशक्ति) सीमा भारद्वाज उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज केवल सोने को नहीं गढ़ता, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र के संस्कारों को भी गढ़ने का कार्य करता है। आज मातृशक्तियों का सम्मान इसका प्रमाण है कि समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी है। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की सह प्रमुख व स्वर्णकार समाज की जिलाध्यक्ष अंशिका सोनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी, प्रांजलि सोनी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम को संबोधित करतीं स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज।



राष्ट्रीय स्वर्णकार समाज के मातृशक्ति सम्मान समारोह में मौजूद मातृशक्ति।

## मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान डिजिटल एवं निःशुल्क

समारोह में सीमा भारद्वाज ने स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रव्यापी अभियान मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान की जानकारी दी, जो 1 से 20 अगस्त तक पूरे देश में चलेगा। यह अभियान पूर्णतः डिजिटल एवं निःशुल्क है। इसमें अभियान का लिंक भेजा जाएगा। क्यूआर कोड स्कैन कर लोग पंजीकरण कर सकेंगे। इसमें सर्टिफिकेट भी मिलेगा।

### स्वदेशी जीवन-पद्धति, उद्योग, स्टार्टअप व स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना आज की आवश्यकताः सीमा भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख (मातृशक्ति) ने कहा कि जिस प्रकार 24 कैरेट सोना अपनी शुद्धता के लिए जाना जाता है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में शुद्ध, पूर्ण और व्यवहारिक स्वदेशी अपनाना होगा। स्वदेशी जीवन-पद्धति, स्टार्टअप, नवाचार, उद्यमिता, स्वरोजगार एवं सहकारिता को प्रोत्साहित करना आज की आवश्यकता है।

### संगठनों ने लोगों को अभियान से जोड़ने का लिया संकल्प

*कार्यक्रम में उपस्थित संगठनों के प्रतिनिधियों ने अधिकाधिक लोगों को मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान की सह-समन्वयक प्रतिभा शुक्ला तथा सह प्रमुख टीम में संगीता तिवारी, स्वत्रंता गहरे, नंदिनी व्यास, प्रज्ञा शर्मा, मनीषा चौरसिया, हरिओम सेन की उपस्थिति रही।*

# पुंछ में बाढ़ और भूस्खलन ने मची तबाही, सुरनकोट रहा सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र

# एक रात की मूसलाधार बारिश ने उजाड़ दिए कई घर, 11 लोगों की मौत, कई मकान मलबे में दबे और परिवार का अता-पता ही नहीं

एजेंसी ▶▶ पुंछ

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश ने भारी तबाही मचा दी है। शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। कम से कम 4 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 3 बच्चे भी हैं। जिले की सुरनकोट तहसील में बारिश का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। यहां कई घर भूस्खलन की चपेट में आ गए। मालिक मोहम्मद लतीफ और उनके परिवार के 5 अन्य सदस्य लापता हो गए।


पुंछ

## कई गांवों में मौत और तबाही

संगोलियाणी गांव में मकान गिरने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं मरहोट गांव में इरम नाम की नाबालिग लड़की तेज बहाव वाले नाले में बह गई और उसकी मौत हो गई। धुंधक लटूंग पुल के पास एक नाले से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है।


राजौरी

## मड़ा गांव में रेस्क्यू ऑपरेशन तेज


सुरनकोट तहसील के मड़ा गांव में क्षतिग्रस्त मकान से शवों को निकालने का काम जारी है। मलबे से 8शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि गांव में अभी भी 6लोगों के लापता होने की सूचना है।प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में बचाव दल तैनात कर दिए हैं।

## डीसी और एसएसपी ने संभाली स्थिति

पुंछ के उपायुक्त अशोक कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शफकत हुसैन ने घटनास्थलों का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया।प्रशासन, पुलिस और सेना की संयुक्त टीमें लगातार प्रभावित इलाकों में अभियान चला रही हैं।

## शाह ने की उपराज्यपाल और सीएम से बात, मदद का भरोसा दिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से फोन पर बात की है। गंभीर हालात और राहत कार्यों की समीक्षा के लिए यह बातचीत की।शाह ने राज्य प्रशासन को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का पूरा आश्वासन दिया है ताकि प्रभावित लोगों की सुरक्षा और बचाव अभियान तेजी से चलाया जा सके।


अमित शाह

## नगालैंड में भी कई जगह भूस्खलन, आठ लोगों की मौत, बारह लोग हुए घायल

मोन। नगालैंड के मोन जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच रविवार सुबह हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम 8लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। डिफिस कॉलोनी क्षेत्र में हुए इस हादसे में 10 से 15 मकान, जिनमें 13 घर पूरी तरह प्रभावित बताए जा रहे हैं, मलबे में दब गए।


नगालैंड

## अब तक 4 शव निकाले गए

उपायुक्त वेन्देई कोन्याक ने कहा कि अब तक 4 शव बरामद किए गए हैं और 4 अन्य लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। उन्होंने बताया कि कई लोगों के अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका है और उनकी तलाश जारी है। सबसे अधिक प्रभावित इलाके मोन टाउन और तिज़ित हैं। एसडीआरएफ,एनडीआरएफ, पुलिस, असम राइफल्स की टीमें और स्थानीय लोग खोज और बचाव अभियान में लगे हुए हैं। 12 अन्य लोग घायल हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### टाटा-हावड़ा स्टील एक्स पर टूटा इलेक्ट्रिक तार



सिंहभूम। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में रविवार सुबह टाटा-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस के साथ रेल हादसा टल गया। गालूडीह थाना क्षेत्र में स्वर्णरेखा नदी पर बने पुल के पास ट्रेन पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक तार टूटकर कोच की छत पर गिर गया, जिससे ट्रेन बीच पुल पर ही रुक गई। फिलहाल इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### एआई से बनाई ओएमआर शीट तो खैर नहीं: एनटीए



नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट उम्मीदवारों और उनके माता-पिता के लिए एक बेहद सख्त एडवाइजरी जारी की है। अगर कोई भी छात्र अपने नंबरों को लेकर शिकायत दर्ज कराते वक्त फर्जी या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनाई गई ओएमआर शीट जमा करता है,तो सीधा कानूनी एक्शन लिया जाएगा।

### यूपी में मलबे में दबकर 5 लोगों की मौत



मुजफ्फरनगर। यूपी के मुजफ्फरनगर में लगातार बारिश ने कहर बरपाया है। रविवार रात करीब नौ बजे बुढ़ाना क्षेत्र के गांव हबीबपुर में दर्दनाक हादसा हो गया। गांव हबीबपुर में बारिश के कारण एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### जबरन सर्विस चार्ज, 41 रेस्तरां पर कार्रवाई



नई दिल्ली। रेस्तरां में ग्राहकों से उनकी सहमति के बिना बिल में सर्विस चार्ज जोड़ने की बढ़ती शिकायतों पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर स्वत: संज्ञान लेते हुए देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।

# मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में दिखी तकरार

## केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने सरकार के फैसले का किया बचाव

# विपक्ष के वॉकआउट पर सफाई दी हकों की अनदेखी नहीं कर सकते

### बैठक में एनसीपीआई को आमंत्रित करने पर गरमाया माहौल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मानसून सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) को आमंत्रित करने के सरकार के फैसले का बचाव किया है।दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने अलग होकर एनसीपीआई का गठन किया है। इन बागी सांसदों को बैठक में बुलाए जाने के विरोध में कई विपक्षी दलों ने सांकेतिक वॉकआउट किया था।

हालांकि, अपना विरोध दर्ज कराने के बाद वे वापस बैठक में लौट आए।बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि सरकार ने पूरी तरह से संसदीय नियमों का पालन किया है। विपक्ष के विरोध पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एनसीपीआई ने लोकसभा अध्यक्ष से मान्यता देने का अनुरोध किया है।

◀ संसद के नियमों का पालन किया गया

◀ इसके बाद सभी सदस्य शामिल हुए


सर्वदलीय बैठक में चर्चा करते सरकार और विपक्ष के नेतागण

### विपक्ष से सहयोग की अपील

रिजिजू ने बताया कि सत्र के लिए 8 बिल सूचीबद्ध किए गए हैं यदि कोई अन्य विधायी कार्य होता है, तो उसे संसदीय नियमों के अनुसार ही लिया जाएगा। रिजिजू ने सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में हर राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने बताया कि सरकार ने बैठक में विभिन्न दलों द्वारा रखे गए विचारों और मुद्दों को गंभीरता से सुना है। विपक्ष के वॉकआउट पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि यह केवल एक सांकेतिक कदम था। उन्हें उम्मीद है कि सभी विपक्षी दल समझदारी से काम लेंगे और सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि संख्या बल के आधार पर चर्चा होती है, लेकिन किसी को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता।

### टीएमसी ने उठाए सवाल: किस आधार पर बुलाया गया?

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा एनसीपीआई बनाने वाले 20 बागी टीएमसी सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था को मंजूरी दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने यह वॉकआउट किया था। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सरकार के इस कदम पर तीखे सवाल उठाए। महुआ ने कहा कि स्पीकर ने अब तक इन बागी सांसदों के विलय को मंजूरी नहीं दी है और उनके खिलाफ अयोग्यता की याचिकाएं अभी भी लंबित हैं। उन्होंने तर्क दिया कि टेबल ऑफिस द्वारा दी गई सूची में टीएमसी के सदस्यों की संख्या 28 बताई गई है।



### एनसीपीआई का तर्क

टीएमसी की आपत्तियों के बीच एनसीपीआई नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने पार्टी की भागीदारी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि पार्टी सरकार की ओर से आधिकारिक निमंत्रण मिलने के बाद ही इस बैठक में शामिल हुई है। रिजिजू ने 19 अन्य लोकसभा सांसदों को मानसून सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया था।

### जयराम ने साफ की तस्वीर-परिसीमन बिल का समर्थन नहीं करेंगे

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने परिसीमन बिल को लेकर पार्टी का रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस प्रस्तावित विधेयक का समर्थन नहीं कर रही है। जयराम ने चैनल पर दिखाई जा रही खबरों निराधार बताते हुए उन मीडिया हाउसों को आड़े हाथों लिया जो विपक्ष के रुख को लेकर गलत दावे कर रहे हैं।



### डीलिमिटेशन बिल का समर्थन करेगी डीएमके

सर्वदलीय बैठक में डीलिमिटेशन (परिसीमन) बिल को लेकर डीएमके का रुख चर्चा का विषय बन गया। आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने दावा किया कि डीएमके ने परिसीमन बिल का समर्थन किया है। हालांकि, डीएमके के सांसद तिरुची शिवा ने साफ कहा कि सरकार ने अभी तक कोई स्पष्ट प्रस्ताव पेश नहीं किया है।



### पटनायक की नसीहत- पेपर लीक पर छात्रों से संवाद करे सरकार

बीजू जनता दल (बीजेडी) के प्रमुख नवीन पटनायक ने केंद्र सरकार से परीक्षा में कथित गड़बड़ियों का विरोध कर रहे छात्रों से बातचीत शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में गंभीर चर्चा होनी चाहिए। बीजेपी परीक्षा में कथित गड़बड़ी के विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन कर रही है।



## कोर्ट से अभिषेक को आंशिक राहत

# पार्टी ऑफिस को गिराने पर रोक, यथास्थिति बनाए रखें

### कलकत्ता हाई कोर्ट ने दिया आदेश, दस्तावेज पेश करें



एजेंसी ▶▶ कोलकाता



टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के दक्षिण 24 परगना जिले के आमतला स्थित डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र के कार्यालय को गिराने की कार्रवाई पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने रविवार को मामले की विशेष सुनवाई करते हुए जुलाई महीने के अंत तक भवन को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न

यायमूर्ति राजा बसु चौधरी ने रविवार को विशेष बैठक के दौरान राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह आमतला स्थित इस भवन से जुड़े सभी दस्तावेज अदालत में पेश करे। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई नियमित पीठ के समक्ष होगी। यह भवन 'लीप्स एंड बाउंड्स' कंपनी का बताया जा रहा है। इसी कंपनी ने भवन तोड़े जाने की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### अभिषेक ने बताया था वैध निर्माण

अभिषेक ने प्रशासन के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि यह उनका संसदीय क्षेत्र का कार्यालय है। उनका कहना है कि भवन खरीदी गई जमीन पर बनाया गया है और इसके लिए सभी जरूरी सरकारी अनुमति ली गई थी। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई को अनुचित बताया था।अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद जुलाई के अंत तक भवन पर किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। इस दौरान राज्य सरकार को निर्माण से जुड़े सभी रिकॉर्ड अदालत के सामने पेश करने होंगे, जिसके बाद नियमित पीठ इस मामले में आगे का फैसला करेगी। बताया जा रहा है कि राज्य सरकार ने पहले ही नोटिस दिया था।

### शनिवार को चला था बुलडोजर

दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने शनिवार को आमतला स्थित इस कार्यालय को गिराने की कार्रवाई शुरू की थी। प्रशासन का कहना था कि भवन बिना स्वीकृत नक्शे के बनाया गया है और निर्माण में लागू नियमों का उल्लंघन किया गया है। इसी आधार पर इसे अवैध निर्माण मानते हुए कार्रवाई की गई।

## पुलिस ने शव बरामद किया

## हैदराबाद में हैरान करने वाला मामला सामने आया

# नग्नावस्था में मंदिर से महिला इंजीनियर देवी की मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

यहां एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। 25 साल की एक युवती ने नग्न अवस्था में मंदिर में प्रवेश किया। वह देवी अम्मावरु की मूर्ति उठाकर भागी और पास के तालाब में कूद गई। पुलिस ने तालाब से युवती का शव बरामद कर लिया है, लेकिन पुलिस गोताखोरों की मदद से मूर्ति की तलाश कर रही है, जिसे महत्वपूर्ण सबूत माना जा रहा है।



### मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी वह

जांच में सामने आया है कि मृत युवती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। वह पहले बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करती थी। इसके बाद वह विशाखापत्तनम में रहने लगी थी। युवती के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। इस वजह से उसके पिता विशाखापत्तनम में रहते हैं, जबकि उसकी मां हैदराबाद के पीरजादिगुडा में रहती थीं। युवती और उसकी मां दोनों ही भय और डर से ग्रस्त थीं।

### घटना से पहले मां को कमरे में किया बंद

पुलिस ने बताया कि घटना से पहले 17 जुलाई को युवती अपनी मां के साथ मियापुर में एक फ्लैट देखने गई थी। वे वहां दो बेडरूम का अपार्टमेंट खरीदने की योजना बना रही थीं। घर लौटने के बाद दोनों अपने-अपने कमरों में सोने चली गईं। इसके बाद युवती ने अपनी मां के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। फिर वह नग्न अवस्था में मंदिर गई और वहां से मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई।



### 22 को होगी श्री राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक

अयोध्या। अयोध्या से एक बड़ी खबर है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जुलाई को शाम 4 बजे अयोध्या में ट्रस्टियों की एक बैठक बुलाई है। ट्रस्ट एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे और विभिन्न समितियों का पुनर्गठन करेंगे और ट्रस्ट की पिछली बैठकों की कार्यवाही को मंजूरी देंगे। चढ़ावे में चोरी का मामला सामने आने के बाद देशभर में काफी हंगामा हुआ था और ट्रस्ट को लेकर सवाल खड़े हुए थे।

## कोलकाता में शब्द संग्रहालय के उद्घाटन पर बोले गृहमंत्री शाह

# किसी भी राष्ट्र या क्षेत्र की संस्कृति और अभिव्यक्ति भाषा के बिना संभव नहीं

### चेतना का वैश्विक प्रकाशस्तंभ रहा बंगाल, सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवन मिलेगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता के राष्ट्रीय पुस्तकालय में नव-निर्मित शब्द संग्रहालय के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की संस्कृति के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि प्रधानमंत्री देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के संकल्प में अहम मील का पत्थर स्थापित कर रहे हैं। शाह ने इस बात पर बल दिया कि किसी भी राष्ट्र या क्षेत्र की संस्कृति और उसकी अभिव्यक्ति भाषा के बिना संभव नहीं है और भाषा स्वयं भावनाओं से जन्में शब्दों के बिना अस्तित्व में नहीं रह सकती।



### हमारी भावी पीढ़ियों को समझना होगा

उन्होंने कहा कि जब तक हमारी भावी पीढ़ियां इस यात्रा को नहीं समझेंगी, तब तक देश का सांस्कृतिक पुनरोद्धार वास्तव में नहीं हो सकता। शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि यह शब्द संग्रहालय सांस्कृतिक पुनरुत्थान की इस प्रक्रिया में एक मौलिक आवश्यकता को पूरा करेगा और अपने मिशन में सफल होगा। यह संग्रहालय हमारी भाषा और संस्कृति की गहराई को समझने में अहम होगा।

**कानून व्यवस्था पर की बड़ी बैठक:** शाह ने बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी के साथ राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। राज्य की सीमा बांग्लादेश के साथ 2,217 किमी लंबी है और इसकी सीमाएं नेपाल और भूटान से भी लगती हैं।

## थाना कैंट क्षेत्र के गुप्तारघाट का बताया जा रहा मामला

### मर्यादा आस्था से खिलवाड़

# सरयू नदी की धारा में नाव पर बीयर मटन पार्टी का वीडियो आया सामने

### नाराज लोगों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां पवित्र सरयू नदी के बीच नाव पर कथित रूप से बीयर और मटन पार्टी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो थाना कैंट क्षेत्र के गुप्तारघाट का है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु मां सरयू में स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। वायरल वीडियो में चार युवक नाव पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। उनके सामने बीयर की कैन और मांसाहारी भोजन होने का दावा किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर इसे मां सरयू की मर्यादा और श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है।

### गुप्तारघाट का बताया जा रहा यह वीडियो

स्थानीय लोगों के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रहे युवक गुप्तारघाट क्षेत्र के ही निषाद समुदाय से जुड़े बताए जा रहे हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। फिलहाल वीडियो की सत्यता, स्थान और इसमें शामिल लोगों की पहचान को पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। यदि जांच में वीडियो गुप्तारघाट का और उसमें किए जा रहे कृत्य की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

## देश में कोरोना के आरएफ.5 वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता

# इस माह 339 लोग संक्रमित मिले और 4 लोगों की मौत


### मुंबई और आंध्र प्रदेश में फिलहाल सबसे ज्यादा देखा जा रहा प्रभाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब दो साल तक काफी शांत रहने के बाद भारत में कोविड-19 एक बार फिर सुर्खियों में है। 1-16 जुलाई के बीच भारत में करीब 339 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई।

मुंबई और आंध्र प्रदेश में फिलहाल कोरोना को लेकर सबसे ज्यादा हलचल देखी जा रही है। आंध्र प्रदेश में अब तक 16 कोविड-19 मामलों और 4 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। 16 में से 12 मामले 16 जुलाई तक सामने आए थे। यहां चार लोगों के पॉजिटिव सैंपल में ओमिक्रॉन के आरएफ.5 वैरिएंट की पहचान की गई है।

### 2 साल रहा शांत, अब फिर बना घातक



### स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ाई

ओमिक्रॉन के इस सब-वैरिएंट के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। जीनोम सीक्वेंसिंग में कडप्पा जिले के कोविड-19 वैरिएंट सैंपल में इस वैरिएंट की पहचान हुई है। बताया जा रहा कि ये वैरिएंट ओमिक्रॉन फैमिली का ही हिस्सा है और दुनियाभर में पहचाने गए कई ओमिक्रॉन सब-लीनिएज में से एक है।

### नए वेरिएंट की लैब में हुई पुष्टि

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कडप्पा जिले में कोरोना के 4 सैंपल पुणे की एक वायरोलॉजी लैब में भेजे गए थे। इसमें ओमिक्रॉन वैरिएंट के आरएफ.5 सब-लीनिएज की मौजूदगी मिली।आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव ने कहा कि 4 कोविड-19 पॉजिटिव सैंपल में ओमिक्रॉन आरएफ.5 वैरिएंट की मौजूदगी की पाई गई है।

### विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा घबराने की जरूरत नहीं

विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है। आरएफ.5, ओमिक्रॉन परिवार का ही एक सब-लाइनेज है। अभी तक ऐसा कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है कि यह पहले से मौजूद ओमिक्रॉन वैरिएंट्स की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी, ज्यादा मौत या अस्पताल में भर्ती होने का जोखिम पैदा करता है।




# यूएनएससी की सदस्यता के लिए भारत की कूटनीति दुनिया में लहराएगी कामयाबी का परचम!

## चीन के विरोध के बाद भी भारत बढ़ रहा है कामयाबी की डगर पर

> पहले अस्थाई फिर स्थाई सदस्यता के लिए भारत का बड़ा दांव

> भारत 8 बार यूएनएससी का अस्थाई सदस्य रहा है, अब 2028-29 के लिए अस्थायी सीट पाने की कर रहा दावेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अस्थायी सीट के लिए अपना अभियान औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। एशिया-पैसिफिक ग्रुप की एकमात्र उपलब्ध सीट के लिए भारत का ताजिकिस्तान के साथ सीधा मुकाबला शुरू हो गया है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूएनएससी के लिए भारत की उम्मीदवारी का अभियान शुरू किया है। इस अभियान की थीम शांति है जिसका अर्थ है नियमों, भरोसे और ईमानदारी के जरिए हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करना। इसके जरिए भारत को शांति, जिम्मेदार वैश्विक शासन और ग्लोबल साउथ यानि विकासशील देशों की मजबूत आवाज के तौर पर पेश किया गया।

इसके साथ ही भारत संयुक्त राष्ट्र पर सुरक्षा परिषद में बदलावों के लिए दबाव भी बना रहा है। ऐसे में कुछ लोगों को यह अजीब लग सकता है कि जब भारत यूएसएससी का स्थाई सदस्य बनने के लिए कोशिश कर रहा है, फिर अस्थाई सीट के लिए कैंपेन क्यों चला रहा। हालांकि, बहुत कम लोगों को पता होगा कि इसके पीछे एक सोची समझी रणनीति है, जो भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को मजबूत करेगा।

### अस्थाई सदस्यता का प्रयास भारत का बड़ा दांव



रिपोर्ट के अनुसार, यूएनएससी की अस्थायी सीट अक्सर किसी बड़े लक्ष्य के लिए समर्थन जुटाने के कुछ व्यावहारिक तरीकों में से एक होती है। भारत यूएनएससी की अस्थायी सीट के लिए इसलिए कैंपेन कर रहा है क्योंकि वह इस सदस्यता के जरिए अपने कूटनीतिक लक्ष्यों को हासिल करना चाहता है। अगर भारत यूएनएससी की अस्थायी सदस्यता हासिल कर लेता है, तो इससे दो साल के लिए युद्ध, प्रतिबंध, पीसकीपिंग के आदेशों और सुरक्षा से जुड़े अन्य बड़े फैसलों पर सीधे वोट देने का अधिकार मिलेगा। यूएनएससी की अस्थायी सदस्यता से भारत को भले ही वीटो पावर न मिले, लेकिन यह बातचीत को आकार देने, गठबंधन बनाने और यूएन की सबसे शक्तिशाली संस्था के भीतर अपनी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का मौका देती है। भारत के लिए यह सदस्यता इसलिए भी अहम है, क्योंकि वह यूएनएससी में सुधार की मांग को पुरजोर तरीके से रख सकता है। इसके अलावा भारत दुनिया को दिखा सकता है कि वह इस सिस्टम में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो भविष्य में पूरी दुनिया के काम आ सकता है।

### भारत के पक्ष में आ सकते हैं ये देश

**खाड़ी देश:** मजबूत व्यापारिक रिश्तों के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं। ओमान, कतर, बहरीन और कुवैत से भी भारत लगातार संपर्क में है।

**रणनीतिक साझेदार:** भारत के करीबी संबंध होने के कारण मिस्र, इंडोनेशिया और बांग्लादेश भी भारत के पाले में आ सकते हैं।

**वैश्विक महाशक्तियां:** अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और अधिकांश यूरोपीय देश यूएनएससी में भारत की उम्मीदवारी का खुलकर समर्थन कर रहे हैं।

### स्थायी सदस्यता से बढ़ेगी भारत की ताकत

**वीटो पावर:** भारत को दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों (पी5) की तरह वीटो अधिकार मिलेगा, जिससे वह भारत-विरोधी किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रस्ताव को अकेले दम पर रोक सकेगा। कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर किसी भी एकतरफा वैश्विक दबाव या प्रतिकूल प्रस्ताव को भारत तुरंत खारिज कर पाएगा।

### तीन करणों से भारत विरोधी बना चीन

**1 दबदबा कम होने का डर**

चीन एशिया में खुद को एकमात्र सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखना चाहता है। वह सुरक्षा परिषद में किसी अन्य एशियाई देश, विशेषकर भारत को अपने बराबर का दर्जा नहीं देना चाहता। चीन को लगता है कि भारत के आने से एशिया में उसका दबदबा कम हो जाएगा।

**2 पाकिस्तान फैक्टर**

चीन और पाकिस्तान के बीच गहरी रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी है (जैसे सीपीईसी)। चीन हमेशा यूएनएससी में पाकिस्तान के हितों की रक्षा करता है (उदाहरण के लिए, पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक आतंकी घोषित होने से बचाना)। अगर भारत स्थायी सदस्य बनता है, तो कश्मीर जैसे मुद्दों पर पाकिस्तान का पक्ष अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, जिसे चीन कभी नहीं चाहेगा।

**3 अमेरिका-भारत की नजदीकी**

मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत के संबंध अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया (क्वाड समूह) के साथ बहुत मजबूत हुए हैं। चीन भारत को अमेरिका के खेमे का हिस्सा मानता है। उसे डर है कि भारत के वीटो पावर पाने से यूएनएससी में अमेरिकी गुट और मजबूत हो जाएगा, जो चीन को घेरने की कोशिश कर सकता है।

### चीन से ऐसे निपटेगा भारत

**वैश्विक दबाव**

भारत दुनिया के बाकी 4 स्थायी सदस्यों (अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन) और महासभा के अधिकांश देशों को अपने पक्ष में इतना मजबूत कर लेना चाहता है कि चीन के लिए अकेले वीटो करना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठिन होगा।

**यूएन में सुधार**

भारत (जी 4 देशों - भारत, जापान, जर्मनी, ब्राजील के साथ मिलकर) पूरे संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में सुधार की मांग कर रहा है। रणनीति यह है कि पहले नियम बदले जाएं ताकि कोई एक देश पूरे विश्व के बहुमत के फैसले को अकेले न रोक सके। और दुनिया के बड़े मुद्दों की किसी भी सूरत में अनदेखी न हो सके।

**वैश्विक संबंध**

भारत दुनिया के तमाम देशों से संबंध बेहतर रखने के प्रयास करता है। यही वजह है कि दुनिया के कई देश भारत से अच्छे और रणनीतिक, व्यापारिक संबंध रखना पसंद करते हैं। यह वजह है कि चीन पर अप्रत्यक्ष दवाब बन सकता है।

### अगले साल होना है चुनाव

**चुनाव की तारीख**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 82वें सत्र के दौरान जून 2027 में इसके लिए वोटिंग कराई जाएगी।

**मुकाबला**

एशिया-प्रशांत समूह की इकलौती अस्थायी सीट पर भारत का सीधा मुकाबला ताजिकिस्तान से है।

**अभियान की थीम**

भारत ने इस अभियान को शांति दृष्टिकोण के साथ लॉन्च किया है, जिसका पूरा नाम सेक्यूरिंग हॉलिस्टिक एडवांसमेंट थ्रो नोर्म्स ट्रस्ट इंटीग्रेटी(**shanti**) है। इसका उद्देश्य ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की आवाज को बुलंद करना है।

**अंतरराष्ट्रीय समर्थन**

भारत की इस दावेदारी को अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों का समर्थन प्राप्त है, जबकि ताजिकिस्तान को इस्लामिक सहयोग संगठन के 57 देशों का समर्थन हासिल है।

**पिछला ट्रैक रिकॉर्ड**

भारत अब तक 8 बार यूएनएससी का अस्थायी सदस्य रह चुका है और यदि वह इस चुनाव को जीतता है, तो यह उसका 9वां कार्यकाल होगा। और वैश्विक ताकत बढ़ेगी।

---

### खबर संक्षेप

**राष्ट्रपति मुर्मू 3 देशों की यात्रा पर हुईं रवाना**


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर रवाना हो गईं। वे 19 से 25 जुलाई 2026 तक इन देशों के दौरे पर रहेंगी।



विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह भारत के किसी राष्ट्रपति की मोल्दोवा और उत्तर मैसेडोनिया की पहली तथा तीन दशकों में रोमानिया की पहली यात्रा है। सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसे राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बताया। इस सात दिवसीय दौरे का मुख्य उद्देश्य पूर्वी यूरोप के इन देशों के साथ भारत के आर्थिक, व्यापारिक और तकनीकी संबंधों को नई रफ्तार देना है।

**18 हजार भारतीयों को डिपोर्ट करेगा अमेरिका!**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर डिपोर्टेशन अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है, जिसमें 18 हजार अनडॉक्युमेंटेड भारतीय सीधे निशाने पर आ गए हैं।



इस सख्त इमिग्रेशन नीति के तहत ट्रम्प प्रशासन डिपोर्टेशन के लिए सैन्य विमानों का इस्तेमाल करने जा रहा है। पकड़े गए भारतीयों को कोई अपील या कानूनी मदद का मौका नहीं मिलेगा। न्यूयॉर्क, टेक्सास, कैलिफोर्निया और न्यूजर्सी से आई ग्राउंड रिपोर्ट्स के अनुसार, आईसीई की टीमें लगातार छापे मार रही हैं।

---

## जॉर्डन में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद से बदली रणनीति

# सैनिकों की मौत से बौखलाए अमेरिका ने ईरान के केशम द्वीप पर किए हमले

> हमलों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईरान को कमजोर करना है


एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान के केश्म द्वीप पर नए हवाई हमले किए हैं। ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, द्वीप पर दो धमाकों की आवाज सुनी गई। हमलों के बाद नुकसान का आकलन करने के लिए आपातकालीन और सुरक्षा टीमों को तैनात किया गया है। अमेरिकी सेना ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित ईरानी बंदरगाह शहर सीरिक को भी निशाना बनाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने लगातार आठवीं रात सैन्य अभियान की पुष्टि की है। इसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईरानी बलों को कमजोर करना है।

यह ताजा हमला शनिवार को जॉर्डन में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद हुआ है। अमेरिकी सेना के अनुसार, ये सैनिक ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से रक्षा करते समय मारे गए। एक अन्य अमेरिकी सैनिक अभी भी लापता है। इस संघर्ष में 28 फरवरी से अब तक कुल 16 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सैन्य अभियान का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने सैनिकों की मौत पर दुख जताया लेकिन इस मिशन को बेहद जरूरी बताया। बता दें कि ट्रंप के धमकियों का ईरान पर कोई असर नहीं हो रहा है।

*संघर्ष में अब तक दोनों को भारी नुकसान हुआ है*

*28 फरवरी से अब तक 16 अमेरिकी सैनिक मारे गए*



### ईरान ने अमेरिका को धमकाया

ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा कि इन हमलों ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की बेकद्री साबित कर दी है। खामेनेई ने अपने पिता की हत्या के बाद सत्ता संभाली थी। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरानी राष्ट्र और प्रतिरोध मोर्चा अमेरिका को कभी न भूलने वाला सबक सिखाएंगे। खामेनेई के सैन्य सलाहकार मेजर जनरल मोहसिन रजाई ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी बमबारी जारी रही, तो ईरान पूर्ण पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू करेगा। अब ईरान केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष फिर से शुरू होने के बाद से अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईरान साफ तौर पर कह रहा है कि वो अमेरिका की धमकियों से डरने वाला नहीं है।



मुजतबा

### खाड़ी देशों में भी फैला संघर्ष

ईरान ने भी खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमले तेज कर दिए हैं। कुवैत में एक तेल केंद्र और बिजली-पानी संयंत्र को निशाना बनाया गया है, जिसकी कुवैत ने कड़ी निंदा की है। बहरीन ने ईरान के हवाई हमलों को रोकने का दावा किया है, जबकि ईरान का कहना है कि उसने बहरीन में अमेरिकी सैन्य हवाई अड्डे को निशाना बनाया है। जॉर्डन में अल-अजराक अमेरिकी बेस पर भी ईंधन टैंकों को निशाना बनाया गया है। जॉर्डन की सेना ने शनिवार को 10 ईरानी मिसाइलों को मार गिराया। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है।

### क़ेशम द्वीप पर 10 11 दुश्मन के प्रोजेक्टाइल आकर गिरे


ईरान ने दावा किया है कि उसके रणनीतिक महत्व वाले क़ेश्म द्वीप पर 10 से 11 दुश्मन के प्रोजेक्टाइल आकर गिरे हैं। केशम के गवर्नर हुसैन अमीर तैमूरी ने बताया है कि हमले में सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी ने जानकारी दी है कि हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी बीच ईरानी मीडिया ने देश के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में भी कई तेज धमाकों की खबर दी है। हालांकि, इन धमाकों से कितना नुकसान हुआ है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन काफी नुकसान हुआ है।

---

## मेटा के खिलाफ कोर्ट पहुंचे कर्मचारी

# बगैर सहमति के एआई से निगरानी कर 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया था

*मेटा एक बार फिर बड़े विवाद में घिरी है जमकर उठ रहे हैं सवाल*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा एक बार फिर बड़े विवाद में घिर गई है। कंपनी के 26 पूर्व कर्मचारियों ने मेटा के खिलाफ कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी ने इस साल की शुरुआत में हुई लगभग 8,000 कर्मचारियों की छंटनी के दौरान पारंपरिक मैनेजरों की राय के बजाय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंटरनल सिस्टम का इस्तेमाल किया।

शिकायत के अनुसार, इस एआई सिस्टम ने कर्मचारियों की परफॉर्मेंस रेटिंग, कीस्ट्रोक, कंप्यूटर एक्टिविटी, माउस मूवमेंट, ब्राउजर हिस्ट्री, ईमेल और लोकेशन डेटा जैसे प्रोडक्टिविटी आंकड़ों के आधार पर स्कोर तैयार किए। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि जब कोई कर्मचारी मेडिकल, मैटरनिटी या फैमिली लीव पर होता है, तब उसके काम से जुड़े डेटा स्वाभाविक रूप से कम हो जाते हैं। एआई सिस्टम इस मानवीय पहलू को समझने में नाकाम रहा और उसने छुट्टी पर चल रहे कर्मचारियों को बेहद कम स्कोर देकर सीधे छंटनी की सूची में डाल दिया। याचिका में कई उदाहरण दिए गए हैं, जिसमें एक महिला वैज्ञानिक को उनकी अप्रूव्ड प्रेग्नेंसी लीव के दौरान और एक मैनेजर को मेडिकल लीव शुरू होने के महज 16 दिन बाद नौकरी से निकाल दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि यह कानूनी रूप से मिलने वाली छुट्टियों के अधिकार का सीधा उल्लंघन है।

### मेटा ने स्वीकारा एआई का उपयोग

दूसरी तरफ, मेटा ने इन सभी आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया है। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि वर्कफोर्स मैनेजमेंट और कर्मचारियों की छंटनी से जुड़े सभी निर्णय पूरी तरह इंसानों (मैनेजर्स) द्वारा लिए गए हैं, इसमें एआई की कोई भूमिका नहीं थी। हालांकि, कंपनी ने स्वीकार किया कि उसने एक एआई आधारित एम्प्लॉई मॉनिटरिंग प्रोग्राम शुरू किया था, जिसका उद्देश्य एआई मॉडल को कर्मचारियों के वास्तविक कामकाज के तरीके से ट्रेन करना था। अब कोर्ट इस मामले की जांच कर रहा है कि क्या भविष्य में छंटनी जैसे संवेदनशील फैसले इंसानों की जगह पूरी तरह तकनीक के भरोसे छोड़े जा सकते हैं या नहीं। ऐसे एक नहीं कई सवाल हैं जो कर्मचारी कर रहे हैं।

---

## निर्यात की पहली खेप रवाना

# भारत के कश्मीरी चेरी और प्लम सिंगापुर में मचा रहे है बड़ी धूम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के प्रीमियम फलों को वैश्विक बाजार देने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यरत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जम्मू-कश्मीर के शोपियन और पुलवामा से सिंगापुर के लिए प्रीमियम अरेको चेरी (उच्च घनत्व वाली यूरोपीय मीठी चेरी) और सेंटरोज़ प्लम की पहली निर्यात खेप को सफलतापूर्वक रवाना कर दिया है। संयुक्त अरब अमीरात (दुबई और अबू धाबी) के बाद अब सिंगापुर को हुआ यह निर्यात कश्मीर के उच्च गुणवत्ता वाले शीतोष्ण फलों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती मांग को दर्शाता है।इस ऐतिहासिक निर्यात के लिए 16 जुलाई 2026 को एपीईडीए ने मेसर्स ओसुम फूड सॉल्यूशंस एलएलपी और मेसर्स फ्रूट मास्टर एग्रो फ्रेश प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया था। सिंगापुर भेजे गए।



## केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने दिखाई सी-295 एयरक्राफ्ट की झलक

# एयरक्राफ्ट निर्माण: रक्षा का सपना वड़ोदरा में ले रहा आकार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत की रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। गुजरात के वडोदरा में स्थित टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) की अत्याधुनिक फैसिलिटी में सी-295 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का निर्माण बेहद तेजी से चल रहा है। हाल ही में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने वडोदरा फैसिलिटी का दौरा कर इन अत्याधुनिक सैन्य विमानों के निर्माण कार्य की समीक्षा की और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी एक विशेष झलक साझा की। केंद्रीय मंत्री ने इस ऐतिहासिक क्षण पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को अपने देश में ऐसे एयरक्राफ्ट बनाते हुए देखना सचमुच एक अद्भुत और खास अनुभव है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जैसे-जैसे भारत अपनी एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को मजबूत कर रहा है, वह दिन दूर नहीं जब भारतीय नागरिक गर्व के साथ देश में ही बने सिविल एयरक्राफ्ट में भी उड़ान भर सकेंगे।

> टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स बना रहा सी-295 एयरक्राफ्ट

> भारत की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमता बढ़ेगी

### भारत के लिए एक बड़ा गेम चेंजर साबित होगा

यह पूरी परियोजना भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के तहत एक बहुत बड़ा मील का पत्थर साबित हो रही है। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यह है कि भारतीय विमानन इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब देश का कोई प्राइवेट सेक्टर निजी तौर पर सेना के लिए मिलिट्री एयरक्राफ्ट का निर्माण कर रहा है। एयरबस डिफेंस ने भी इस पूरे प्रोग्राम को भारत के लिए एक बड़ा गेम चेंजर करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने मन की बात कार्यक्रम में इस स्वदेशी पहल की सराहना की थी और कहा था कि भारत



में बने सी-295 एयरक्राफ्ट की पहली उड़ान से देश की एयरोस्पेस क्षमताएं तो बढ़ेंगी ही, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। वडोदरा फैसिलिटी की फाइनल असेंबली लाइन से पहला सी-295 एयरक्राफ्ट निकाला जा चुका है।

### तकनीक देश में ही विकसित की जा रही

इस विमान के निर्माण की प्रक्रिया बेहद जटिल और उच्च तकनीक से लैस है। इंडियन एयरक्राफ्ट कॉन्ट्रैक्टर के तौर पर टाटा ग्रुप छोटे-छोटे पार्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग से लेकर विमान की पूरी फाइनल असेंबली तक की कमान खुद संभाल रहा है। इसके तहत इंजन और एवियोनिक्स की टेस्टिंग, अत्याधुनिक उपकरणों का इंस्टॉलेशन, बारिश के पानी का कड़ा परीक्षण, फ्लाइट टेस्ट और लंबे समय तक फ्लीट सपोर्ट देने जैसी तकनीकी क्षमताएं देश में ही विकसित की जा रही हैं। इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम के तहत भारत कुल 56 विमानों के ऑर्डर के साथ सी-295 का दुनिया में सबसे बड़ा ग्राहक बन चुका है। डील के तहत कुल 40 एयरक्राफ्ट की 85 प्रतिशत से अधिक स्ट्रक्चरल और फाइनल असेंबली सीधे भारत में ही की जाएगी। इसके लिए 13,000 से अधिक छोटे-छोटे पार्ट्स का निर्माण घरेलू स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें देश के पब्लिक सेक्टर के 37 भारतीय सप्लायर्स को शामिल किया गया है।

# अर्जेंटीना को हराकर स्पेन ने 16 साल बाद जीता वर्ल्ड कप

## रंगारंग समारोह के बीच विश्वकप का हुआ समापन, बीबर और शकीरा ने बांधा समा

एजेंसी ⏭ ईस्ट रदरफोर्ड

न्यूजर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा विश्व कप का खिताबी मुकाबला अर्जेंटीना और स्पेन के बीच खेला गया। अर्जेंटीना ने आक्रामक खेल दिखाया। वही स्पेन ने रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया और मेस्सी की टीम के आक्रामण को धराशायी किया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों के खिलाड़ी अपना दबदबा कायम करने की कोशिश में लगे रहे और पहला हाफ गोलरहित रहा। हाफ टाइम शो में सबसे पहले कनाडाई सिंगर जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया। उनके बाद कोलंबियाई पॉप स्टार शकीरा ने समा बांधा। 90 मिनट तक दोनों टीम गोल नहीं कर पाईं। इंजरी टाइम में चार मिनट का टाइम दिया गया। 30 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम में स्पेन ने एक गोल दागा और अर्जेंटीना को हराकर स्पेन ने 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप जीता।




### यमाल के नाम हुआ बड़ा रिकॉर्ड

यमाल अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास में टीनेजर (19 साल या उससे कम उम्र) के तौर पर यूरो कप फाइनल और फीफा वर्ल्ड कप फाइनल दोनों बड़े टूर्नामेंट्स के फाइनल खेलने वाले दुनिया के पहले और इकलौते फुटबॉलर बन गए हैं।

### अर्जेंटीना के मार्टिनेज को यलो कार्ड

अर्जेंटीना के सेंटर-बैक लिसांड्रो मार्टिनेज को रेफरी ने यलो कार्ड दिखाया। मार्टिनेज ने स्पेन के स्ट्राइकर मिकेल ओयारजाबल को उस समय पीछे से पकड़कर गिरा दिया, जब वह तेजी से गोल की ओर बढ़ रहे थे। इस फाउल के बाद रेफरी ने बिना देर किए उन्हें चेतावनी के तौर पर पीला कार्ड दिखाया।

### राष्ट्रपति ट्रंप पहुंचे न्यू जर्सी स्टेडियम

खिताबी मुकाबले देखने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप न्यू जर्सी स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान उनकी पत्नी मेलानिया और फीफा प्रमुख जियानी इन्फैंटिनो भी स्टेडियम में मौजूद हैं। स्टेडियम पहुंचने के बाद ट्रंप ने स्पेन की महारानी लेटिजिया से मुलाकात की।



महासंग्राम को देखने स्टेडियम में दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा और पूरा माहौल फुटबॉल के रंग में रंगा। दोनों ही देशों के फैंस अपनी-अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए भारी तादाद में पहुंचे। स्टेडियम पोस्टर और झंडों से पूरा स्टेडियम रंग-बिरंगा नजर आया।

### समापन समारोह में मेलोन ने दिया धमाकेदार लाइव परफॉर्मेंस

समापन समारोह में अमेरिकी सुपरस्टार पोस्ट मेलोन ने धमाकेदार लाइव परफॉर्मेंस दिया। भव्य कार्यक्रम में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं इटली की मशहूर गायिका एल. पाउसिनी, अमेरिकी सिंगर निकोल शेर्जिंगर, ब्रिटिश पॉप स्टार रॉबी विलियम्स और लोकप्रिय यूट्यूबर एवं कंटेंट क्रिएटर आईशोस्पीड ने भी शानदार प्रस्तुतियां देकर समापन समारोह को यादगार बना दिया।

### जेनिफर ने गाया अमेरिकी राष्ट्रगान

फाइनल मुकाबले से पहले गायिका जेनिफर हडसन ने अमेरिका का राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। उनकी दमदार प्रस्तुति के बाद पूरे स्टेडियम में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसके बाद 'अमेरिका द ब्यूटीफुल' की विशेष प्रस्तुति क्रिस्टोफर मैकियो ने दी, जो अमेरिका के 250वें स्थापना वर्ष के जश्न का भी हिस्सा रही।



## गोलों की सुनामी में इंग्लैंड विजेता, एमबाप्पे का वर्ल्ड रिकॉर्ड

बुकायो साका के तीन गोल की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे स्थान के रोमांचक प्ले ऑफ मुकाबले में 6-4 से जीत दर्ज की जबकि किलियन एमबाप्पे ने दूसरे हाफ में दो गोल करके फुटबॉल विश्व कप में लियोनल मेस्सी के सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे निकल गए। यह 1982 में हंगरी की अल सल्वाडोर पर 10-1 की जीत के बाद विश्व कप में सबसे अधिक गोल वाला मैच था। तीसरे स्थान के मैच में 10 गोल अब तक के सबसे अधिक गोल हैं। साका ने 37वें मिनट और पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल करने के बाद 87वें मिनट में पेनल्टी से अपना तीसरा गोल करके इंग्लैंड के लिए अपने करियर की दूसरी हैट्रिक पूरी की।

**इंग्लैंड ने किया दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल :** इंग्लैंड के लिए डेकलान राइस और एजरी कोंसा ने भी पहले हाफ में गोल किए, जिससे मध्यांतर तक इंग्लैंड की टीम 4-0 से आगे हो गई। रोमांचक दूसरे हाफ में भी इंग्लैंड ने अपनी बढ़त बनाए रखी और विश्व कप में अपना दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल किया। इंग्लैंड ने अपना एकमात्र खिताब 1966 में जीता था। इंग्लैंड के लिए छठा गोल जूड बेलिंघम ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के आठवें मिनट में किया, जो टूर्नामेंट में उनका सातवां गोल था।





### एमबाप्पे के 22 गोल

किलियन एमबाप्पे ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस के लिए दो गोल करके फुटबॉल विश्व कप में अपने कुल गोल की संख्या 22 तक पहुंचाई और लियोनल मेस्सी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। फ्रांस के स्टार एमबाप्पे ने मौजूदा विश्व कप में 10 गोल किए हैं और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में मेस्सी से दो गोल आगे चल रहे हैं। यह पुरस्कार टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले को दिया जाता है।

कतर में जीता था गोल्डन बूट एमबाप्पे ने कहा, 'मैं इतिहास का शीर्ष स्कोरर नहीं बनकर फाइनल खेलना अधिक पसंद करता।'

### आखिरकार हम जीत नहीं पाए : एमबाप्पे

एमबाप्पे ने कहा, 'आखिरकार हम जीत नहीं पाए और यह कोच के लिए दुख की बात है। पहले हाफ से ऐसा लगता है कि हमने उन्हें निराश किया। हम बिल्कुल नहीं चाहते थे कि उन्हें ऐसा महसूस हो। यह मैच डिडियर डेसचैम्प्स की विरासत पर कोई दाग नहीं लगाएगा।' फ्रांस ने डेसचैम्प्स की कोचिंग में 2018 में विश्व कप जीता था लेकिन 2022 में फाइनल में अर्जेंटीना से पेनल्टी शूटआउट में हारा गया था। इस साल फ्रांस को सेमीफाइनल में स्पेन ने हराया। डेसचैम्प्स के 14 साल के कार्यकाल का यह एक निराशाजनक अंत था जबकि उनकी स्टार खिलाड़ियों से भरी टीम एक और विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी।

# इंग्लैंड ने जीती सीरीज, रोहित की पारी पर फिरा पानी

**लंदन।** रोहित शर्मा ने 138 रन की आक्रामक पारी खेल कर आलोचकों को करारा जवाब दिया लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी के बावजूद लॉर्ड्स में रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में भारत को 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने बेन डकेट के करियर के सर्वश्रेष्ठ 142 रन और जैकब बेथेल के 91 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 387 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने रोहित शर्मा के 138 रन, शुभमन गिल के 77 और विराट कोहली के 74 रन की बदौलत 7 विकेट पर 360 रन बनाए। इंग्लैंड की जीत में पूर्व कप्तान जोस बटलर की आखिरी ओवरों में खेली गई 13 गेंदों में 41 रन की तूफानी पारी निर्णायक साबित हुई। उनकी इस पारी के दम पर इंग्लैंड ने अंतिम 5 ओवरों में 82 रन जुटाए। रोहित के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था।



### लॉर्ड्स में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने रोहित

रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में लॉर्ड्स में इतिहास रच दिया। वो इस मैदान पर वनडे इतिहास में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बैटर बने। ये रोहित के वनडे क्रिकेट करियर का 34वां शतक भी रहा साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ चौथा शतक भी रहा। यही नहीं इंग्लैंड की धरती पर वनडे में ये रोहित का 8वां शतक रहा। रोहित ने सचिन तेंदुलकर, सईद अनवर, एबी डिविलियर्स और क्विंटन डीकॉक का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित अब किसी विदेशी देश में सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। इससे पहले सचिन, अनवर, एबी और डीकॉक ने 7-7 शतक विदेशी धरती पर लगाए थे।

### लॉर्डस में पहली बार दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी

इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स के मैदान पर रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी के बीच 146 गेंदों में 147 रन की साझेदारी हुई। इससे पहले, इंग्लैंड की पारी में बेन डकेट/जैकब बेथेल और बेन डकेट/जो रूट की जोड़ी के बीच शतकीय साझेदारी हुई थी। ऐसा पहली बार है, जब लॉर्ड्स के मैदान पर दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी देखने को मिली। इंग्लैंड की पारी में बेन डकेट/जैकब बेथेल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 181 गेंदों में 192 रन जुटाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डकेट का एवं बो प्रिंस | 141 | 135 | 18 | 1 |
| बेथल का रोहित बो प्रसिद्ध | 91 | 93 | 11 | 2 |
| रूट नाबाद | 74 | 48 | 9 | 0 |
| बुक का कोहली बो प्रसिद्ध | 14 | 12 | 0 | 0 |
| बटलर नाबाद | 41 | 13 | 4 | 3 |

**अतिरिक्त:** 26
**कुल योग:** 50 ओवर में 387/3 रन
विकेट पतन: 1-192, 2-293, 3-324
गेंदबाजी: अर्शदीप 10-0-72-0, प्रसिद्ध 10-0-69-2, प्रिंस 10-0-79-1, बराड़ 10-0-97-0, अक्षर 10-0-61-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो बेथल | 138 | 110 | 17 | 5 |
| गिल पगबाधा रशीद | 77 | 84 | 10 | 1 |
| कोहली का ब्रूक बो कुरन | 74 | 60 | 4 | 3 |
| इशान का स्थानापन्न बो कुरन | 14 | 12 | 1 | 0 |
| अय्यर का स्थानापन्न बो कुरन | 00 | 3 | 0 | 0 |
| लोकेश राहुल बो आर्चर | 12 | 8 | 2 | 0 |
| अक्षर का जैक्स बो कुरन | 02 | 3 | 0 | 0 |
| गुरनूर बराड़ नाबाद | 18 | 14 | 1 | 1 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 15 | 6 | 3 | 0 |

**अतिरिक्त: 10**
**गेंदबाजी:** आर्चर 10-0-62-1, एटकिंसन 6-0-24-0, टंग 5-1-43-0, कुरन 10-0-75-4, रशीद 8-0-64-1, जैक्स 4-0-38-0, बेथल 7-0-49-1




## संग्राम बने 'स्ट्राइक एशिया' चैंपियन, आबिद अली को 80 सेकंड में हराया

**कुआलालंपुर।** भारत के दिग्गज पहलवान और मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) खिलाड़ी संग्राम सिंह ने पाकिस्तान के मोहम्मद आबिद अली को महज एक मिनट 20 सेकंड में नॉकआउट करते हुए 'स्ट्राइक एशिया' चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत-पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बहुचर्चित मुकाबले में संग्राम शुरुआत से ही पूरी तरह आक्रामक नजर आए। उन्होंने पहले ही दौर में सटीक और दमदार प्रहारों से आबिद अली को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने केवल 80 सेकंड में मुकाबला समाप्त कर खिताब जीतने के साथ एमएमए में अपने अपराजित पेशेवर रिकॉर्ड को भी बरकरार रखा। संग्राम ने कहा, 'यह जीत मेरे देश भारत के 147 करोड़ देशवासियों को समर्पित है।

मेजर लीग क्रिकेट 2026

## लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने जीता एमएलसी का खिताब




**ओकलैंड।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 के फाइनल में शाहरुख खान की मालिकाना हक वाली लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने इतिहास रच दिया। पहली बार फाइनल खेलने उतरी एलएकेआर ने रोमांचक मुकाबले में स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली वाशिंगटन फ्रीडम को सिर्फ एक रन से हराकर खिताब अपने नाम किया.

नाइट राइडर्स की टीम इस लीग में पहली बार फाइनल खेलने उतरी और उसने रोमांचक मैच में स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली वाशिंगटन फ्रीडम को एक रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। साल 2023 से शुरू होने वाली इस लीग के चौथे सीजन में अब नाइट राइडर्स पहली बार चैंपियन बनी, तो वाशिंगटन फ्रीडम को लगातार दूसरे सीजन फाइनल में हार मिली।

### नाइट राइडर्स ने 164 रन बनाए

ओकलैंड के मैदान पर नाइट राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। उसके लिए सलामी बल्लेबाज कॉलिन मुनरो ने 29 गेंदों में चार छक्कों से 40 रन, तो आंद्रे फ्लेचर ने 27 गेंदों में सात चौकों व एक छक्के से 47 रन की तेजतर्रार पारियां खेलीं। जबकि इसके बाद 21 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों से 39 रन मैथ्यू ट्रंप ही बना सके।

## 2 साल बाद जीता कोई टाइटल, यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया

# जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनीं सिंधू

एजेंसी ⏭ टोकियो

पीवी सिंधू ने जापान ओपन में शानदार आक्रामक बैडमिंटन खेलते हुए स्थानीय प्रबल दावेदार अकाने यामागुची को सीधे गेम में हराकर पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट का खिताब जीता। जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी 31 साल की सिंधू ने लगातार आक्रमण के साथ-साथ रणनीतिक अनुशासन और अहम पलों में संयम बनाए रखते हुए तीन बार की विश्व चैंपियन यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया और लगभग दो साल में अपना पहला खिताब जीता।

### यह जीत मेरे लिए बहुत अहम : सिंधू

सिंधू ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं, मेरे पास शब्द नहीं हैं क्योंकि पिछली जीत के बाद से 19 महीने बीत चुके थे।' उन्होंने कहा, ' मुझे लगता है कि यह जीत मेरे लिए बहुत अहम थी क्योंकि फाइनल में खेलना या वहां तक पहुंचना एक बात है लेकिन जीतना और पोडियम पर खड़े होकर स्वर्ण पदक पाना बिल्कुल अलग बात है।' सिंधू ने कहा, 'मैं खुश हूं कि मैं सकारात्मक स्थिति में हूं और मुझे लगता है कि इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं अपने कोच, माता-पिता, सहयोगी स्टाफ और निश्चित रूप से अपने पति की बहुत आभारी हूं।' सिंधू ने अपना पिछला खिताब 2024 में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय में जीता था। जापान ओपन की यह जीत 2019 में विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद उनकी सबसे बड़ी खिताबी जीत है।




### भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत से बनाया दबदबा

भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। उन्होंने खेल को शानदार ढंग से नियंत्रित किया और सिर्फ ताकत की जगह रणनीतिक खेल दिखाया। जब भी यामागुची ने वापसी की कोशिश की तो सिंधू ने इसका कड़ा जवाब दिया। मुकाबले में जबरदस्त स्मैश के साथ-साथ सिंधू का नेट पर सटीक खेल भी निर्णायक साबित हुआ।

### पीवी ने दूसरे गेम में बनाए रखी लय

सिंधू ने दूसरे गेम में भी अपनी लय बनाए रखी। 44 शॉट की एक और थका देने वाली रैली तब खत्म हुई जब यामागुची का शॉट बाहर चला गया। सिंधू ने लगातार छह अंक के साथ 8-3 की बढ़त बनाई। यामागुची ने वापसी करते हुए स्कोर 7-8 कर दिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। सिंधू ने अपनी बढ़त को 14-7 किया लेकिन जापान की खिलाड़ी ने एक बेहतरीन नेट शॉट, डीप फ्लैट पुश और भारतीय खिलाड़ी की कुछ गलतियों की मदद से अंतर को 12-14 कर दिया। नेट पर एक गलती ने यामागुची की लय तोड़ी। दो जोरदार स्मैश से सिंधू ने स्कोर 17-14 किया और फिर 19-17 तक पहुंचाया।

### सिंधू ने 36 शॉट की जबरदस्त रैली जीती

ब्रेक के बाद सिंधू ने 36 शॉट की जबरदस्त रैली जीतकर स्कोर 11-11 से बराबर कर दिया। एक जोरदार क्रॉस कोर्ट स्मैश से वह 13-12 से आगे हो गईं और फिर स्कोर 16-12 किया। जब स्कोर 17-15 था तब दोनों खिलाड़ियों के बीच 38 शॉट की शानदार रैली हुई, जिसमें यामागुची ने बेहतरीन डिफेंस का प्रदर्शन किया। इसके बाद सिंधू ने जापानी खिलाड़ी को बराबरी करने का मौका दे दिया। सिंधू ने क्रॉस कोर्ट स्मैश और यामागुची की गलती से स्कोर 19-17 किया। फिर यामागुची का शॉट नेट में उलझ गया, जिससे सिंधू को तीन गेम प्वाइंट मिले और फिर भारतीय खिलाड़ी ने कोने में सटीक शॉट खेलकर गेम जीत लिया।

## बांग्लादेश ने जीती टी20 सीरीज, तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराया

**बुलावायो।** बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई 3 टी20 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। रविवार को खेले गए तीसरे टी20 में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराकर बांग्लादेश ने टी20 सीरीज अपने नाम की। इस जीत से बांग्लादेश ने इस दौरे पर टेस्ट और वनडे सीरीज में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे की तरफ से सिर्फ 2 बल्लेबाज ही रन बना सके। अन्य बल्लेबाज 2 अंकों में प्रवेश नहीं कर सके। 144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को पहला झटका महज 4 के स्कोर पर लगा, जब सैफ हसन 4 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद तंजीद हसन के नाबाद 66, परवेज हुसैन इमोन के 24, और कप्तान तौहिद हृदय के 24 रन की बदौलत बांग्लादेश ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 144 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया। तंजीद ने परवेज हुसैन के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान तौहिद हृदय के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की अहम और मैच विजयी साझेदारी की।






हाउसफुल रही भारत भवन में प्रस्तुत 'कथा सियाराम की'

# 'कथा सियाराम की' ने अंतरंग रंगशाला में रचा भक्ति, सौंदर्य व शास्त्रीय नृत्य का अनुपम लोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन के संगीत केंद्र अनहद द्वारा आयोजित 'महिमा' श्रृंखला के अंतर्गत रविवार की सांस्कृतिक संध्या भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा, आध्यात्मिक संवेदना और कलात्मक वैभव की अद्भुत साक्षी बनी। पद्म विभूषण और डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा परिकल्पित एवं निर्देशित बहुचर्चित नृत्य-नाट्य प्रस्तुति 'कथा सियाराम की' ने सभागार में उपस्थित दर्शकों को भारतीय संस्कृति के उस भावलोक में पहुंचा दिया, जहां कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि साधना और आत्मानुभूति का माध्यम बन जाती है। यह प्रस्तुति श्री कामख्या कलापीठ के कलाकारों ने दी।

प्रस्तुति की विशेषता यह रही कि इसमें राम और सीता के चरित्र को केवल धार्मिक आख्यान के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन, मानवीय मूल्यों और आदर्शों की शाश्वत अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया। नृत्य की प्रत्येक मुद्रा, प्रत्येक भाव और प्रत्येक गतिभंगिमा कथा के भावपक्ष को गहराई से उद्घाटित करती चली गई। मंच पर शास्त्रीय नृत्य की अनुशासित भाषा और भावाभिनय का ऐसा संतुलन दिखाई दिया, जिसने प्रस्तुति को विशिष्ट कलात्मक ऊंचाई प्रदान की। संगीत, नृत्य और अभिनय का समन्वय इस प्रस्तुति का प्राण तत्व रहा। पारंपरिक रागों, लयबद्ध तालों और सशक्त वाचन के साथ कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। कहीं करुणा की कोमल अनुभूति थी तो कहीं मर्यादा, त्याग और धर्म की दृढ़ता का प्रभावशाली चित्रण। प्रत्येक दृश्य दर्शकों को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ता चला गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी अंतरंग सभागार में उपस्थित हुए, कला प्रेमियों की बढ़ती संख्या के कारण सभागार के बाहर हाउसफुल का बोर्ड लगाया गया।


भारत भवन में रविवार को नृत्य-नाट्य 'कथा सियाराम की' का मंचन करते कलाकार।

### इस तरह प्रभावी बनी प्रस्तुति

डॉ. सोनल मानसिंह की परिकल्पना की विशेषता यह रही कि उन्होंने शास्त्रीयता की गंभीरता को बनाए रखते हुए प्रस्तुति को सहज, संप्रेषणीय और सौंदर्यपूर्ण बनाया। कथा का प्रवाह और प्रसंग अपनी भावात्मक गहनता के साथ दर्शकों के मन में उतरता गया। प्रकाश संयोजन, लाइव म्यूजिक और वेशभूषा ने प्रस्तुति की कलात्मक गरिमा को और अधिक प्रभावशाली बनाया। इस प्रस्तुति में कलाकारों की साधना, अनुशासन और अभिव्यक्ति की परिपक्वता स्पष्ट दिखाई दी।

### श्रीराम स्तुति से हुआ आरंभ

प्रस्तुति का आरंभ श्रीराम स्तुति श्रीराम चन्द्र कृपाल भजुमन... की प्रस्तुति के साथ हुई। इस प्रस्तुति में कलाकारों के साथ साथ दर्शकदीर्घा में बैठे कलाप्रेमी भी स्तुति में सहभागी हुए। इसके पश्चात डॉ. सोनल मानसिंह ने स्टोरी टेलिंग के माध्यम से अश्वमेघ यज्ञ उपरांत भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म उत्सव को अवध में जन्में राम सलोना... रचना को प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने भगवान श्रीराम की बाल अठखेलिया, गुरु वशिष्ठ के प्राप्त की शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा, अयोध्या वापसी, मिथिला नगरी आगमन, सीता स्वयंवर, सियाराम विवाह, वन गमन, हनुमान मिलन, रावण वध के साथ एक के बाद एक दृश्यों को स्टोरी टेलिंग के माध्यम से आगे बढ़ाया।

### 'संकटमोचन हनुमानाष्टक' की भावपूर्ण प्रस्तुति

प्रस्तुति के समापन में गोस्वामी तुलसीदास रचित 'संकटमोचन हनुमानाष्टक' की भावपूर्ण नृत्य-अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार को भक्तिरस से आप्लावित कर दिया। नृत्य की सशक्त मुद्राओं, सूक्ष्म भावाभिनय और लयबद्ध गतियों के माध्यम से हनुमानजी की भक्ति, शक्ति और समर्पण का ऐसा सजीव चित्र उभरा कि दर्शक भाव-विभोर हो उठे। प्रत्येक दृश्य में कलाकारों की अभिव्यक्ति इतनी प्रभावशाली और आत्मीय थी कि उपस्थित जन स्वयं को मानो रामायण के दिव्य प्रसंगों का प्रत्यक्ष साक्षी अनुभव करने लगे।

डिंडोरी और कटनी के कलाकारों ने लोक वाद्यों की थाप पर दी प्रस्तुति

# सजी लोक संस्कृति की रंगीन शाम गेड़ी और बधाई नृत्य ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में रविवार को नृत्य, गायन और वादन पर केंद्रित 'संभावना' गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिंडोरी के सुखीराम मरावी एवं साथियों ने गोंड जनजाति का पारंपरिक गेड़ी नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि कटनी की ज्ञानेश्वरी नायडू एवं साथियों ने बुंदेलखंड का प्रसिद्ध बधाई नृत्य पेश कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

गेड़ी नृत्य गोंड जनजाति की पारंपरिक लोक कला है, जिसे मुरिया समाज में डिटोंग पाटाय भी कहा जाता है। यह नृत्य लकड़ी की गेड़ियों पर संतुलन बनाकर किया जाता है। इसमें गीत नहीं गाए जाते, बल्कि केवल तेज गति और लयबद्ध नृत्य होता है।



### इस नृत्य में केवल पुरुष कलाकार भाग लेते हैं

बुंदेलखंड का बधाई नृत्य जन्म, विवाह, तीज-त्योहार और मनौती पूरी होने जैसे शुभ अवसरों पर किया जाता है। इस नृत्य में महिला और पुरुष दोनों उत्साह के साथ भाग लेते हैं। मंचीय प्रस्तुति के दौरान गीतों के साथ ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी जैसे लोक वाद्यों की मधुर धुन ने माहौल को लोक संस्कृति के रंगों से भर दिया। कलाकारों की रंग-बिरंगी वेशभूषा, भाव-भंगिमाएं और तालमेल ने दर्शकों का मन मोह लिया।

विवि के कुलगुरु विजय मनोहर करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

# एमसीयू में सिनेमा, साहित्य एवं पत्रकारिता विषयक संकाय विकास कार्यक्रम आज से

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय तथा यूजीसी- मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र, अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में एक सप्ताह के ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम (फेकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम) का आयोजन 20 से 25 जुलाई तक किया जाएगा। एक सप्ताह तक चलने वाले इस ऑनलाइन कार्यक्रम का विषय 'सिनेमा, साहित्य और पत्रकारिता' है। एमसीयू की ओर से यह कार्यक्रम सिनेमा अध्ययन विभाग के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को सुबह 10:30 बजे विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी करेंगे।

# भोपाल की शतरंज खिलाड़ी कैरल का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल, बीएचईएल की कक्षा 9वीं की 14 वर्षीय छात्रा कैरल मैथ्यू कम उम्र में ही शतरंज की दुनिया में अपनी पहचान बना रही हैं। पिछले छह वर्षों से शतरंज का नियमित अभ्यास कर रहीं कैरल अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही हैं। कैरल ने बताया कि उन्हें बचपन से ही शतरंज खेलने का शौक रहा है। अपनी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने गुजरात, मुरैना, भोपाल और उदयपुर सहित कई शहरों में आयोजित शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। हाल ही में उन्होंने एक रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया, जहां उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने का अवसर मिला।




इन दिनों कैरल अगस्त में आयोजित होने वाले सीबीएसई शतरंज टूर्नामेंट की तैयारी में जुटी हैं। उन्हें विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भी वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी। उनका सपना राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भोपाल, मध्य प्रदेश और देश का नाम रोशन करना है।



# देव सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी ने चलाया पौधरोपण अभियान

### आम, जामुन, अमरूद और बेलपत्र सहित 20 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से देव सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी ने पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया, जहां संस्था के सदस्यों ने अनेक प्रजातियों के करीब 20 पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

संस्था की अध्यक्ष रितु माहेश्वरी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में सदस्य सच, ममता, रीमा गुप्ता, संगीता शर्मा, पूनम, राखी, अन्नू, सरोज सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान आम, जामुन, अमरूद और बेलपत्र के पौधों का रोपण किया गया। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और सुरक्षित भविष्य भी तैयार करते हैं।

तुलसी साहित्य अकादमी में काव्य संग्रह का विमोचन

# अनुगूंज एक उत्कृष्ट काव्य संग्रहः डॉ. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### रचनाकार में आदर्श समाज की एक कल्पना है, इसे साकार करने के लिए लेखक लिखता है: सुरेश पटवा

तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा सृजन श्रृंखला - 59 के अंतर्गत नितिन शर्मा नीति की पुस्तक 'अनुगूंज' का लोकार्पण एवं विमर्श का आयोजन डॉ.मोहन तिवारी आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्ष, तुलसी साहित्य अकादमी भोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंचस्थ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शरद व्यास ने सरस्वती वंदना का सस्वर पाठ किया। मंचस्थ अतिथियों के यथोचित स्वागत के बाद अभियंश शर्मा के सवागत उद्बोधन के बाद नितिन शर्मा नीति की कृति अनुगूंज काव्य संग्रह का लोकार्पण किया गया।

डॉ. मोहन तिवारी आनंद राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम के उत्कृष्ट संयोजन, गंभीरता पूर्वक पुस्तक समीक्षा तथा अतिथियों के उद्गारों की सराहन करते हुए कृतिकार के सृजन कौशल की सराहना करते हुए कहा कि आजकल इतनी सारगर्भित रचनाओं



नितिन शर्मा नीति की कृति अनुगूंज काव्य संग्रह का लोकार्पण करते हुए।

का सृजन देखने में कम ही आ रहा है। शर्मा के उत्तम और सफल प्रयास के लिए बधाई देते हुए कहा कि अभी तो ये शुरुआत है अभी तो आपको बहुत उत्तम लेखन करते हुए साहित्य में अपने नाम और काम की अमिट रेखा खींचनी है।

मुख्य अतिथि डॉ. विजय तिवारी किसलय ने लोकार्पित कृति की रचनाओं की सराहना करते हुए विदुषी लेखिका की कलम से निश्रृत रचनाओं की प्रसंशा करते हुए कहा कि हर रचना का शब्द संयोजन उत्कृष्ट है तथा रस, छंद, अलंकार तथा मुहावरों के प्रयोग ने रचनाओं में रोचकता भरी है। कार्यक्रम संयोजक सुरेश पटवा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी साहित्य का इतिहास काशी प्रचारिणी सभा की स्थापना से होता है। फिर प्रयाग से होता हुआ जबलपुर पहुंचता है। जबलपुर की साहित्यिक जमात को यहां पाकर और उनके उद्बोधन सुन दुष्यंत संग्रहालय धन्य हो गया। उन्होंने रचनाधर्मिता की महत्ता पर प्रकाश डाला कि रचनाकार के दृष्टिकोण में आदर्श समाज की एक कल्पना है। साहित्यकार उसे साकार होते देखना चाहता है। इस प्रक्रिया में वह घुटन से मुक्त होता है।"

# भोपाल में 27 को होगा संस्कृत नाटक 'नागानंदम्' का मंचन

**भोपाल।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में 27 जुलाई को संस्कृत नाटक 'नागानंदम्' का मंचन किया जाएगा। इस प्रस्तुति में देश के अलग-अलग राज्यों से आए रंगकर्मी और कलाकार भाग लेंगे। आयोजन विश्वविद्यालय के नाट्यशास्त्र अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र की ओर से किया जा रहा है।

परिसर निदेशक ने बताया कि विश्वविद्यालय संस्कृत नाटकों के नए प्रयोगों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी का उद्देश्य संस्कृत रंगमंच को देश-विदेश में नई पहचान दिलाना है। यदि संस्कृत के विद्यार्थी और शिक्षक लगातार इस दिशा में काम करते रहे, तो भारतीय संस्कृति का व्यापक प्रचार होगा। कार्यशाला के संयोजक प्रो. कृपाशंकर शर्मा ने बताया कि प्रतिभागियों को नाट्यशास्त्र के सिद्धांत और व्यावहारिक पक्ष का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केरल के प्रसिद्ध नाट्य विशेषज्ञ गिरीशन वी प्रशिक्षण दे रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930